* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, शनिवार 21 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 163

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



## वरिष्ठ पत्रकार, फोटोग्राफर, लेखक रवि प्रकाश का निधन

# रवि...मरते नहीं हैं...

शैलेंद्र वर्मा। रांची

बाबूमुशोय, जिंदगी और मौत ऊपर वाले के हाथ में है... उसे ना तो आप बदल सकते हैं ना मैं... हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं जिनकी डोर ऊपर वालों की उंगलियों में बंधी है...

मशहूर हिन्दी फिल्म के ये संवाद भीगी आंखों से जेहन में बार-बार उमड़ रहे हैं, क्योंकि भाई रवि प्रकाश नहीं रहे. वरिष्ठ पत्रकार, उम्दा फोटोग्राफर, लेखक...और साहस-जिंदादिली से भरा इंसान भले ही हमारे बीच नहीं रहा. मगर उन्होंने जिंदगी के प्रति जो नजरिया सबके सामने प्रस्तुत किया, वह अमर हो गया. वह सबके दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे. पूर्वी चंपारण (बिहार) के घोड़ासहन के रहने वाले रवि प्रकाश ने प्रभात खबर, दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, बीबीसी न्यूज इंडिया जैसे संस्थानों में अहम पदों पर योगदान देते हुए पत्रकारिता की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनायी. उन्होंने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर बिहार यूनिवर्सिटी से गणित विषय में स्नातक की पढ़ाई की थी. वे लंग कैंसर (स्टेज 4) से पीड़ित थे. वे 49 साल के थे. उनका प्रोग्रेशन ट्रीटमेंट चल रहा था. शुक्रवार को दिन के लगभग दो बजे इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली. रवि प्रकाश के करीबी अविनाश दास ने उनके निधन की पुष्टि की. उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस संबंध में जानकारी दी. उन्होंने लिखा कि हमारे पुराने मित्र, सहकर्मी और साहस से भरे हुए पत्रकार रवि प्रकाश नहीं रहे. वह कैंसर से लड़ रहे थे.



- लंग्स कैंसर स्टेज 4 से पीड़ित थे, मुंबई में इलाज के दौरान ली अंतिम सांस

जिंदगी कैसे जी जाती है, हमने उनसे सीखा है. आप हमारी जिंदगी में हमेशा शामिल रहेंगे दोस्त अलविदा मेरे प्यारे भाई! उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है. उनका पार्थिव शरीर शनिवार सुबह विमान से रांची लाया जाएगा, क्योंकि अभी वे रांची में ही रह रहे थे. उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी है. सभी लोग सोशल मीडिया और फोन के जरिये उनके निधन पर संवेदना जता रहे हैं और उनकी स्मृति साझा कर रहे हैं. साथ ही कैंसर से लड़ने के उनके साहस की खास तौर से चर्चा कर रहे हैं.

स्टेज 4 कैंसर की 6 माह जिंदगी को उन्होंने लगभग चार सालों तक जीया. और इस जिंदगी को ऐसा जीया कि वे सबके दिलों में बस गए और साहस-जुझारूपन, जिंदादिली की प्रतिमूर्ति बन गए. उन्होंने संघर्ष में जिंदगी जीने की प्रेरणा दी. मौत करीब हो, मगर जबतक जिंदगी है, उसे भरपूर जीने का जज्बा सिखाया.

**18 सितंबर को अपना आखिरी पोस्ट डाला था :** रवि प्रकाश सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते थे. अपने स्वास्थ्य और दुनिया भर के समाचारों से सबको रूबरू कराते रहते थे. अपनी सेहत की हर अपडेट देते थे. बीते 18 सितंबर को भी एक पोस्ट डाला था. इसमें उन्होंने लिखा था...कैंसर की राह थोड़ी कठिन होती जा रही है. सुबह क्रूर था. डॉक्टर परिस्थितियों को ठीक कर रहे हैं. ऑक्सीजन सपोर्ट से थोड़ी राहत मिली है. आगे देखते हैं...

**इसी महीने अमेरिका में पेशेंट एडवोकेसी एडुकेशनल अवॉर्ड से हुए थे सम्मानित**

अमेरिका के सैन डियेगो कन्वेंशन सेंटर में बीते सात सितंबर को आयोजित वर्ल्ड लंग्स कैंसर कॉफ्रेंस 2024 में उन्हें पेशेंट एडवोकेसी एडुकेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था. बीते जून में उनकी बीमारी बढ़कर दिमाग में भी आ गयी थी. इसके बाद उन्होंने पुरानी दवाइयां जो चल रही थीं, उसे बंद कर दिया गया था. इसकी वजह से उनकी बीमारी फिर से प्रोग्रेस कर गयी. पिछले डेढ़ महीने से मुंबई में उनकी कार-टी सेल थेरेपी चल रही थी. अभी तक उन्हें गामा-डेल्टा सेल के तीन इन्फ्यूजन दिये जा चुके थे. चौथे इन्फ्यूजन के लिए वे मुंबई के अस्पताल में भर्ती थे.



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया**

रवि प्रकाश के निधन पर राज्यभर में शोक की लहर है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उनके निधन पर शोक जताया है. उन्होंने कहा कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं. आप बहुत याद आयेंगे रवि भाईउनका जाना झारखंड की पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है. उन्होंने उनके परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है.

## ई देखिए, ई हैं गुटुवा के लाले लाल निकल आये कुईयां से, टरटराए लगे हैं

संजय सिंह

देश की बड़की पार्टिया में एक से बढ़ कर एक कलाकार नेताजी लोग पंजा लड़ावे ला बेचैन हैं. इनमें से कईगो का तो उनकी पार्टी के लोग ही नाम तक नहीं जानते हैं. लेकिन चुनाव आते ही इन लोग टिकट ला हांफे लगता है. रांची से दिल्ली एक कईले रहता है. बड़का-बड़का नेताजी लोग आगे पीछे घुरियाइल रहता है. मुर्गा-मछली -भात के पार्टिया खूबे देले रहता है. लेकिन पांच साल केने घुसाइल रहते हैं, बुझाइबे नहीं करता है, चुनाव आते ही कुआं से बाहरे निकल कर टरटराए लगता है. अब देखिए पंजा पार्टिया के प्रत्याशी लोग के स्क्रीनिंग करेला तीन-चार गो दिल्लीवाले नेताजी लोग झारखंड आइल थे. देर रात तक पंजा लडाव़े ला बेचैन नेताजी लोग से बितायाइले थे. पानी-बुनी में भींग-भींग के नेताजी लोगन देर रात तक बायोडाटा लेले के दिल्ली से आइल नेताजी लोगन के सामने अपन पीठिया खुदे थफथपाइले था. दिल्ली वाला नेताजी ललोगन से मिले ला पंजा पार्टिया के कुछ आउटडेटेड नेताजी लोग भी दु-चार गो समर्थक साथे पहुंचल था. एगो पुरनका नेताजी को पंजा के चलती के समय विधायक सुख पा लीहिन थे, ऊहो पहुंचल थे. जवानी जिंदावाद वाला नेताजी लोगन धक्का-मुक्की कईले था, ई ओल्डमैन नेताजी साइड धरले थे, लेकिन जवानी जिदाबाद वाला लोग घासे नई डाल रहीस था. हंसते हुए कहते हैं- अरे ई सब तो अइसे ही नाटक हो रहल है. इ लोग जे बायोडाटा लेले हैं, ऊ सब इध्रे पेंक जाएगा. असल केला तो दिल्लीए में होगा. ऊपरे जेकर जईसन सेटिंग, ऊहे टिकटवा हथिया के ले आवेगा. चुनाव आया है, तो पंजा लड़ावेवाली पार्टिया में एगो अइसन नेताजी हटिया बाजार देने घूमे लगल हैं, जेकरा पार्टिया के लोग ठीक से जानबे न करता है. पार्टी का एगो ऑफिस है, श्रद्धानंद रोड में. शायद ऊ बरसाती मेंढक नेताजी को ईहो पता न होगा. काहें कि ऊ कथित नेताजी के कोई कभी पार्टी दफ्तरवा में देखबे नहीं किया है. पार्टी में लोग कहे लगा है कि ऊ नेताजी के एचईसी आवासीय परिसर में ससुरार है, तो वहीं रहे वाला एगो बड़का नेताजी के आगे-पीछे पैडल मारले रहते हैं. ऊ भी चुनाव के वक्त. पार्टिया में लोग कहता है कि ऊ नेताजी जमींदारो हैं. लोकल हैं, ढेरे जमीन के मालिकान हैं, जमीन बेच-बेच के मालामाल हो गईल हैं. बैंक्वेट हॉल और न जाने कितना कुछ हैं. अब भाई से पास ढेरे पइसवा हो गिया है, तो प्रेम का प्रकाश फैइलावे के नाटक करेला तइयारे बइठल हैं. भाई जी के बिना कुछ कईले पंजा लड़ावे लगी हांफले हैं. लेकिन भाई प्रेम जी के कोई बता दीहिस कि भाई ईहां पंजवा लड़ावे लगी खाली प्रकाश फैलावे से कुछ न होवे वाला है. पार्टी-शार्टी तो देवेहीं पड़ेगा, मालो पत्तर खरचा करे पड़ेगा. नया-नया भादो भदवारी में पानिया बरसे लगा, कुओं ओवरप्लो हुईस तो नेताजी ऊपरा गिये, बारिश के पानिया साथे बह कर निकल आये. तो टरटराइले हैं. लोकल-वोकल का-का तो बोल लगे हैं. हाले में पंजा लाड़ावेवाली पार्टिया के ढेरे बड़का-बड़का नेताजी लोगन का जुटान हुईस था, तो ई लाइटिंग करेवाले प्रेम भैया जी को मौका मिल गईस. चूंकि इनके पइसवा है, तो इनके आगे-पीछे भी ढेरे मल्लू-भल्लू लोग कईले रहता है. ऊ लोग लाइटिंग वाले प्रेम भाई के सजेस्ट कर दीहिन... हुजूर अपने बैंक्वेट हालवा में पंजा पार्टियावाला बड़का नेताजी लोगन के मीटिंग ला मुफ्तखोरी के इंतजामात कर दीजिए, कुछो न कुछो तो फायदवा होबे करेगा. फिर का था, लाइटिंग मैन नेताजी ने झट से मछरी-भातवाली पार्टिया की व्यवस्था कर दी. पार्टी के बड़का नेताजी लोगन के छक के मछरी-भात खिला दीहिन, फिर धीरे से कानावा में फुसके लगे, ख्याल रखिएगा मालिक.. हमहूं हटिया के बाजार में धमाल मचावल चाहते हैं. हालांकि ई लाइटिंग मैन नेताजी एगो पुरनका मंत्री जी के आगे ढेरे हाफॉडीप देले हैं. अपने लग्गू-भग्गू लोगन के साथे रोज पार्टी-शार्टी कईले हैं... कहले हैं, तनिको कोई सहाय बन जाए, तो बाजिया तो मारिए लेवेंगे. अब लग्गू-भग्गू लोगन के का है, खाए-पीए के इंतजाम होइए जा रहल है, शामो रंगीन होईए रहल है, तो नेताजी के जिंदाबाद करे में का हरजा है.

**चुनावी चकल्लस**



## गंदा पानी बड़ा तालाब में न जाए, ये सुनिश्चित करे नगर निगम : हाईकोर्ट

**रांची।** जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. शुक्रवार को हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी भी भवन का गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए. इसके साथ ही अदालत को निगम ने यह जानकारी दी कि हिनू नदी के किनारों से अतिक्रमण हटाने की दिशा में सिंगल बेंच से आदेश आने के बाद कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि रांची के बड़ा तालाब व जिले के आसपास के जलस्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम व धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों द्वारा हड़प ली गई है और वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

# हाईकोर्ट ने गृह सचिव से पूछा- क्यों नहीं हुआ आदेश का पालन

संवाददाता। रांची

जेपीएससी के द्वितीय बैच की सेवा संपुष्टि और प्रमोशन के लिए शिवेंद्र कुमार द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल रिट याचिका दायर पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने गृह सचिव को यह बताने को कहा है कि अदालत के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया. कोर्ट ने गृह सचिव को निर्देश दिया है कि वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कोर्ट को जानकारी दें. इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश के साथ खिलवाड़ न किया जाए. दरअसल शिवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2008 में डीएसपी के पद पर हुई थी. शिवेंद्र का अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा. वर्ष 2008 में द्वितीय जेपीएससी परीक्षा पास कर शिवेंद्र डीएसपी बने थे. बाद में द्वितीय झारखंड पब्लिक सर्विस नियुक्ति की सीबीआई के द्वारा जांच की गई थी.

## पूजा सिंघल की बेल पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

संवाददाता। रांची

निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) विशेष कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. ईडी और बचाव पक्ष दोनों ओर से बहस पूरी हो गयी है. इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की. पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की.

**पांच मई को ईडी ने पूजा सिंघल सहित अन्य के 25 ठिकानों पर की थी छापेमारी :** बता दें कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल सहित अन्य के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ कैश बरामद किया गया था. छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे, अचल संपत्ति और अन्य जगहों पर निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी.

## चार्जशीटेड सौरव को बेल देने से सिविल कोर्ट का इंकार

विधि संवाददाता। रांची

**सेना भूमि घोटाला**

रांची सिविल कोर्ट ने सेना के कब्जेवाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े बरियातू थाना में दर्ज केस के चार्जशीटेड आरोपी सौरव कुमार उर्फ सौरव बर्नवाल को जमानत देने से इनकार कर दिया है. सौरव ने जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है. प्राथमिकी की जांच पूरी करते हुए पुलिस ने पिछले सप्ताह सौरव कुमार समेत पांच के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी. चार्जशीट दाखिल होने के बाद सौरव ने जमानत याचिका दाखिल की थी. पुलिस ने अफसर अली के साथ मो. सद्दाम हुसैन, इम्तियाज खान उर्फ इम्तियाज अहमद, फैयाज खान एवं सौरव कुमार उर्फ सौरव बर्नवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है.

## 'मोरहाबादी से जिन्हें हटाया गया, उन्हें दुकान कब तक देंगे'

**रांची।** मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने नगर निगम से पूछा कि फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए अब तक क्या किया गया. जिसपर नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिस जगह पर दुकानदारों को बसाया जाना था, वहां पर टाना भगतों का कब्जा है. इसपर कोर्ट ने यह जानना चाहा कि जिनका कब्जा है उसे हटाने के लिए निगम ने अब तक क्या किया. अदालत ने इन बिन्दुओं पर नगर निगम से 18 अक्टूबर तक जवाब मांगा है. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत की अदालत में हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की.

## परिवर्तन यात्रा के नाम पर सिर्फ नाटक कर रही भाजपा : कैलाश

**कहा- भाजपा का मतलब बड़की झूठी पार्टी, भारतीय जुमला पार्टी**

संवाददाता। रांची

प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि भाजपा परिवर्तन यात्रा के नाम पर सिर्फ नाटक कर रही है. भाजपा की विचारधारा और नीति- सिद्धांतों को राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता ने नकार दिया है. राज्य के लोगों के बीच भाजपा की विश्वसनीयता नहीं रही. देश- प्रदेश में भाजपा का मतलब बड़की झूठी पार्टी, भारतीय जुमला पार्टी है, जो सौहार्द बिगाड़ने व धार्मिक ध्रुवीकरण करने के लिए कुख्यात पार्टी बन कर रह गई है. झारखंड में ओबीसी का आरक्षण 27 फीसदी से घटाकर 14 फीसदी और अनुसूचित जाति का 14 से घटाकर 10 फीसदी करने का काम भाजपा ने ही किया है, जिस कारण आरक्षण के लाभ से वंचित अब तक 20 लाख युवा बेरोजगार हो गए और उनका भविष्य बर्बाद हो गया. इसलिए भाजपा नेताओं को बहुसंख्यक वर्ग और राज्यवासियों से माफी मांगनी चाहिए. राजद अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को राज्य की जनता ने वर्ष 2002 से ही खारिज कर दिया है.

इनका योगदान और परिचय राज्य में नफरत फैलाने, दलितों-पिछड़ों व अति पिछड़े, आदिवासी अल्पसंख्यक समाज के बीच सिर्फ ध्रुवीकरण की बात कर माहौल बिगाड़ने का रहा है. यादव ने कहा कि वर्ष 15 नवंबर 2000 को झारखंड निर्माण के बाद अबतक के 24 साल के दौरान भाजपा ने लगभग 17 वर्ष सत्तासीन होकर शासन किया है. परोक्ष और अपरोक्ष रूप से सहयोगी दल आजसू, जदयू भी समय दर समय सत्ता में रहे हैं. इसके बावजूद भाजपा ने राज्य को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया है. अब 2019 से 2024 तक महागठबंधन के नेतृत्व में हेमंत सरकार लगातार जनहित व जनसरोकार के काम कर रही है, तो हर मोर्चे पर फेल भाजपा राज्य में चुनावी यात्रा निकाल रही है, यह परिवर्तन यात्रा नहीं बल्कि प्रायश्चित यात्रा है.

## 15 सूत्री मांगों को लेकर रसोईया संघ ने दिया धरना

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ ने मोरहाबादी के बापू वाटिका के सामने एक दिवसीय धरना दिया. संघ की महिलाओं ने 10 हजार मासिक वेतन सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. धरने पर बैठी अनिता देवी, रीना देवी, भुंडा बासकी ने कहा कि झारखंड में लगभग 80 हजार रसोईया काम कर रही हैं. रसोईया संघ की महिलाएं राज्य के 30-32 हजार सरकारी स्कूलों में बच्चों (कक्षा 6 से 8) को खाना बनाकर खिलाती हैं. 12 महीने सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक काम करना पड़ता है. लेकिन इसके एवज में हर माह सिर्फ दो हजार ही मिलते हैं. वह भी चार-पांच महीना बाद वेतन दिया जाता है.

उनका कहना है कि इस काम में न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है. महिलाओं का कहना है कि एक तरफ सरकार मंईयां योजना ते तहत बिना किसी काम के महिलाओं को एक हजार महीना दे रही है. वहीं दूसरी तरफ काम करने के बाद भी रसोइयों का मानदेय नहीं बढ़ाया जा रहा है.



धरना में शामिल लोग.

**ये हैं मांगें**

- रसोइया बहनों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाये.
- हर माह 10 हजार मासिक वेतन दिया जाये.
- रसोईयों को हर माह समय पर मानदेय का भुगतान किया जाये.
- न्यूनतम मानदेय 21 हजार किया जाये.
- ड्रेस कोड लागू कर साल में दो सेट कॉर्टन साड़ी दिया जाये.
- दुर्घटना बीमा सुनिश्चित की जाये.
- रिटारमेंट के बाद पेंशन लागू की जाये.
- मध्याह्न भोजन बनाने में परेशानी को हल करने के लिए हेल्प डेस्क बनाया जाये.
- मध्याह्न भोजन बनाने और सुरक्षित रखने के लिए जरूरत के अनुसार बर्तन और पानी की व्यवस्था की जाये.

## बंगाल सीमा पर वाहनों को रोकने पर भड़के मरांडी, कहा-हो रही असंवैधानिक कार्रवाई

### झारखंड सरकार पर भी उठाये सवाल, पूछा- मुख्यमंत्री हेमंत चुप क्यों हैं

संवाददाता। रांची

पश्चिम बंगाल में आये बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराते हुए झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही को अगले तीन दिनों तक रोक दिया है. इसकी वजह से धनबाद के निरसा और रांची से सटे पुरुलिया बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट कर इस कार्रवाई को असंवैधानिक करार दिया है. उन्होंने झारखंड सरकार पर भी सवाल उठाया है. कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप क्यों हैं? बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जब ज्यादा बारिश होती है, तो झारखंड को पानी छोड़ना ही पड़ता है, यह एक सामान्य प्रक्रिया है. इसे लेकर वाहनों को रोका जाना कहीं से भी जायज नहीं है.

मरांडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तानाशाही से झारखंड का जन-जीवन तो अस्त-व्यस्त हो ही रहा है, साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है. क्या नेशनल परमिट वाले वाहनों को पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के लिए अलग से परमिट लेना पड़ेगा. बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार ने आज तक झारखंड में जितने भी डैम बनाये हैं, उनमें झारखंड की जमीन गयी है. झारखंड के लोग विस्थापन का शिकार हुए,

**क्लासिफाइड**



















**विधानसभा चुनाव** सिमडेगा विधानसभा सीट का आकलन

## कांग्रेस और झापा के लिए फैक्टर रही है झारखंड पार्टी

प्रवीण कुमार। रांची

सिमडेगा विधानसभा सीट पर कभी झारखंड पार्टी का कब्जा हुआ करता था. अब पार्टी को अपना वजूद को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. सिमडेगा विधानसभा सीट पर अब कांग्रेस और भाजपा के बीच मुख्य मुकबला देखा जाता है. बदले राजनीतिक परिदृश्य में अब एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है. ऐसे में झारखंड पार्टी सिमडेगा में क्या चुनाव को त्रिकोणीय बना पाती है. यहां चुनाव परिणाम आने के बाद ही मालूम चलेगा. सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र महिला हॉकी खिलड़ीयों का नर्सरी के रूप में पहचाना जाता है. हॉकी को बढ़ावा देने के लिए विधानसभा के शहरी क्षेत्र में किये गये एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के निर्माण से विदेशों में भी इसकी साख बढ़ी है. पलायन इस क्षेत्र की बड़ी समस्याओं में से एक है.

**क्या हैं विधानसभा के मुद्दे :** आदिवासी बहुल सिमडेगा विधानसभा सीट पर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति काफी दयनीय है. इलाके में सरकारी योजनाएं राज्य के अन्य जिलों की तरह ही चलती हैं, लेकिन उसकी गुणवत्ता के मामले में फिसड्डी ही रहा है. वर्षों से जिले की पहचान पलायन करने वाले इलाके के रूप में रही है, जो आज भी कायम है. पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा की बदहाली चरम पर है. अगर आपको सरकारी अस्पतालों में हल्की सर्दी बुखार व हल्की खरोंच जख्म का इलाज कराना ही हो, तो तत्काल मरीज को रेफर कर दिया जाता है.

**बदस्तूर जारी है पलायन :** सिमडेगा में पलायन बड़ी समस्या है. रोजगार का कोई संसाधन उपलब्ध नहीं कराया जा सका है. कोई फैक्ट्री भी नहीं है. रोजगार के कोई बड़े साधन नहीं हैं. जिस कारण काफी संख्या में मजदूर महानगरों की ओर पलायन करते हैं.

**पिछले चार चुनाव में प्रमुख दलों को कितने मिले वोट**

| | |
|---|---|
| **2005** | |
| कांग्रेस निएल तिर्की | 47230 |
| भाजपा के निर्मल बेसरा | 38119 |
| निर्दलीय लिबनुस टेटे | 6388 |
| **2009** | |
| भाजपा की विमला प्रधान | 38476 |
| कांग्रेस निएल तिर्की | 37363 |
| झापा एनोस एक्का | 18252 |
| **2014** | |
| भाजपा विमला प्रधान | 45343 |
| झापा मेनन एक्का | 42149 |
| कांग्रेस बेंजामिन लकड़ा | 20601 |
| **2019** | |
| कांग्रेस भूषण बड़ा | 60651 |
| भाजपा एस बेसरा | 60366 |
| झापा रेजी डुंगडुग | 10753 |

| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 33.8 | 26.4 |
| जमशेदपुर | 36.1 | 25.5 |
| डालटनगंज | 33.8 | 24.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, शनिवार 21 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 163 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज गढ़वा में करेंगे परिवर्तन यात्रा का आगाज

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को गढ़वा के श्री बंशीधर नगर में पलामू प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज करेंगे. एसपी दीपक पांडेय ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल गोसाईबाग मैदान पहुंच कर



व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह को कई आवश्यक निर्देश दिये. वहीं चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री सबसे पहले श्री बंशीधर नगर में दर्शन करेंगे. उसके बाद परिवर्तन यात्रा में भाग लेंगे. इस दौरान जनसभा को भी संबोधित करेंगे. परिवर्तन यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है.सुनील सिंह ने कहा कि परिवर्तन यात्रा से भाजपा सभी वर्गों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करेंगी.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70,150 |
| चांदी (किलो) | 91,000 |

## ब्रीफ खबरें

### ममता ने हठ छोड़ा 23 घंटे बाद खुला बॉर्डर

**रांची।** आखिरकार 23 घंटे बाद पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने अपना हठ छोड़ा और शुक्रवार की शाम 6:30 बजे झारखंड के लिए बॉर्डर खोल दिया गया. इसके बाद सीमा पर खड़े हजारों भारी वाहनों ने बंगाल में प्रवेश किया. मालूम हो कि सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को बंगाल में आई बाढ़ के लिए झारखंड के डीवीसी डैमों को जिम्मेदार मानते हुए अपने राज्य से सटे बॉर्डर को तीन दिन तक सील करने की घोषणा कर दी थी. इसके बाद बंगाल पुलिस ने झारखंड से जाने वाले वाहनों को रोक दिया था. इसके जबाब में भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी के समर्थकों ने भी पश्चिम बंगाल के वाहनों को झारखंड में आने से रोक दिया.

### नवंबर-दिसंबर में होंगी 35 लाख शादियां

**मुंबई।** देश में इस साल नवंबर से दिसंबर के बीच 35 लाख से ज्यादा शादियां होने का अनुमान है. इसमें करीब 4.25 लाख करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है. देश में हर साल एक करोड़ शादियां होती हैं. इस साल शादियों में 130 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है और करोड़ों रोजगार के अवसर पैदा होंगे. सीएआईटी की ओर से जारी सर्वे में बताया गया कि 2024 में 15 जनवरी से लेकर 15 जुलाई तक इंडस्ट्री में 42 लाख से ज्यादा शादियां देखने को मिलीं.

### मेदिनीनगर में होटल से 90 लाख बरामद

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को एक होटल से रेड के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 90 लख रुपए कैश बरामद किए हैं. व्यक्ति की पहचान बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले सदन यादव के रूप में की गई है. पुलिस व्यक्ति से पूछताछ कर रही है. हालांकि, उसका कहना है कि वह स्वर्ण व्यवसाई है. पुलिस सदन यादव द्वारा बताई गई बातों का सत्यापन कर रही है. मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गई है.

### शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में शुक्रवार का कारोबारी सत्र ऐतिहासिक रहा. सत्र के अंत में सेंसेक्स 1,359.51 अंक या 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,544 और निफ्टी 375 अंक या 1.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,790 पर था. निफ्टी बैंक 755 अंक या 1.42 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड हाई 53,793 पर बंद हुआ. निवेशकों ने 6.36 लाख करोड़ रुपए कमा लिए.

- पेज 11 भी देखें

### जमुआ और भोगनाडीह से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज

# झारखंड से घुसपैठियों को चुन-चुन कर भगाएंगे: शाह

**बोले गृह मंत्री**

- हेमंत सोरेन ने जन कल्याण नहीं घुसपैठिया कल्याण किया है
- भ्रष्टाचारी सरकार हटाकर भ्रष्टाचार रोकने वाली सरकार बनानी है
- हेमंत सोरेन बताएं ये सरकार आदिवासियों की है या रोहिंग्या घुपसैठियों की

**शुभम संदेश टीम। गिरडीह/साहिबगंज**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को साहिबगंज जिले के भोगनाडीह और गिरिडीह के जमुआ से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज किया. इस मौके पर अमित शाह ने साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा झारखंड में भ्रष्ट और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाकर राज्य का विकास करने वाली भाजपा की सरकार बनाने का संदेश घर-घर पहुंचाएगी. राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर वापस भेजेंगे, यह हमारा वादा है.

उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य सिर्फ हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार को हटाकर भाजपा को लाना नहीं, बल्कि झारखंड में एक ऐसी सरकार बनाना है, जो भ्रष्टाचार को रोके और बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां से बाहर भेज सके. आज झारखंड के पाकुड़ जिले में हिंदुओं और आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं. मैं पूछना चाहता हूं कि ये भूमि हमारे आदिवासियों की है या बांग्लादेशी-रोहिंग्या की? हमें इस धरती को बचाना है और यह काम हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार कभी नहीं कर सकती क्योंकि घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं. यह काम सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार ही कर सकती है. अमित शाह ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार के साथ इसकी जांच के लिए एक कमेटी बनाएगी. झारखंड का निर्माण अटल की सरकार ने किया था. इसके पीछे का उद्देश्य जनकल्याण था, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने जनकल्याण की जगह घुसपैठिया कल्याण वाला राज्य बना दिया.



साहिबगंज के भोगनाडीह में भाजपा की परिवर्तन को झंडी दिखाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह.

### यात्रा हर गांव, हर घर तक पहुंचेगी

शाह ने कहा यह परिवर्तन यात्रा झारखंड के हर गांव, हर घर तक पहुंचेगी और परिवर्तन का संदेश देगी. यह परिवर्तन झामुमो हटाकर बीजेपी की सरकार लाने का परिवर्तन नहीं है. भ्रष्टाचार करने वाली सरकार हटाकर भ्रष्टाचार रोकने वाली सरकार लाने का हम परिवर्तन चाहते हैं. आदिवासियों की भूमि, आदिवासी के बेटियों और आदिवासियों के संस्कार को घुसपैठियों के हाथ तबाह करने वाली सरकार को हटाकर चुन-चुन कर घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने वाली सरकार बनानी है. शाह ने कहा कि झारखंड के आदिवासी युवा देश भर में रोजगार के लिए जाते हैं. जो सरकार यहां रोजगार दे हम उसे लाना चाहते हैं. हम मुख्यमंत्री नहीं झारखंड को बदलना चाहते हैं.

### हेमंत ने एक भी वादा नहीं किया पूरा

हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा कि इन्होंने वादा किया था कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देंगे, लेकिन युवा बताएं कि क्या उन्हें नौकरी मिली? सच तो यह है कि उन्होंने युवाओं को नौकरी देने की जगह ऐसा नियम लागू किया कि दौड़ लगाते-लगाते युवाओं की मौत हो रही है. इसी तरह राज्य की विधवा बहनों को इन्होंने हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन यह राशि किसी को नहीं मिली. झारखंड की सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यहां एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं. एकेडमिक काउंसिल, जूनियर इंजीनियर, लैब असिस्टेंट, नगरपालिका, ग्रेजुएट लेवल की नौकरी और जेपीएससी के पेपर लीक हुए. सच तो यह है कि यहां पैसा लेकर पेपर बांटे जा रहे हैं. भाजपा की सरकार बनते ही पेपर लीक के तमाम मामलों में सख्त कार्रवाई होगी.

### देश की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार

शाह ने कहा कि हेमंत सरकार ने वादा किया था कि विधवा बहनों को 2500 रुपए देंगे, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना था. 5 लाख नौकरियों का वादा था. क्या यह सब मिला? इस सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी नहीं किया. झारखंड की हेमंत सरकार देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी सरकार है. किसी ने 350 करोड़ एक साथ देखा है क्या. इतना पैसा धीरज साहू के घर से मिला. इस सरकार ने 600 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला, 40 करोड़ का शराब घोटाला किया. सेना की जमीन खा गये. ये सरकार आदिवासियों को भला कर सकती है क्या. भला करने का काम हमारी सरकार कर सकती है.

### कैबिनेट के निर्णय : अनुबंध कर्मियों पर सरकार मेहरबान

# डीए 16 प्रतिशत बढ़ा

- किसानों पर सरकार फिर मेहरबान, न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावे सरकार प्रति क्विंटल देगी 100 रुपए बोनस

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य के करीब 20 हजार अनुबंध कर्मियों पर हेमंत सोरेन सरकार मेहरबान है. सरकार ने अनुबंध कर्मियों का मंहगाई भत्ता 24 से बढ़ा कर 50 प्रतिशत तक कर दिया है. यह अलग-अलग ग्रेड पे के कर्मियों के लिए अलग दर से मिलेगा. इससे जुड़े प्रस्ताव पर शुक्रवार को हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान की गयी. इस निर्णय के बाद पूरे राज्य के अनुबंध कर्मियों ने प्रोजेक्ट भवन में उनका अभिनंदन और आभार प्रकट किया. इधर सरकार ने एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में राज्य के किसानों से धान खरीद के लिए 100 रुपए प्रति क्विंटल अधिक बोनस देने का निर्णय लिया गया. इस साल 6 लाख मीट्रिक टन अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है. वित्तीय वर्ष 2024 25 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान के लिए 2300 रुपए प्रति क्विटल और इससे ऊपर धान के लिए 2320 पर प्रति क्विटल रखा गया है. इसमें 100 रुपए बोनस मिलेगा. इसके अतिरिक्त सरकार 29604 जल सहिया को डीबीटी के माध्यम से 12000 लागत की स्मार्टफोन देने देगी. इसके लिए 34 करोड़ 40 लख रुपए खर्च आएगा.

**पेंशन भोगियों का डीए बढ़ा :** राज्य की पुनरीक्षित पेंशन और पारिवारिक पेंशन भोगी के डीए 234 से बढ़ा कर 239 किया गया. वही रात आप निरीक्षित राज कर्मियों का डीए 427 से बढ़कर 443% किया. इसका नाम एक जनवरी 2024 से मिलेगा.

**शहरी निकाओं में 107 इंजीनियर संविदा पर बहाल होंगे :** नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन शहरी स्थानीय निकायों में संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त करने के लिए 107 कनीय अभियंताओं को विभाग के आनुषंगिक इकाइयों निदेशालय के अधीन शहरी स्थानीय निकाय, झारखंड राज्य आवास बोर्ड, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, झारखंड खनिज विकास प्राधिकार जुडको लिमिटेड में संविदा के आधार पर सेवाएं प्राप्त किए जाने की स्वीकृति दी गई.

**बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रिंग रोड तक बनेगा फोरलेन सड़क :** हेमंत सरकार ने रांची के विकास एवं यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट (हुंडरू) से वाया हेथू-भाया चंदनघासी से रिंग रोड तक की सड़क को फोर लेन बनाएगी. जिसकी कुल लंबाई 6.950 किमी होगी. इसकी कुल लागत 280 करोड़, 60 लाख आएगी. इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में कुल 36 प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गयी.

### जल सहियाओं को मिलेंगे स्मार्ट फोन खरीदने के लिए 12 हजार रुपए कैश



सीएम हेमंत सोरेन का आभार जताते अनुबंधकर्मी.

### कैबिनेट के अन्य निर्णय


- **बिरसा चौक रांची से धुर्वा गोल चक्कर और धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट भवन तक सड़क निर्माण के लिए 47 .33 करोड़ की रिवाइज प्राक्कलन की स्वीकृति दी गई .**
- दुमका बाईपास के 4 लेन बनाने के के लिए 97 करोड़ 5 लाख की योजना की रिवाइज स्वीकृति दी गई .
- **धनबाद में आरएसपी कॉलेज के नए भवन निर्माण के लिए 67 करोड़ की योजना स्वीकृति दी गई .**
- फार्मेसी कॉलेज बरियातू में बी फार्मा की पढ़ाई के लिए 32 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई .
- **बोकारो में राजकीय पॉलिटेक्निक के पुनर्निर्माण इत्यादि के लिए 45 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई .**
- बोकारो में नव निर्मित अभियंत्रण कॉलेज, गोड्डा नवनिर्मित अभियंत्रण कॉलेज को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के रूप में संचालन की स्वीकृति दी गई .
- **जनगणना 2009 के नियम में संशोधन किया गया .**
- ज्ञानोदय योजना अंतर्गत 291 उच्च उच्चतर महाविद्यालय में अतिरिक्त स्मार्ट क्लास संचालित करने की स्वीकृति दी गई .
- **पथ प्रमंडल चाईबासा अंतर्गत हाट गम्हरिया बेनी सागर रोड 44 किलोमीटर की राइडिंग कालिटी सुधारने के लिए 31.69 करोड़ योजना की स्वीकृति दी गई .**
- राज्य के कर्मकारों की अब सरकारी योजना के लाभ के लिए स्व घोषित प्रमाणित प्रमाण पत्र से ही लाभ मिल जाएगा .

### बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

# हाईकोर्ट ने पूछा- मामले की जांच के लिए कमेटी बन जाती है, तो क्या दिक्कत है

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच और इसपर रोक की मांग वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई. हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल करने वाले प्रार्थी और केंद्र एवं राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया. सुनवाई के दौरान वर्चुअल जुड़े सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड सरकार की ओर से दलील पेश करते हुए कहा कि राज्य में अगले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसमें इस मुद्दे का इस्तेमाल पॉलिटिकल एजेंडा



के रूप में किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस मामले में जो शपथ पत्र दाखिल किया है, उसमें झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश के संबंध में कोई डाटा नहीं है. इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में भी एक मामला पेंडिंग है. सिब्बल ने कहा, सवाल यह है कि चुनाव के समय ही यह मुद्दा क्यों उठाया जा रहा है? इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बन जाती है, तो क्या दिक्कत है? हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. बता दें कि जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है.

केंद्र सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र ने अंतिम जनगणना के आधार पर जो डाटा पेश किया गया है, उससे साफ है कि संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या में कमी आई है.

# कल्पना निकालेंगी मंईयां सम्मान यात्रा

**विशेष संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो भी अपनी सक्रियता बढ़ाने जा रहा है. भाजपा की परिवर्तन यात्रा के जवाब में झामुमो अगले सप्ताह से मंईयां सम्मान यात्रा निकालेगा. इसका नेतृत्व हेमंत सोरेन की पत्नी और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन करेंगी. इसमें झामुमो महिला मोर्चा की कार्यकर्ता विधानसभावार जाकर मंईयां सम्मान यात्र निकालेंगी. यह जानकारी सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी ने पत्रकारों को दी. वह रांची के सोहराय भवन में आयोजित झामुमो कोल्हान प्रमंडल व पलामू प्रमंडल के जिला पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में आई हुई थीं. उन्होंने कहा कि बैठक में इस यात्रा पर सहमति बनी है.

**जल्द ही पार्टी 81 विधानसभा में शुरू करेगा कार्यक्रम :** पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि बैठक में पार्टी का कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं. उनकी राय ली जा रही है. कार्यक्रम का नाम क्या होगा. कहां तक होगा. इस पर राय ली गयी है. अच्छे सुझाव आये हैं. पार्टी बहुत जल्द ही कार्यक्रम राज्य के 24 जिले और 81 विधानसभा क्षेत्रों में शुरु होगा. भाजपा को बहुत जल्द ही राज्य की जनता ही निपटा देगी. भाजपा को गुमान है तो विकास के नाम पर चुनाव लड़के दिखाये. उन्हें समझ आ जाएगा कितने पानी में हैं वो. बैठक में मंत्री दीपक बिरुवा, कोल्हान व पलामू प्रमंडल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के विधायक व जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे.

**परिवर्तन यात्रा का जवाब**



### भाजपा को देना है करारा जवाब : हेमंत सोरेन

बैठक में हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा. उन्होंने चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि झारखंड वीर और क्रांतिकारी माटी में भाजपा के राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं. हमें मिलकर भाजपा के दुष्प्रचार का करारा जवाब देना है. भाजपा के झूठ और फरेब तथा समाज तोड़ने के षड्यंत्र का मुंह तोड़ जवाब देना है. इन्हें याद दिलाना है कि जब-जब झारखंड को झुकाने का प्रयास किया गया है, तब-तब अपने वीर पुरखों की शहादत एवं दिशोम गुरुजी और उनके असंख्य क्रांतिकारी साथियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर झामुमो ने षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब दिया है. सीएम ने कहा कि विगत साढ़े चार वर्ष में अबुआ सरकार ने भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब देते हुए, एजेंसियों से लड़ते हुए, हर वर्ग को अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया है. सीएम ने कहा कि आप सभी से अपील है कि भाजपा के इन षड्यंत्रकारियों को जवाब देने के लिए कमर की पेटी बांध लीजिए. वक्त आ गया है.

### तिरुपति लड्डू विवाद केंद्र ने आंध्र सरकार से मांगी रिपोर्ट, हाईकोर्ट पहुंची जगन की पार्टी

# सभी जिम्मेदार लोगों पर की जाएगी कठोरतम कार्रवाई


**एजेंसी। हेदराबाद**

तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी के इस्तेमाल के बाद विवाद गहराता जा रहा है. अब केंद्रीय स्वास्थय मंत्री जेपी नड्डा ने लड्डू में मिलावट पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से बात की है और आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी है. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एफएसएसएआई रिपोर्ट की जांच करेगा. जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी.

उधर, तिरुपति लड्डू विवाद पर जगन मोहन रेड्डी की पार्टी ने हाईकोर्ट का रुख किया है. जगन ने मांग की कि आरोपों की जांच हाईकोर्ट के जजों की कमेटी करे. चंद्रबाबू ने आरोप लगाए थे कि जगन रेड्डी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू में जानवरों की चर्बी मिलाई गई. नायडू के आरोपों के समर्थन में उनकी पार्टी टीडीपी ने गुजरात की लैब की रिपोर्ट भी सामने रखी है. इसमें लड्डुओं में चर्बी व मछली के तेल मिलने की पुष्टि हुई है.

जगन रेड्डी की ओर से पेश वकील ने हाईकोर्ट में लड्डू विवाद पर चंद्रबाबू नायडू द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र किया. पार्टी ने नायडू द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच हाईकोर्ट के मौजूदा जज से कराने की मांग की है. इस पर बेंच ने कहा, बुधवार को इस मामले में जनहित याचिका दायर करें, हम दलीलें सुनेंगे. बता दें कि चंद्रबाबू ने विधायक दल की बैठक में दावा किया कि पिछली जगन रेड्डी की सरकार ने तिरुपति में मंदिर को भी नहीं बख्शा. लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया. इसके बाद से पूरे देश में लोग बहुत नाराज हैं.

### हम ये सारी गंदगी साफ करेंगे: चंद्रबाबू नायडू





इस बीच, सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एक ताजा बयान में कहा, मैं राज्य के लोगों से आग्रह करता हूं, एनटी रामाराव ने तिरुमाला में भोजन की पेशकश शुरू की थी. आज के दौर में वहां खाना भी घटिया क्वालिटी का परोसा जा रहा है. प्रसादम के बारे में भी कई शिकायतें हैं. इसे बनाने में उपयोग किया जाने वाला कच्चा माल निम्न गुणवत्ता का है. इस पवित्र मंदिर में अपवित्र कच्चे माल का उपयोग किया जा रहा है. हम ये सारी गंदगी साफ करेंगे. इस काम में लोग दिन-ब-दिन और अधिक योगदान दे रहे हैं. कम से कम अब तो एक उचित व्यवस्था स्थापित होगी, और आप सभी इसे एक पवित्र काम के रूप में लें.

**लैब रिपोर्ट में क्या मिला :** टीडीपी प्रवक्ता ने दावा किया कि प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम द्वारा उपलब्ध कराए गए घी के नमूनों में गुजरात स्थित लैब द्वारा मिलावट की पुष्टि की गई है. उन्होंने कथित लैब रिपोर्ट दिखाई, जिसमें दिए गए घी के नमूने में पशु चर्बी, लार्ड (सूअर की चर्बी से संबंधित) और मछली के तेल की मौजूदगी का भी दावा किया गया है. नमूने लेने की तारीख नौ जुलाई, 2024 थी और लैब रिपोर्ट 16 जुलाई की थी.

### खरगे को नड्डा के जवाब पर प्रियंका का हमला, कहा-

# 82 साल के नेता का निरादर करने की क्या जरूरत पड़ी?

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के बयानों के बाद मचा सियासी घमासान जारी है. एक तरफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चिट्ठी पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया है. वहीं, अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी खरगे की चिट्ठी पर नड्डा के जवाब पर सवाल खड़े किए हैं.

उन्होंने नड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि बुजुर्ग जननेता का निरादर करने की क्या जरूरत थी? राजनीति में बहुत जहर घुल चुका है. प्रियंका ने एक्स पर लिखा, भाजपा नेताओं और मंत्रियों की अनर्गल-हिंसक बयानबाजी के बाद राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए चिंतित होकर कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी जी



को पत्र लिखा. मोदी की आस्था अगर लोकतांत्रिक मूल्यों,संवाद और बुजुर्गों के सम्मान में होती, तो पत्र का जवाब वह खुद देते. इसकी बजाय उन्होंने नड्डा की ओर से आक्रामक किस्म का जवाब लिखवा कर भिजवा दिया. लोकतंत्र की परंपरा, प्रश्न पूछने व संवाद करने की होती है. धर्म में भी गरिमा व शिष्टाचार जैसे मूल्यों से ऊपर कोई नहीं होता. मोदी जी को अपने पद की गरिमा रखते हुए, सचमुच एक अलग मिसाल रखनी चाहिए थी.

### ब्रीफ खबरें

### भाजपाइयों ने सभा स्थल का किया निरीक्षण

**छतरपुर (पलामू)।** भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन रैली को लेकर छतरपुर में सभा स्थल का निरीक्षण भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने किया. निरीक्षण के उपरांत तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन हुआ. इस आयोजन और निरीक्षण में मुख्य रूप से कार्यक्रम के प्रभारी कामेश्वर कुशवाहा जी एवं उपमेयर मंगल सिंह, विधायक श्रीमती पुष्पा देवी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, प्रदेश के नेता विपिन बिहारी सिंह, पलामू जिला के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, छतरपुर पाटन विस्तारक मुन्ना जी, प्रमंडल मीडिया प्रभारी सुमित सिंह, प्रदेश के नेता रविंद्र सिंह आदि शामिल थे.

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रिम्स रेफर

**चंदवा (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के रांची- मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-75) पर ब्राह्मणी बाजार के समीप एक बाईक दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला व उसका बेटा पलामू जिले के रेड़मा से बाइक पर चंदवा आ रहे थे. इसी दौरान ब्रह्मणी के पास सड़क में बने गड्ढे में बाईक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार बाईक पर मां और पुत्र आगे-आगे चल रहे थे. पीछे से एक ऑटो आ रही थी. जैसे ही बाईक पर सवार महिला सड़क पर गिरी पीछे से आ रहे ऑटो ने उस महिला को अपनी चपेट में ले लिया.

### पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जहा पंचायत सचिवालय सगुना में प्रखंड प्रमुख श्रीमती शोभा देवी, बीडीओ डॉ अमित कुमार झा, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, मुखिया सगुना मंजू देवी, समाज सेवी सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम का संचालन बि पी आर ओ अहमद हुसैन अंसारी ने किया. सभी विभाग के कर्मी मौजूद थे. जहा पर लोगो ने अपनी अपनी आवेदन पत्र को सौंपा.

### अस्पताल, स्कूल, चर्च से जोड़ने वाली सड़क जर्जर

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड के मायापुर पंचायत के विद्यालय, चर्च और मिशन अस्पताल से जोड़ने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है. ग्रामीणों नें बताया कि संत जोसेफ विद्यालय में गारू प्रखंड के आलावा महुआडांड़ क्षेत्र के बच्चे अध्ययन करने आते हैं. लेकिन सड़क जर्जर होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कई बार सड़क से गुजरने के दौरान स्कूल वैन ख़राब हो चुका है. इसलिए वैन को 200 मीटर पहले ही खड़ा कर दिया जाता है. छोटे-छोटे बच्चों को अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को लाने ले जाने में काफी परेशानी होती है.

### आईटी रेड के डर से बंद हुए प्रतिष्ठान

**रमना।** आयकर विभाग (आईटी) के रेड के डर से व्यवसायिक प्रतिष्ठान शुक्रवार दोपहर रमना प्रखंड मुख्यालय के अधिकांश व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद थे. जिसके कारण दूर-दराज से आए ग्राहकों में खलबली मच गई. लोग कुछ समझ पाते कि तबतक धड़ाधड़ दुकानों के शटर गिर गए. आयकर विभाग पलामू की टीम को शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर जाने की सूचना पर अप्राह्न तीन बजे अचानक रमना के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सटर गिरने लगे. हालांकि पौने चार बजे के बाद बंद दुकाने के सटर खुलने के बाद बाजार समान्य हुआ.

## रेवारातू पंचायत में पहली बार 64 आवास आया, प्राथमिकता सूची में 14 नंबर पर नाम था

# 10 हजार घूस मांगी, नहीं दिया तो आवास का लाभ नहीं मिला

कुमार राज । सतबरवा (पलामू)


बांस-बल्ली के सहारे वीणी देवी का मिट्टी का घर.

घर का फोटो हुआ, पैसा मांगा गया, पैसा था नहीं, पैसा नहीं दिया तो पक्का का घर बता कर अबुआ आवास नहीं दिया, उक्त बातें रेवारातू गांव के वीणी देवी पति भोला साव ने कही. अबुआ आवास में प्राथमिकता सूची में 14 वां नम्बर में नाम है. प्रथम बार 64 अबुआ आवास रेवारातू पंचायत को मिला था. वीणी देवी ने बताया कि मेरा घर करीब - करीब गिर गया है, जो बचा है उसे बांस, बलि के सहारे खड़ा करके किसी प्रकार से रह रहे हैं. दो बेटा है, दोनों अविवाहित हैं.

घर की हालत इतना खराब है कि कोई अपनी बेटी देने को तैयार नहीं है. बचा हुआ घर कब गिर जायेगा, पता नहीं. वीणा देवी ने बताया कि मैंने अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया, मेरा नाम भी आ गया, संबंधित पदाधिकारियों ने मेरा घर का फोटो के साथ पड़ोसी का घर का भी फोटो लिया, पड़ोसी का घर बन कर डोर लेवल तक हो गया. मुझे आवास का पैसा नहीं मिला, मैं इंतजार करता रहा कि जब पडोसी को पैसा आ गया तो मेरा भी आ जायेगा, परंतु पैसा नहीं आया. एक दिन मैं पंचायत व प्रखंड कार्यालय गया, जहां बताया गया कि आपका घर पक्का का है, इसके कारण आपका आवास नहीं हुआ. प्रखंड कार्यालय में ही रोजगार सेवक सरफराज मिले, उन्होंने कहा कि आपका आवास हो जायेगा, पर अभी तक पैसा नहीं आया. इन्होंने बताया कि शुरू में ही दस हजार रुपया तुंरत मांगा गया था, पैसा था नहीं तो कहां से देते, यहां खाने के लाले पड़े हुए हैं. पैसा किसने मांगा नाम पुछने पर कहा कि अगर नाम बता देंगे, तो लोग दुश्मनी पाल लेते हैं, हम गरीब आदमी हैं, हम कहां दुश्मनी मोल लेते चलेंगे. हम तो बस चुप ही रहना पसंद करेंगे. सरकार से जरूर कहेंगे कि गांव की हालत ठीक नहीं है, एक बार गांव के लोगों का सुध लिजिए.

### पंचायत सेवक ने क्या कहा

पंचायत सेवक विशाल कुमार ने इस संबंध में कहा कि हम लोगों को बताया गया कि इसका पोंची पक्का का घर, इसकी जांच की गई, जांच पक्का घर की बात गलत पाया गया. इसका प्रपोजल बना कर जिला में भेज दिए हैं.

## होटलों में ठहरे लोगों की आईडी और उनके सामानों की चेकिंग की गयी

# जेएसएससी परीक्षा को लेकर शहर के होटलों की हुई जांच

संवाददाता । मेदिनीनगर



झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) की परीक्षा रांची समेत अन्य जिलों में 21 और 22 सितंबर को आयोजित होने वाली है. पलामू जिले में भी परीक्षा के लिए कुल 16 केंद्र बनाये गये हैं. जेएसएससी परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने को लेकर जिला प्रशासन ने देर रात कई होटलों में चेकिंग अभियान चलाया. एसडीएम अनुराग तिवारी, सीओ अमरदीप बलहोत्रा के नेतृत्व में टीम ने मेदिनीनगर शहर के कई होटलों में औचक निरीक्षण किया. इस दौरान होटलों में ठहरे लोगों की आईडी की जांच की गयी. साथ ही उनके सामानों की भी चेकिंग की गयी. कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की गयी.

**तीन पालियों में आयोजित होगी परीक्षा :** बता दें कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21 और 22 सितंबर को होने वाली है. पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ से साढ़े दस बजे तक होगी. वहीं दूसरी पाली की परीक्षा 11:30 से 1:30 और तीसरी पाली की परीक्षा तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगी. इस परीक्षा के लिए करीब 6.50 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन दिये हैं. यह परीक्षा इससे पहले भी आयोजित की गयी है. 28 जनवरी को परीक्षा का आयोजन भी किया गया था. लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के कारण इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था. वहीं 4 फरवरी को होनी वाली परीक्षा को स्थगित कर दी गयी थी.

#### इन पदों पर होनी है नियुक्ति

| | |
|---|---|
| सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | 863 |
| कनीय सचिवालय सहायक | 335 |
| प्लानिंग असिस्टेंट | 05 |
| श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी | 182 |
| **बैकलॉग पद** | |
| कनीय सचिवालय सहायक | 8 |
| प्रखंड कल्याण पदाधिकारी | 195 |
| प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी | 252 |
| अंचल निरीक्षक | 185 |

## जेएससीसी की परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

- परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए है 18 केंद्रउल्लंघन करने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

संवाददाता । लातेहार

झारखंड सामान्य स्नात्तक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोतिगता (जेएससीसी) परीक्षा को ले कर अनुमंडल दंडाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक ने 21 और 22 सितंबर को स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए भानासुस की धारा 163 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लातेहार अनुमंडल के कपरीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू किया है. झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक स्तर योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 21 और 22 सितंबर को प्रथम पाली में 08:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न, द्वितीय पाली 11:30 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न एवं तृतीय पाली 03:00 बजे अपराहन से 05:00 बजे तक निर्धारित है. जिले में कुल 18 केंद्र बनाए गए है. इनमे बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार, जवाहर नवोदय विद्यालय, लातेहार, राजकीय पॉलिटेक्निक, लातेहार, सेंट जेवियर्स एकेडमी, लातेहार, जिला सीएम एसओई, लातेहार, सीएम एसओई गर्ल्स, लातेहार, राजकीय उ.प्र. हाई स्कूल चंदनडीह, लातेहार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, केजीबीवी सीएम एसओई लातेहार, लातेहार पब्लिक स्कूल, लातेहार, गांधी इंटर कॉलेज, आरके गर्ल्स हाई स्कूल, चंदवा, आरके प्लस टू हाई स्कूल, चंदवा, क्राइस्ट राजा स्कूल चंदवा, ग्रीनफील्ड अकादमी, चंदवा, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल, सासंग, डिग्री कॉलेज, मनिका, सीएम एसओई मनिका का नाम शामिल है.

इन परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी व्यक्ति द्वारा मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का प्रयोग करना, घातक हथियार लेकर चलना, प्रदर्शन करना, धरना देना, परची किताब या अन्य कोई सामान बांटना, कदाचार को प्रोत्साहन देना या अन्य कोई ऐसा कार्य करना जिससे परीक्षा की स्वच्छता प्रभावित हो वर्जित रहेगा. कदाचार में पकड़े गये छात्र और छात्राओं एवं अभिभावकों के विरूद्ध झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भरती में अनुचित साधनों के रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम 2023 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी. यह आदेश कर्त्तव्य पर तैनात कर्मचारियो, पदाधिकारियों एवं शव यात्रा में शामिल लोगों पर लागू नहीं होगी.

### जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई. बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की गयी. वहीं उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने चैनपुर में कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में कॉमन शौचालय के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की. वहीं आपूर्ति विभाग के तहत दो ऐसे गोदाम जो अधिक जर्जर हैं, इन दो गोदामों की सूची डीएसओ से प्राप्त कर उनकी मरम्मती कराने की बात कही. वहीं शिक्षा विभाग अंतर्गत शहर के मध्य विद्यालयों जहां स्मार्ट पैनल की आवश्यकता है, वहां पैनल लगवाने पर चर्चा किया गया जिसके पश्चात मध्य विद्यालयों स्मार्ट पैनल का अधिष्ठापन कराया जायेगा. फारेस्ट कॉलोनी में अप्रोच रोड के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी. वहीं मलय डैम व भीम चूल्हा में बिजली कनेक्शन व बिजली पोल लगवाने की स्वीकृति दी गयी. इसके अलावे उपायुक्त श्री रंजन ने डीपीओ को सभी बीडीओ से सभी कार्यों की सूची प्राप्त करने की बात कही. मौके पर डीएफओ, डीडीसी शब्बीर अहमद, डीपीआरओ डॉ असीम कुमार, डीपीएम कुमार अविनाश, जिला कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे.

## तुबेद कोयला खान कार्यालय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

संवाददाता । लातेहार

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के होटल कार्निवाल परिसर में स्थित तुबेद कोयला खान कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया. डीवीसी के उप प्रबंधक ( मानव संसाधन) आरपी तिवारी ने बताया कि ''''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता'''' की थीम के तहत स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया गया है. 15 दिनों तक चलने वाले इस स्वच्छता पखवाडा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. इन गतिविधियों में एक गतिविधि कार्यालय परिसर के आस-पास सफाई करना है. डीवीसी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के इस पर्व में बढ़ चढ़ के भाग लिया. अधिकारियों द्वारा आस-पास के सड़क, दुकानों और कार्यालय के प्रवेश द्वार में सफाई कर स्वछता के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया गया. तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वछता के प्रति सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना है. गौरतलब है कि यह 15 दिवसीय कार्यक्रम 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलेगा. इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (खनन) मनोज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) एसडी सिंह, प्रबंधक (वित्त), उमेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (ई) अमित कुमार, प्रबंधक (खनन) बिटोपन दास, सहायक प्रबंधक (तकनीकी) फैजल नवाज आदि शामिल थे.

## पलामू प्रमंडल में भाजपा भगाओ यात्रा का झामुमो ने किया शुभारंभ

संवाददाता । मेदिनीनगर



भाजपा की परिवर्तन यात्रा को झामुमो नेता दीपक तिवारी के भाजपा भगाओ यात्रा से सामना करना पड़ेगा. झारखंड की झामुमो नीत गठबंधन सरकार के पांच सालों में किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए किए गए कार्यों को जन जन तक दीपक तिवारी पहुंचाएंगे. साथ ही झामुमो के लोक कल्याण नीति को मोदी के नाम से जोड़कर भरमाने वाले भाजपाइयों को आगामी विधानसभा चुनाव में आईना दिखाने दिखायेंगे. इसकी शुरुआत दीपक तिवारी ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड से कर दी है. मौके पर दीपक तिवारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को माटी का पार्टी बताकर युवाओं को जुड़ने का आह्वान किया है. इस दौरान दीपक तिवारी ने बताया कि राज्य में गठबंधन की लहर चल रही है. पलामू प्रमंडल के पांच विधानसभा सीटों पर कब्जा जमा कर चकाचौंध दिखाने वाले भाजपा नेताओं को जनता माफ नहीं करेगी. जनमानस के बीच जाकर सच बताने के लिए इस मुहिम की शुरुआत की गई है. मंत्री मिथलेश ठाकुर जैसे विकास पुरुष के लिए युवाओं की फौज निकलेगी और भाजपा को क्षेत्र से भगाने का कार्य करेगी. इस बार जनता के सवालों से बच पाना गुमराह करने वालो की वश की बात नहीं है. मौके पर दीपक तिवारी को युवाओं और सदर प्रखंड के लोगों ने गठबंधन का साथ देने का भरोसा दिया.

### न्यूज अपडेट

### बरवाही तक आहर की बांध मरम्मत का काम होगा



**मेदिनीनगर।** हाल के चार दिनों का मूसलाधार बारिश लोगों को जीना मुहाल कर दिया. बरसात के अंतिम मौसम ऐसा जलजला लाया की आहर पोखर नदी नाला तहस के नहस कर के रख दिया और आवा गमन ठप हो गया. इसी चार दिनों के बरसात में नगर निगम मेदिनीनगर के पोखराहा ग्राम निमियाही बांध टूट गया. आवागमन ठप पड़ गया. पोखराहा के एक युवा ब्रिगेड के शिष्टमंडल मेरे नेतृत्व में नगर आयुक्त जनाब मोहम्मद जावेद हुसैन से मिला. निमियाही बांध से बारवाही बांध तक मरम्मत का त्वरित आश्वासन मिला. प्रतिनिधि मंडल के सदस्य अनुज मेहता, रामप्रवेश साव, दीपक कुमार, दीपक गुप्ता, जुगुल मांझी, श्याम बिहारी, अनिल कुमार एवं कुलदीप महतो साथ रहे.

### पांडू प्रखंड से श्रद्धालु वैष्णो देवी के लिए रवाना हुए



**बिश्रामपुर (पलामू)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के तत्वावधान में पांडू प्रखंड के ग्राम तिसीबार कला के श्रद्धालुओं को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना किया गया. इस अवसर पर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी श्रद्धालुओं को भगवा गमछा पहनाकर सम्मानित किया और पानी एवं नाश्ता के पैकेट वितरित किए. सभी श्रद्धालु सम्मानित होने पर खुशी जाहिर की. यात्रा की शुरुआत विश्रामपुर कार्यालय से की गई, जहां से सभी श्रद्धालु गढ़वा रोड स्टेशन के लिए प्रस्थान हुए. उन्होंने कहा कि यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभव के रूप में विशेष महत्त्व रखती है.

### अबुआ आवास के लाभुक हो रहे हैं ठगी के शिकार

**चंदवा(लातेहार)।** अबुआ आवास के भोले भाले लाभुक ठगी के शिकार हो रहे हैं. प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चंदवा पूर्वी से इसी तरह का एक मामला प्रकाश में आया है. अबुआ आवास की लाभुक धनिया देवी ने एक महिला सफाई कर्मी तथा पंचायत के स्वयंसेवक पर रुपए की ठगी का आरोप लगाया है. उन्होंने इस संबध में बीडीओ को एक आवेदन दे कर ठगी करने वालों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है. आवेदन में उन्होंने बताया कि सफाई कर्मी ने यह कहते हुए 11 हजार रुपए लिए कि यहां घुस लगता है. इसको हमलोग आपस में बांट लेंगे. स्वयंसेवक ने खाता अपडेट और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर दो हजार पांच सौ रुपए ठग लिए. उपरोक्त बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने अपने कक्ष में आरोपियों को बुलवाकर फटकार लगाई और सफाई कर्मी को रुपए वापस करने का निर्देश दिया है. बीडीओ ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नही थी. इस तरह की घटनाओं से प्रखंड कार्यालय बदनाम हो रहा है. ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी.

### आजीविका महिला की वार्षिक आम सभा संपन्न

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत सरईडीह पंचायत में आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारिता समिति लिमिटेड की वार्षिक बैठक संपन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती पुष्पा देवी और पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार शामिल हुए. नौडीहा बाजार मंडल अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, युवा अध्यक्ष रोशन सिंह, जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान, विधायक प्रतिनिधि मनोज भुइयां, विधायक प्रतिनिधि अशोक यादव, सरईडीह मुखिया पति धनंजय प्रसाद, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद, मुखिया पति बिंदा साव, सरजू प्रजापति, बिंदु शर्मा, मिथिलेश यादव, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, मोहन भुइयां, राजू भुइयां, बबन भुइयां, मुखिया पति बलराम साहब, नंद सिंह, कारू सिंह, संजय भुइयां, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, सीएफ के अध्यक्ष सुनैना देवी, सचिन सुचिता देवी, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी, सीसी राकेश प्रसाद, देवंती देवी इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे. कार्यक्रम के उपरांत विधायक श्रीमति पुष्पा देवी महिलाओ के साथ लोकगीत पर नृत्य का आनंद लेती हुई नजर आई.

### समिति ने बाबा चौहरमल पार्क का निरीक्षण किया

**नीलांबर पीतांबरपुर(पलामू)।** नीलांबर पीतांबरपुर लेस्लीगंज में बाबा चौहरमल पार्क का उदघाटन एवं बाबा चौहरमल एवं स्व. रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा के अनावरण को लेकर बैठक हुई. बैठक में चिराग पासवान के कार्यक्रम को कैसे सफल एवं ऐतिहासिक बनाया जाए उसी पर विचार विमर्श किया गया. बाद सभी लोगों ने कार्यक्रम स्थल का संयुक्त रूप से जायजा लिया. बाबा चौहरमल पार्क एवं आदमकद प्रतिमा का फिनीशींग कार्य अंतिम चरण में है . साथ ही चिराग पासवान के कार्यक्रम को लेकर पार्क के बगल में मंच बनाने का कार्य भी जोर शोर से लगा हुआ है .बैठक सह निरीक्षण कार्यक्रम में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजीव पासवान, अजय पासवान, सुनील पासवान, मुंजलाल पासवान, शयामबिहारी पासवान, जुगनू पासवान, छोटेलाल पासवान, हरिनंदन पासवान, संतोष पासवान, दीपक पासवान, अरविंद पासवान, संदीप पासवान, जितेंद्र पासवान, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### राकेश 7वीं बार बने दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह, बाजार पीपल पेड़ दुर्गा मंडप में इस साल भी दुर्गा पूजा धूम–धाम से मनाया जायेगा. शुक्रवार को दुर्गा पूजा कमिटी की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वसम्मति से राकेश अग्रवाल को 7 वीं बार दुर्गा पूजा कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया. शैलेंद्र सिंह (सिंपी) को सचिव बनाया गया है. कार्यकारी अध्यक्ष अंकित वर्मा, उत्कर्ष अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजू सिंह, राहुल वर्मा, जैकी चौरसिया और सन्नी मल्होत्रा, सह सचिव गौतम चंद्रा और वीरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल (मिठू), लेखापाल संतोष वर्मा को बनाया गया है. पूजा प्रभारी राकेश रंजन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, पंडाल प्रभारी इकबाल सिंह, विशुन लाल साह, चंदा प्रभारी अमित अग्रवाल (बीटू), रवि माली, कृष्णा कुमार, भगवान दास, प्रतिमा विसर्जन प्रभारी राजकुमार जसवाल, संतोष ठाकुर, सुमित अग्रवाल को बनाया गया है. पूरी कमिटी की देखरेख व दिशा निर्देश के लिए कमिटी का संरक्षक महेंद्र सिंह एवं दीपक राज को बनाया है. राकेश अग्रवाल ने कहा की इसबार पूजा कुछ आकर्षक तरीके से किया जाएगा.

### अवधेश कुमार ने हुसैनाबाद सीट पर की दावेदारी

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड विस चुनाव के लिए रांची पहुंचे कांग्रेसी नेता अवधेश कुमार सिंह पूर्व जनरल सेक्रेटरी कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग. अवधेश सिंह कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष ग्रीरिश चोडनाकर सदस्य प्रकाश जोशी एवं पूनम पासवान के समक्ष हुसैनाबाद विधानसभा के डीहरी गांव के निवासी अवधेश सिंह ने कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए टिकट की मजबूत दावेदारी पेश की है. अवधेश सिंह कांग्रेस के प्रखर वक्ता हैं पूर्व में शिक्षा विभाग के जनरल सेक्रेटरी रह चुके हैं हुसैनाबाद विधानसभा सहित पलामू जिला के कुशल वक्ता व लोकप्रिय नेता हैं और संगठनकर्ता के रूप में खासे लोकप्रिय हैं .

### रील्स बनाने के चक्कर में युवक कोयल नदी में बहा

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के कोयल नदी में नहाते समय रील बनाना एक नाबालिग को महंगा पड़ गया. नाबालिग नदी की तेज धारा में बह गया. जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर ममाले जांच करते हुए नाबालिक की तलाश की जा रही है. बच्चा सक्षम कुमार मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के घास पट्टी का रहने वाला है.


**AFFIDAVIT**

I **Bafatan Khatoon**, W/o Sher Mohammad. That by mistake my name Fatima is written in my new Adhar Card and address is H. No. 61, Bambani Chauki Bumhaura, Shahjahanpur Utterpradesh. My Correct name is **Bafatan Khatoon** and my address is Hesag, Hatia, P.O. - Hatia, Dist.- Ranchi.

**Affidavit No. 419**
**Dated- 14.08.2024**


**आयोजन**

## चंदवा प्रखंड में सामाजिक वानिकी वन प्रमंडल ने 75वां वन महोत्सव मनाया

# पर्यावरण का संरक्षण भविष्य के लिए जरूरी है : पूनम देवी

संवाददाता । लातेहार


अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया..

जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व असंतुलित पर्यावरण के कारण चिंतित है. पूरे विश्व में कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अल्पवृष्टि है. कहीं बाढ़ है तो कहीं सूखा पड़ा है. पूनम देवी शुक्रवार को चंदवा प्रखंड के सामाजिक वानिकी वन प्रमंडल, लातेहार के द्वारा आयोजित 75वां में वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी. उन्होंने आगे कहा कि आज हमें जल, जंगल और जमीन को बचाने का संकल्प लेना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह पाएगी. इस मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, वन प्रमंडल पदाधिकारी (राजकीय व्यापार प्रमंडल) जितेश्वर सिंह, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे और नंद कुमार महतो और पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, लाल जन्मेंजय नाथ शाहदेव, पंचायत समिति सदस्य मनोहर भगत और देवमणि वैद्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे. अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मंच का संचालन वरीय पत्रकार आशीष टैगोर ने किया. मौके पर संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण आवश्यक है. उन्होंने कहा कि वन विभाग के अलावा मनरेगा के द्वारा भी पौधारोपण और बागवानी का कार्य किया जाता है. यह भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम है. उन्होंने ग्रामीणों को ग्रामसभा कर ऐसी योजनाएं पारित करने की अपील की. वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने ग्रामीणों से जंगलों की सुरक्षा करने की अपील की. जंगलों में आग नहीं लगाने एवं वन्य जीवों को क्षति नहीं पहुंचने के अपील की. आगे कहा कि जंगल है तभी जल है और जल है तभी जीवन है. हमें इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए. श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि इस परिसर में कई पौधे लगाए गए हैं. इनका संरक्षण करने का दायित्व भी ग्रामीणों का है. सरकारी स्तर पर तो प्रयास किए ही जाते हैं, लेकिन सामूहिक प्रयास भी आवश्यक है. उन्होंने सामूहिक प्रयास कर इस क्षेत्र को हरा भरा करने के अपील की. मौके पर संबोधित करते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी (राजकीय व्यापार प्रमंडल) जितेश्वर सिंह ने कहा कि जंगल ही जीवन है. उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक हमें लकड़ियों की जरूरत पड़ती है. उन्होंने वन विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की. धन्यवाद ज्ञापन वनों के क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे ने किया. इससे पहले अतिथियों को रुद्राक्ष का पौधा और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया. अतिथियों ने मौके पर पौधा रोपण भी किया. मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 21 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 163 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर गठन के शताब्दी वर्ष पर समारोह

# बिरसा की धरती हमारे लिए तीर्थस्थली है: राष्ट्रपति



कौशल आनंद। रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड से मेरा विशेष लगाव है. भगवान बिरसा मुंडा की धरती मेरे लिए तीर्थस्थल है. झारखंड का राज्यपाल रहते हुए हमने यहां हर जगह देखी है. कई काम हुए हैं. द्रौपदी मुर्मू नामकुम स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर के गठन के शताब्दी वर्ष समारोह में शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं. उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2017 में इस संस्थान में आ चुकी हैं. कई राज्यों में लाह का उत्पादन होता है. देश में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय करते हैं. इस संस्थान में लाह के साथ-साथ इससे जुड़े कई उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं. यह भी गर्व की बात है कि झारखंड में इसका उत्पादन देश का 55 प्रतिशत है. एसएजी समूह की बहनें बहुत मेहनती हैं. वो सब्जी उत्पादन करके लाती हैं, मगर उसे फ्रीजिंग कर रखने की जरूरत है, ताकि सब्जियां खराब न हों. अनेक क्षेत्र हैं जहां हम और आगे जा सकते हैं. लाह के उत्पादन, सप्लाई चेन और मार्केटिंग में सुधार किया जाए, तो हम लाह की खेती में और आगे बढ़ सकते हैं. गांवों में कृषि आधारित भंडारण नीति बनाई जा रही है. अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कृषि एवं उत्पाद कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए काम करने की जरूरत है. आज भी हमारे किसान गरीबी में जीने को विवश हैं. इस दिशा में काम करने की जरूरत है. सेकेंडरी कृषि इसकी विकल्प हो सकती है.

### राष्ट्रपति ने कहा

21वीं सदी में कृषि के सामने तीन बड़ी चुनौतियां, सेकेंडरी एग्रीकल्चर से कर सकते हैं सामना

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि को लाभदायक उद्यम बनाने के साथ-साथ, 21वीं सदी में कृषि के सामने तीन अन्य बड़ी चुनौतियां हैं. खाद्य और पोषण सुरक्षा को बनाए रखना, संसाधनों का समुचित उपयोग और जलवायु परिवर्तन. सेकेंडरी एग्रीकल्चर से जुड़ी गतिविधियां इन चुनौतियों का सामना करने में मददगार हो सकती हैं. सेकेंडरी एग्रीकल्चर के माध्यम से अपशिष्ट पदार्थों यानी वेस्ट मटेरियल का भी सही प्रयोग किया जा सकता है. उनको प्रसंस्कृत करके उपयोगी तथा मूल्यवान वस्तुएं बनाई जा सकती हैं. इससे पर्यावरण का संरक्षण होगा, साथ ही किसानों की आय भी बढ़ेगी. सेकेंडरी एग्रीकल्चर वेस्ट टू वेल्थ का एक अच्छा उदाहरण है.

### पीएम किसानों के लिए कई काम कर रहे : राज्यपाल

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति का राज्यपाल रहने के दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय का भ्रमण का असर वहां दिख रहा है. मेरा प्रयास रहता है कि कोई भी व्यक्ति केंद्र और राज्य की योजनाओं से वंचित न रह जाए. आज हम सभी के लिए गर्व की बात है कि इसके शताब्दी समारोह में हिस्सा ले रहे हैं. संस्थान ने इन सौ वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं. यह प्रसन्नता की बात है कि यह संस्थान लाह उत्पादन में अव्वल है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रही है. हमारे देश के प्रधानमंत्री करोड़पति बनाने की दिशा में ही काम कर रहे हैं.



### किसान मजदूर बनने को विवश, हमें सोचने की जरूरत : मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छह वर्षों तक राज्य का मागदर्शन किया. अब देश का मार्गदर्शन कर रही हैं. हम किसानों के लिए बातें बहुत बड़ी-बड़ी करते हैं. आज हम लाह की खेती 50-55% करते हैं, पहले 70 प्रतिशत करते थे. हमारी दीदियां लखपति-करोड़पति क्यों नहीं बन सकती हैं. बन सकती हैं, बशर्ते किसानों के लिए नीति-निर्धारण हो. ऐसा सिस्टम हो जहां बिचौलियों के लिए कोई जगह नहीं हो. सदियों से किसानों को सिर आंखों पर रखा गया. आगे भी हम इन्हें रख पाएं, इसके लिए केंद्र व राज्य की सरकार को सोचने की जरूरत है. ग्रामीणों का परिवर्तन गांव में जाकर देखें. आज मौसम बदलाव की ओर है. कहीं सूखा, कहीं बाढ़. आज हमारे किसान खेतिहर मजदूर बनने की ओर अग्रसर है. मौसमी फसल के अलावा वैकल्पिक खेती की ओर कैसे आगे बढ़ें, इस पर सोचना होगा. इसलिए हमने लाह को खेती का दर्जा दे दिया है.*

### लाह का सालाना निर्यात 400 करोड़ का : केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति का झारखंड से पहले से लगाव रहा है. कृषि मंत्री बनने के बाद मैं झारखंड आया था. यह पहला संस्थान था, जहां मैंने विजिट की थी. मैंने सारी चीजों की जानकारी ली. लाह का इतिहास भारत के इतिहास जैसा पुराना है. कौरवों ने पांडवों को मारने के लिए लाक्षागृह बनाया था. प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी करना चाहते हैं. कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान-गेहूं से काम नहीं चलेगा. हमें दूसरी खेती में जाना होगा. आज भी हम 400 करोड़ का लाह निर्यात करते हैं. आज ऐसी महिलाएं हैं, जो लाख-लाख रुपए कमा रही हैं. हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है.

### शताब्दी वर्ष गौरव की बात, 40 लाख आदिवासी परिवार लाह की खेती से जुड़े हैं : कृषि राज्यमंत्री

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि यह गौरव की बात है कि यह संस्थान शताब्दी वर्ष मना रहा है. पहले यह लाह संस्थान ही था. लाह का पेड़ कार्बन डाईअक्साईड को कम करता है. आदिवासी बहुल क्षेत्रों में लाह की खेती कर भरण-पोषण करते हैं. करीब 40 लाख परिवार इस खेती से जुड़े हैं.

### बिचौलियों को खत्म किया : रक्षा राज्यमंत्री

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी संस्थान का सौ साल का होना और इसमें राष्ट्रपति का शामिल होना, गौरव की बात है. किसानों को हौसला देना है. प्रकृति ने हमें हरी-भरी संपदा दी है. लाह प्लास्टिक का विकल्प है. यह गौरव की बात है कि देश में 55% लाह की खेती झारखंड में होती है. 400 करोड़ का एक्सपोर्ट होता है. लाह पहले 100 रुपए में बिकता था, वही लाह बड़े-बड़े व्यापीरी 700, 800 रुपए में बेचते हैं. हमने खादी बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए बिचौलियों को खत्म किया.

### 55% लाह का उत्पादन झारखंड से : महानिदेशक

संस्थान के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55 प्रतिशत झारखंड से होता है. इसके बाद ही अन्य राज्यों का योगदान है. इस संस्थान से 10 लाख से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया और अपनी आय बढ़ाई. लाह उत्पादन में हमारा देश नंबर वन है. हमारा संस्थान सेंकेडरी कृषि को बढ़ावा दे रहा है. निदेशक डॉ. श्याम नारायण झा ने कहा कि इस संस्थान को चिरंजीवी बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है.

---

## ब्रीफ खबरें

### 14.15 लाख की ठगी करनेवाला साइबर अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** ट्रेडिंग के नाम पर 14.15 लाख की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है. अपराधी इंद्रजीत सिंह जमशेदपुर का है. इंद्रजीत सिंह टेलीग्राम से कई लोगों को कॉल करता था और ऑनलाइन ट्रेडिंग की जानकारी देकर ठगी कर रहा था. शुक्रवार को सीआईडी ने बताया कि इस अपराधी ने वादी से टेलीग्राम पर विभिन्न फोन नंबर से संपर्क किया, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग की जानकारी साझा की. इसके बाद उन्हें एक अन्य प्रोफाइल से संपर्क कर बेवसाइट का लिंक भेजा और इसमें आईडी बनाने को बोला गया. निवेश के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खातों में पैसे डालने को बोला गया. शुरू में अकाउंट में कुछ पैसे डाले, फिर पैसे डालना बंद कर दिया और इस तरह कुल 14.15 लाख की ठगी कर ली.

### माओवादियों ने लगाए पोस्टर, पुलिस ने हटाए

**चतरा।** जिले में लंबे समय के बाद भाकपा माओवादियों ने पोस्टरबाजी की है. गुरुवार की देर रात भाकपा माओवादी संगठन ने जिले के गिद्धौर और पत्थलगड़ा में पोस्टरबाजी की है. पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के समीप पुराने अस्पताल की दीवार में और गिद्धौर थाना क्षेत्र के रानी मैदान स्थित कब्रिस्तान की चहारदीवारी पर नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है. शुक्रवार को पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर पोस्टर को जब्त किया और आगे की जांच में जुटी हुई है.गौरतलब है कि 21 सितंबर से भाकपा माओवादी संगठन का स्थापना दिवस शुरू हो रहा है, जो 28 सितंबर तक चलेगा. इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य के नक्सल प्रभावित जिले में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है.

---

#### चतरा मे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रेड

## अफीम तस्कर रामू साव गिरफ्तार

संवाददाता। चतरा

- गिरफ्तार तस्कर रामू साव सदर थाना क्षेत्र के रमटुंडा गांव का रहने वाला है

गृह विभाग के निरोधात्मक कार्रवाई के तहत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने गुरुवार की देर शाम चतरा में बड़ी कार्रवाई की है. एनसीबी की टीम सदर थाना पुलिस के सहयोग से चतरा के चर्चित अफीम तस्कर रामू साव को गिरफ्तार कर अपने साथ रांची ले गई. गिरफ्तार तस्कर रामू साव सदर थाना क्षेत्र के रमटुंडा गांव का रहने वाला है. फिलहाल वह शहर के जतराहीबाग के लकलकवा मंदिर एरिया में आलीशान घर बनाकर रह रहा था.

अफीम कारोबारी रामू साव की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि एनसीबी की टीम चतरा आई थी. टीम ने शहर के जतराहीबाग स्थित आवास से रामू साव को गिरफ्तार किया और अपने साथ रांची ले गई. उन्होंने बताया कि नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से गृह विभाग के आदेश पर एनसीबी की टीम निरोधात्मक कार्रवाई करती है. इस कार्रवाई के तहत नशे का कारोबार करने वाले पेशेवर कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है.सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि रामू साव के विरुद्ध पूर्व में अफीम कारोबार से संबंधित कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं. इसके पास से पहले भी अफीम की बड़ी खेप बरामद हुई थी. रामू साहब के बारे में कहा जाता है कि इसकी पहुंच रसूखदार सफेदपोशो तक है. ऊंची पहुंच तथा पैसे के बल पर नशे का कारोबार बड़े पैमाने पर करता रहता है. पुलिस में भी इसकी अच्छी पैठ बताई जाती है. इन्हीं सब कारणों से इसके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है.

## गिरिडीह में उत्पाद सिपाही बहाली में एक और अभ्यर्थी की हुई मौत

### छह अन्य प्रतिभागियों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता। रांची/गिरिडीह

उत्पाद सिपाही बहाली में एक और युवक की मौत हो गई है. अब तक इस बहाली प्रक्रिया में मरने वाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है. मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह गिरिडीह में उत्पाद सिपाही बहाली में शामिल बिरंचि राय की मौत हो गई. वह मूल रूप से राजधनवार का रहने वाला था. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बिरंचि राय उत्पाद सिपाही की बहाली में शामिल होने आया था. शुक्रवार की सुबह वह दौड़ में शामिल हुआ. इस दौरान उसने 1800 मीटर दौड़ पूरी भी कर ली. इसके बाद उसकी सांस तेजी से फूलने लगी. तबीयत बिगड़ने के बाद प्रशासन ने उसे किसी तरह सदर अस्पताल पहुंचाया, वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके अलावा दौड़ के शामिल छह अन्य युवकों की तबीयत भी बिगड़ गई है. सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इनमें निमिया घाट के संतोष कुमार, सरिया के राजकुमार सिंह, हजारीबाग के खुशनवाज आलम, पश्चिमी सिंहभूम के धर्मदास, कोडरमा के त्रिभुवन यादव और रामगढ़ के बबलू बेदिया शामिल हैं. मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से बातचीत की. साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती अभ्यर्थियों से भी मुलाकात की.



#### तैयारी | परीक्षा कदाचारमुक्त कराने को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद, तैयारियां पूरी

## आज व कल रांची में 131 सेंटर पर जेएसएससी सीजीएल परीक्षा

संवाददाता। रांची




झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योगयताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 रांची में 131 सेंटर पर ली जाएगी. 21 और 22 सितंबर को तीन पालियों में परीक्षा होगी. रांची जिले में लगभग एक लाख 22 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे. परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 8:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली सुबह 11:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक तथा तृतीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की है. सदर एसडीओ ने सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में धारा-163 के अंतर्गत केंद्रों पर निषेधाज्ञा जारी की गयी है. यह निषेधाज्ञा 21 और 22 सितंबर को सुबह 5 बजे से शाम 8:30 बजे तक प्रभावी रहेगा.

**परीक्षा केंद्रों, होटल, लॉज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित प्रमुख स्थानों पर माइकिंग कर दी गई जानकारी :** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा के लिए रांची जिला के विभिन्न 131 केंद्रों में तीन पालियों में परीक्षा होगी. सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा भी जारी की गयी और पुलिस-मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी कि गई है. इसी कड़ी में रांची जिला प्रशासन कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर मुस्तैद है. जिला प्रशासन ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों, होटल, लॉज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित प्रमुख स्थानों पर माइकिंग कर इसकी जानकारी दी, यदि कोई परीक्षार्थी ऑनलाइन या ऑफलाइन स्वयं या किसी दूसरे को नकल करते हुए पकड़े जाते हैं तो उन्हें न्यूनतम 3 वर्ष की कारावास तथा 5 लाख का जुर्माना के साथ दंडित किया जाएगा. साथ ही यदि वह पूर्व में ऐसे कार्य के लिए दंडित हो चुके हैं तो कारावास की अवधि कम से कम 7 वर्ष एवं जुर्माने की राशि 10 लाख से कम नहीं होगी.

### होटल व लॉज मालिकों को भी दी चेतावनी

सभी होटल एवं लॉज मालिकों को भी इस संबंध में चेतावनी दी गयी है. उनके परिसर में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है तो संबंधित होटल अथवा लॉज मालिक की संपूर्ण जिम्मेदारी होगी एवं उनके विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी. जिला प्रशासन ने आमजनों से भी अपील की है कि परीक्षा के संबंध में फैलाए गए किसी भी भ्रांति या बहकावे में न आंए. किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना जिला प्रशासन को देने का निवेदन किया गया है.

## बेलखोरी के युवक ने फेसबुक लाइव के बाद की खुदकुशी

संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)



मृतक का फाइल फोटो.

> गांव पहुंचा शव, किया गया अंतिम संस्कार

थाना क्षेत्र के बेलखोरी गांव के सीताराम पासवान के 35 वर्षीय पुत्र संदीप पासवान की मौत मुंबई में खुदकुशी से हो गई. मृतक का शव शुक्रवार को दोपहर में गांव पहुंचा. अंतिम संस्कार पैतृक मुक्तिधाम पर किया गया. मृतक के बड़ा भाई दीपक पासवान के अनुसार खुदकुशी से पहले मृतक संदीप ने फेसबुक लाइव किया था. जिसमें उसने एक लड़की के परिवार वालों पर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने आरोप लगाया. घटना 17 सितंबर की सुबह मुंबई के चेंबूर इलाके के किराए के फ्लैट की है. संदीप ने पहले फेसबुक लाइव किया और एक लड़की के परिवार पर धोखा देने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है. मृतक पेशे से अकाउंटेंट था. चौपारण थाना के महुआ बाद गांव से रिश्ता आया हुआ था. रिश्ता आते ही धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं. वर्ष 2021 में लड़की पार्टी को फ्लैट खरीदने के नाम पर करीब 12.5 लाख रुपए दिए थे. किसी कारणवश दोनो के बीच तनाव बढ़ा. इसी वर्ष 14 जून 2023 को लड़की के परिवार वालों ने संदीप को मुंबई बुलाया और अपना पैसा वापस लेने के बहाने बुला कर मारपीट की. नेहरू नगर मुम्बई पुलिस स्टेशन पहुंच कर छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवा दिया गया. वहीं मृतक संदीप के परिजनो ने बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेज पेश कर हजारीबाग कोर्ट में लड़की के परिवार के खिलाफ आवेदन दिया. संदीप के परिजनों ने आरोप लगाया कि मुंबई पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया. दूसरी तरफ वीडियो वायरल होते ही लड़के के रिश्तेदार व दोस्तों ने मुंबई पुलिस को सूचना दी थी. जब तक पुलिस संदीप के फ्लैट तक पहुंचती, तब तक संदीप फांसी लगा कर जान दे चुका था. इसके बाद मृतक का शव पैतृक गांव बेलखोरी लाया गया और मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया. घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बूरा हाल है.

### दादा ने पोते की गला दबाकर हत्या कर दी

संवाददाता। हुसैनाबाद /पलामू

हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपरी कला गांव के होलया ऊपरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक दादा ने अपने ही 8 वर्षीय पोते शुभम को गला दबाकर मार दिया. शुभम कक्षा 5 का छात्र था, इस मामले में मृतक के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि घर की आपसी रंजिश में हमारे पुत्र शुभम को गला दबाकर मार डाला. मारने के बाद दादा कपिल देव सिंह ने शव को आहर के पानी में दबा कर सबूत मिटाने की कोशिश की. इस घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद थानेदार संजय यादव ने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर छानबीन की. आरोपी मौके से फरार है, पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ मनाई गई

**हजारीबाग।** पीएम विश्वकर्मा योजना का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर शहर के हुरहुरू स्थित मेधावी फाउंडेशन में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान मुंबई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रसारण किया गया. इस मौके पर ओम आरोहणम् संस्थान की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहीं. गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है. मौके पर मेधावी फाउंडेशन के रिजनल मैनेजर चंदन कुमार, बैंक ऑफ इंडिया से मनीष सिंह आदि मौजूद थे.

### यात्रा को सफल बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता

**चौपारण।** प्रखंड भाजपा कार्यालय में पार्टी की प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा को लेकर बैठक मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा की अध्यक्षता और राजेंद्र चंद्रवंशी के संचालन की गई. इसमें पूर्वी व पश्चमी मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. यादव ने कहा कि यह यात्रा बरही विधानसभा की दशा और दिशा को तय करेगी. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस यात्रा को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं. बैठक में विस्तारक भरत दीक्षित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील साव, राजदेव यादव, सुनील सिंह, कैलाश पांडेय आदि मौजूद थे.

### गार्ड को बंधक बना शराब दुकान का तोड़ दिया ताला

**रामगढ़।** जिले में चोरों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है. सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी में एटीएम तक काटा जा रहा है. यहां तक की चोरों ने अब शराब दुकान को भी नहीं बख्शा. यहां भी चोरों ने लगभग 40 हजार रुपए की संपत्ति चोरी कर ली. इस मामले में शुक्रवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. यह घटना विदेशी शराब दुकान छतरमांडू में हुई है. दुकान के प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि सरकारी निगरानी में चल रही इस शराब दुकान में पिछले दो वर्षों से वे कार्यरत हैं.

### उपायुक्त ने कार्रवाई का दिया आदेश

**रामगढ़।** जिले में डीसी चंदन कुमार की सक्रियता से अनाज घोटाला उजागर हुआ है. रामगढ़ शहर के मरार स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम से लगभग 8 करोड़ रुपये के अनाज गायब हो गए हैं. यह घोटाला प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली ने किया है. उसने 14699.35 क्विंटल चावल और गेहूं गायब कर दिया है. इस गोदाम में वर्ष 2019 के बाद से अब तक के कोई दस्तावेज अपडेट नहीं पाए गए हैं. पिछले 5 वर्षों में प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली ने काफी गुल खिलाया है.

### निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा व चितरपुर उत्तरी पंचायत में शुक्रवार को विधायक मद से लगभग 20 लाख की लागत से बनने वाला पीसीसी पथ, नाली व चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. सुकरीगढ़ा कुसमाही टुंगरी में गुहिल महतो के घर से पन्नू रजक के घर तक पीसीसी पथ, चितरपुर उत्तरी के तहसील कार्यालय में चहारदीवारी निर्माण कार्य व कपरकट्टा टांड़ में मनेश्वर पोद्दार के घर से सचिन पासवान के घर तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुनीता चौधरी ने किया.

## मेडिकल टीम ने की प्रभावित इलाके की जांच, डीडीटी और ब्लीचिंग पाउडर का किया छिड़काव

# बरही में एक ही परिवार के पांच लोग डायरिया की चपेट में

संवाददाता। हजारीबाग



पिछले दिनों लगातार बारिश होने के बाद से डायरिया/ दस्त और वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ गई है. बरही प्रखंड के ग्राम सिंहपुर में एक ही परिवार के पांच लोग डायरिया से पीड़ित होने के कारण हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाजरत हैं. इनमें 39 साल के प्रकाश यादव, उनके भाई 31 साल के विनोद कुमार यादव, महिला कलावती देवी और मासूम बच्चे आयुष कुमार और आनवी कुमारी शामिल हैं. सभी को पेट में दर्द के साथ दस्त की शिकायत के बाद यहां भर्ती कराया गया है.

इस संबंध में बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वार सूचना दिए जाने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने संज्ञान लेते हुए तत्काल अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजकर पीड़ितों के इलाज में सहयोग करने का निर्देश दिया. इसके बाद चौधरी ने अस्पताल में इलाजरत लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और ज़रूरी सामग्री उपलब्ध कराया. साथ ही अस्पताल के सुप्रीटेंडेट से इनके बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया. रंजन चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह से इस इलाके में मेडिकल टीम भेजने के साथ ही डीडीटी और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव कराने का भी आग्रह किया.

### सलाह : साफ-सफाई और खान-पान का रखें ध्यान

इसके बाद सिविल सर्जन के निर्देश पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने शुक्रवार को बुडू एचएससी क्षेत्र के सिंहपुर गांव एक मेडिकल टीम भेजी, जिसमें डॉ मेराजुल इस्लाम ( एमओ आरबीएसके), मिथलेश कुमार ( फार्मासिस्ट आरबीएसके), द्रोपदी कुमारी ( एएनएम आरबीएसके), संजू प्रकाश सिंह (एएनएम बुंडू एचएससी), विद्या देवी ( सहिया साथी) और संबंधित क्षेत्र की सहिया शामिल रही. टीम ने संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर दस्त एवं अन्य रोग से ग्रसित इलाके की जांच की, ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाकर उनके बीच जरूरी औषधि का वितरण किया और क्षेत्र में डीडीटी और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी कराया. रंजन चौधरी ने भी लोगों से अपील की कि डायरिया/ दस्त और वायरल फीवर के प्रकोप से बचने के लिए दूषित पानी का सेवन न करें, आसपास के क्षेत्र में विशेष साफ–सफाई करें और खान–पान में विशेष ध्यान ज़रूर रखें. दस्त/उल्टी या अन्य प्रकार का कोई लक्षण दिखे तो नजदीकी सरकारी अस्पताल के चिकित्सक से संपर्क जरूर करें.

# ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत, सड़क जाम की



संवाददाता। चौपारण

जीटी रोड स्थित ब्लॉक मोड़ चौपारण पर बीती देर रात्रि ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौके पर मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, चोरदाहा पंचायत के ग्राम मूर्तिया निवासी जितेंद्र तुरी स्कूटी से अपने नानी घर कर्मा जाने के लिए घर से निकाला था. इस दौरान वह चौपारण बाजार से कुछ खरीद कर एकाएक ब्लॉक मोड़ के पास निकलकर जीटी रोड पर अचानक चढ़ गया. उसी वक्त बरही की तरफ जा रहे ट्रक को देखकर स्कूटी सवार ने ब्रेक लगाया, जिससे स्कूटी एक तरफ और जितेंद्र तुरी ट्रक के टायर के नीचे चला गया. इससे जितेंद्र की कमर बुरी तरह कुचली गई. दुर्घटना की सूचना तुरंत चौपारण पुलिस को दी गई. पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेना चाहा, परंतु मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शव को उठने नहीं दिया एवं पुलिस प्रशासन के साथ उलझकर सड़क को जाम कर दिया. मृतक कुछ दिन पूर्व मुंबई से अपने घर मां का इलाज करने के लिए आया था.

### बीडीओ और विधायक भी पहुंचे मौके पर

बीडीओ सीमा कुमारी, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, विधायक अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज यादव, जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला, अरविंद सिन्हा सहित कई जनप्रतिनिधि दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए, जहां आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि जीटी रोड में कछुआ गति से चल रहा फ्लाई ओवर निर्माण के कारण प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में मौत हो रही है. ऐसे में सड़क निर्माण कंपनी पर कार्रवाई की जाए और मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाए. ग्रामीणों को समझाने बुझाने के बाद चार घंटे के बाद मृतक का शव उठाया गया. बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा.

## तैयारी : सुगम एवं पारदर्शी परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट

**खास बातें**

- लॉज, हॉस्टल, होटल आदि की हो रही गहनता से जांच
- अभ्यर्थी आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करें : डीसी

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 21 एवं 22 सितंबर को आयोजित होने वाली जेएसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा के सफ़ल व पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हर बिंदुओं पर कार्य कर रहा है. कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निर्देशित किया है.

सीजीएल की परीक्षा के लिए हज़ारीबाग जिले में कुल 70 केंद्र बनाए गए हैं तथा हर केंद्र की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़न दस्ता दल को क्रियाशील किया गया है. उपायुक्त ने परीक्षा का संचालन बेहतर तरीके से करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में एक-एक पुअनि/सअनि के स्तर के कुल 70 पुलिस पदाधिकारी एवं तीन-तीन पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है तथा कुल 140 लाठी बल/गृहरक्षक की तैनाती की गई हैं. वहीं गश्ती-सह-उड़न दस्ता दल में पुअनि/सअनि स्तर के कुल 29 पुलिस पदाधिकारी एवं 87 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है.



परीक्षा को लेकर जांच पड़ताल करते पुलिस अधिकारी.

### हर परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरा

परीक्षा के संचालन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र की 100 मीटर की परिधि में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है. जिला प्रशासन द्वारा हजारीबाग जिले में परीक्षा के एक दिन पूर्व ही शहर के अलावे बरही, पदमा एवं अन्य सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल की गहनता से जांच की गई है. साथ ही इनके मालिक, मैनेजर को नोटिस देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं. जिला प्रशासन द्वारा हर एक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिसे कंट्रोल रूम द्वारा मॉनिटरिंग किया जाएगा.

### प्रश्न पत्र की सुरक्षा सुनिश्चित होगी

हजारीबाग जिले में सभी 70 परीक्षा केंद्रों पर एचएचएमडी के द्वारा परीक्षार्थियों को चेकिंग कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया जाएगा. जेएसएससी परीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम (06546–264159/800252939) बनाया गया है, जिस पर किसी भी प्रकार संदिग्ध कार्यों तथा विधि व्यवस्था से संबंधित सूचना दी जा सकती है. प्रश्न पत्र की पूर्ण सुरक्षा के लिए दो पुलिस पदाधिकारी एवं रूट पर 2– 8 सशस्त्र बल को प्रतिनियुक्त किया गया है.

### 2 तक चलेगा स्वस्थ भारत मिशन के तहत अभियान

**हजारीबाग।** स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसके अंतर्गत शुक्रवार को वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों यथा संत रॉबर्ट बॉयज स्कूल, संत ज़ेवियर स्कूल, जिला स्कूल, हिंदू स्कूल व अन्य स्कूलों में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न छात्र एवं छात्राओं ने व्यर्थ पड़ी सामग्री से नए कीर्ति एवं अन्य सामग्री को बनाया. इस प्रतियोगिता के प्रथम तीन प्रतिभागियों को नगर निगम द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा. साथ ही स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में पौधरोपण, ड्रॉइंग पेंटिंग, साइक्लिंग, स्वच्छता के प्रति शपथ आदि सम्मिलित है.

### 'प्रमुखता से बोली जाने वाली भाषा है हिंदी'

**हजारीबाग।** प्रमंडल आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा हिंदी न सिर्फ हमारी आधिकारिक भाषा है बल्कि यह सभी भारतवासियों के लिए अस्मिता का प्रतीक है. हम सब प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं. हम सभी के जीवन में हिंदी का खास महत्व है, किसी ने हिंदी में बोलने की शुरुआत की तो किसी ने हिंदी का माहौल न होते हुए भी पूरी लगन और मेहनत से उसे सीखा. आज भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व हिंदी के प्रति प्रेम दिखा रहा है जिसे आप सोशल मीडिया में भी देखते होंगे. आज हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि फिजी, अमेरिका, नाइजीरिया और चीन जैसे देश के लोग भी हिंदी को धाराप्रवाह तरीके से बोलते हैं.

## न्यूज अपडेट

### जेपी हुंडई शोरूम में लॉन्च हुई बोल्ड न्यू अल्काजार



**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज स्थित जेपी हुंडई शोरूम में बोल्ड न्यू अल्काजार का अनावरण किया गया. इस मौके पर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की बीएम पूना श्री, पंजाब नेशनल बैंक के सीएम आरके श्रीवास्तव एवं यूनियन बैंक की डीएम पूनम मुख्य रूप से मौजूद रहे. बताया गया कि बोल्ड न्यू हुंडई अल्काजार फेस लिस्ट की लंबाई 4.56 मीटर, चौड़ाई 1.8 मीटर, ऊंचाई 1.7 मीटर है. इस नई अल्काजार का व्हीलबेस 2760 एमएम है. नई अल्काजार को टाइटन ग्रे मेंट, रोबस्ट सामरोल्ड मैट, रोबस्ट एमरॉल्ड पर्ल, जैसे नौ कलर ऑप्शन में उपलब्ध है. साथ ही यह भी बताया गया कि इससे नई फ्रंट ग्रिल के साथ ही क्रेटा से इंस्पायर्ड एलिमेंट से लैस एलइडी डीआरएल कनेक्टेड लाइट बार 18 इंच डायमंड कट एलॉय व्हील, नए स्पॉयलर समेत काफी सारी सुविधाएं हैं. इस एक्सयूवी को पुराने मॉडल से अलग और बेहतर बनाई गई है, जिसकी शुरुआती कीमत पेट्रोल वेरिएंट में एक्सशोरूम प्राइस 14.99 लाख रुपये और डीजल वेरिएंट की एक्सशोरूम प्राइस 15.99 लाख रुपये है. मौके पर जेपी हुंडई के संचालक मनीष जयसवाल, बिजनेस हेड ऋषि प्रकाश, सेल्स मैनेजमेंट रूपेश सिंह, फाइनेंस हेड राहुल मिश्रा आदि उपस्थित थे.

### खनन परियोजना ने आयोजित की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाडीह में हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं. बताया जा रहा है कि बीते दिन जहां मौखिक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया, वहीं शुक्रवार को परियोजना द्वारा सीकरी स्थित सम्मेलन कक्ष में कविता पाठ का आयोजन किया गया. इस पखवाड़े के दौरान कई अन्य रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जैसे लिखित प्रश्नोत्तरी, श्रुतिलेख और निबंध सुलेख, ताकि कर्मचारी और उनके परिजन भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें. अगले दो हफ्तों में होने वाली अन्य गतिविधियां सांस्कृतिक जागरूकता और समूह भावना को बढ़ाने में मदद करेंगी.

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम ने की समीक्षा बैठक




**रामगढ़।** अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सहित राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग झारखंड की टीम ने दो दिवसीय दौरे के दौरान शुक्रवार को एसपी अजय कुमार के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में आयोग के सम्मानित सदस्य लक्ष्मण यादव, नंदकिशोर मेहता, सदस्य सचिव कृष्णा कुमार सिंह भी उपस्थित थे. बैठक में आयोग ने ज्यादातर पुलिस प्रशासन से जुड़े पिछड़े वर्ग के मामलों की समीक्षा की. इस दौरान अध्यक्ष ने एक एक कर मामलों की सुनवाई की. अग्रतर कार्रवाई की जानकारी ली. उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिये. इस दौरान कई मामलों में अग्रतर कार्रवाई से संबंधित दस्तावेजों के साथ आयोग में आकर समर्पित करने का निर्देश भी अध्यक्ष ने दिया है. अध्यक्ष ने कहा कि आयोग पिछड़े वर्ग के मामलों को लेकर गंभीर है. हर समस्या और फरियाद के निराकरण के लिए बल दिया जा रहा है.

### बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**हजारीबाग।** जिला स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 वर्ग की स्पर्धाओं का आयोजन किया गया. बालक वर्ग के अंडर 14 में प्रथम स्थान पर डाडी प्रखंड की टीम रही. विष्णुगढ़ की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया. अंडर 17 में प्रथम स्थान पर इचाक प्रखंड की टीम रही. डाडी प्रखंड की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया. अंडर 19 में प्रथम स्थान पर डाडी प्रखंड की टीम रही बड़कागांव प्रखंड की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया. सभी वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.

# 'सांप्रदायिकता भड़काने तक सिमटी भाजपा की राजनीति'

संवाददाता। हजारीबाग




अटल विचार मंच के संस्थापक सह भारत सरकार के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तान सरकार के एक मंत्री के बयान को मुद्दा बनाने का कड़ा प्रतिरोध करते हुए कहा कि मुझे जिस बात का डर था वही हुआ. प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू और कश्मीर के चुनाव में आखिर पाकिस्तान को मुद्दा बनाने का प्रयास किया है. पाकिस्तान एक फेल स्टेट है. वह दूर-दूर तक भारत की बराबरी नहीं कर सकता है. यहां तक कि अब हॉकी के खेल में भी वह भारत से लगातार हारता आ रहा है. अगर फेल स्टेट के रक्षा मंत्री ने कोई अटपटा बयान धारा 370 को लेकर दे भी दिया तो क्या भारत के "यशस्वी"प्रधानमंत्री को इस पर अपनी प्रतिक्रिया देना आवश्यक था? क्या विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस काम को नहीं कर सकते थे? दरअसल चुनाव में जीत के लिए मोदी जी किसी भी हद तक जा सकते हैं और इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया है. भाजपा की राजनीति अब केवल और केवल सांप्रदायिकता भड़काने तक सीमित रह गई है. अगर कभी मोदी जी को लगता है कि यह अपर्याप्त है तो उसमें पाकिस्तान का तड़का लगाने का काम करते हैं.

# हेल्थ यूनिट भवन निर्माण में अनियमितता की पुष्टि

**खास बातें**

- जांच में पकड़ी गईं सीएचसी परिसर में निर्माण में गड़बड़ियां
- शुभम संदेश में प्रकाशित खबर पर की गई थी शिकायत

संवाददाता। केरेडारी




केरेडारी सीएचसी परिसर में बने हेल्थ यूनिट भवन निर्माण में अनियमितता को लेकर शुभम संदेश में प्रमुखता से प्रकाशित खबर के आलोक में की गई शिकायत पर सिविल सर्जन के आदेश पर बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी अविनाश कुमार जांच करने पहुंचे. जांच में प्रभारी ने भवन के निर्माण में संवेदक द्वारा उपयोग की गई सामग्री निम्न गुणवत्ता की मिली. भवन के दरवाजे, जाली वा खिड़की निम्न गुणवत्ता की मिली. इसके अलावे छत का प्लास्टर भी नहीं किया हुआ था. नयी छत से रिसता पानी देख कर्मी हक्के बक्के रह गए. बड़कागांव सीएचसी प्रभारी अविनाश कुमार ने जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारी को देने की बात कही. कहा कि भवन निर्माण का कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हुआ है. वहीं केरेडारी सीएचसी प्रभारी नफीस अंजुम ने कहा कि भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है. छत में बिना प्लास्टर किये पेंट कर खानापूर्ति की गई है. जब तक संवेदक द्वारा अच्छा काम नहीं कराया जाता भवन को हैंडओवर नहीं लेंगे.

### योजना की गुणवत्ता की जांच कराएंगे आशीष आनंद

भवन निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर एक्जीक्यूटिव इंजीनियर आशीष आनंद ने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने की सूचना मिली है. संवेदक के कार्यों की बारीकी से जांच की जायेगी. काम में लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी.

## कवायद सीसीएल परियोजनाओं के महाप्रबंधकों से मौजूदा हालात की विस्तृत जानकारी ली

# सांसद ने रामगढ़ में विकास योजनाओं की समीक्षा की

संवाददाता। रामगढ़

क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को रामगढ़ स्थित माइंस रेस्क्यू स्टेशन सेंटर सभागार में सीसीएल सहित रामगढ़ नगर निगम और रामगढ़ जिला परिषद के पदाधिकारी संघ समीक्षा बैठक की और विकास योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए.

सांसद ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सीसीएल परियोजनाओं के महाप्रबंधकों के साथ बैठक कर मौजूदा हालात की विस्तृत जानकारी ली और सीसीएल के बंद पड़ी विभिन्न परियोजनाओं को जल्द चालू कराने सहित सीसीएल परियोजना क्षेत्र में सीएसआर के तहत विकास कार्य, नागरिक सुविधा और बेरोजगारों के बीच रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण पर जोर देने पर विचार-विमर्श किया. इसके बाद रामगढ़ नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार सहित नगर परिषद क्षेत्र के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और विकास योजनाओं में तेजी लाने एवं जन समस्या के त्वरित निराकरण हेतु कई सुझाव भी दिए. तत्पश्चात रामगढ़ जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता बलि उरांव सहित सहायक अभियंता, कनीय अभियंता के साथ बैठक कर जिला परिषद द्वारा क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और विकास योजनाओं में तेजी लाने एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता सुधार हेतु कई दिशा निर्देश भी दिए.



विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक करते सांसद तनीष जायसवाल.

### सांसद ने क्या कहा

बैठक के पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और जनसुविधा बढ़ाना ही हमारी प्राथमिकता है और इसी निमित्त रामगढ़ जिले की विकास योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग बैठक हुई, जिसमें समाजहित और जनहित में सकारात्मक चर्चा हुई. आने वाले कुछ समय में इसका प्रभाव भी देखने को जरूर मिलेगा.

## विस चुनाव : हजारीबाग में लोकसभा पर्यवेक्षक छाया वर्मा से की मुलाकात

# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की

संवाददाता। हजारीबाग



आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस की लोकसभा पर्यवेक्षक छाया वर्मा से कांग्रेस कार्यालय में मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश की और संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की. मुन्ना सिंह ने पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक ढांचे पर बात करते हुए कहा, "हजारीबाग में कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति और पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता हमें इस चुनाव में एक मजबूत स्थिति में खड़ा करती है. मैं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं, जिनके सहयोग से हम आगामी चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ सकते हैं."

मुन्ना सिंह के साथ उनके कई समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे, जो पूरे उत्साह और जोश के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे. कार्यकर्ताओं ने मुन्ना सिंह के प्रति अपना समर्थन जताया और चुनाव में जीत हासिल करने के लिए संकल्प लिया. बता दें कि मुन्ना सिंह लंबे समय से हजारीबाग में सक्रिय रहे हैं और उनकी सामाजिक तथा राजनीतिक लोकप्रियता जनता के बीच मजबूत रही है. मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, कांग्रेस प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिषेक राज़, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद आदि मौजूद थे.

### ब्रीफ खबरें

#### एसडीएम ने होटल व लॉज संचालकों के साथ की बैठक

**सिमडेगा।** अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय सिमडेगा के सभी होटल, लॉज, धर्मशाला आदि आदि के ऑनर/मैनेजर के साथ बैठक की. जिसमें झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में शामिल होने के वाले परीक्षार्थी की पूरी जानकारी रखे. परीक्षार्थी एवं अभिभावकों को होटल में ठहरने हेतु आवश्यक जांच हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए. बैठक में जिला मुख्यालय के सभी होटल लॉज धर्मशाला आदि के ओनर मैनेजर, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सिमडेगा, अंचल अधिकारी, सिमडेगा उपस्थित हुए.

#### कार्यक्रम को सफल बनाना सबकी जिम्मेदारी

**भंडरा/लोहरदगा।** भाजपा भंडरा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी की अध्यक्षता में मंडल कार्यालय थाना रोड भंडरा में हुई. बैठक में 27 सितंबर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ रथ यात्रा एवं सभा में लोहरदगा में होना तय है. रथ यात्रा में अधिक से अधिक लोग कैसे जाए, उसपर चर्चा की गई. बैठक में उपस्थित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिन्देस्वर उरांव, जिला मंत्री राजकिशोर साहु, जालेश्वर महतो, पंकज साहु, दीपक शर्मा, हरिनाथ महतो, गीता उरांव आदि शामिल थे

#### सर्पमुंडा गिरजाटोली ने जीता खिताबी मुकाबला

**बोलबा।** बलियाजोर लेटाबेड़ा गांव में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया. फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का और युवा नेता संदेश एक्का ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. फाइनल मैच साधुमुंडा गिरजाटोली बनाम डीपाटोली के बीच खेला गया. जिसमे पेनाल्टी में साधुमुंडा गिरजाटोली की टीम ने जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया. विजेता और उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार के रुप मे खस्सी देकर सम्मानित किया.

#### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा/लोहरदगा।** नाबालिग लड़की को सेन्हा थाना क्षेत्र से शादी का झांसा दे भागने तथा प्रलोभन देने के आरोप पर सेन्हा पुलिस मामला को संज्ञान में लेते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा जेल.सेन्हा थाना क्षेत्र से निवासी सुरेंद्र महली के पुत्र सूरज महली ने एक नाबालिग लड़की को प्रेम के जाल में फांस कर उसे शादी एवं विभिन्न प्रकार का प्रलोभन दिखाकर भगा ले गया था. बताया जाता है कि नाबालिग बच्ची अपने घर से विद्यालय के लिए निकली थी जो समय से घर नहीं पहुंची, तो परिजनों को चिंता होने लगा तो परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन आरम्भ कर दिया .कहीं किसी प्रकार से पता नहीं चला.

#### मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ने लगवाया ट्रांसफॉर्मर

**कांडी।** प्रखंड के पंचायत घटऊवा कला के सेतो गांव के ग्रामीणों को पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. मोबाइल चार्ज करने, बच्चों को पढ़ने में काफी असुविधा हो रही थी. इसकी जानकारी मिलते ही ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने तुरंत वहां के ग्रामीण जनता को ट्रांसफार्मर देने का कार्य किया.

### गढ़वा विस क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक प्रबुद्धजनों व पंचायत प्रतिनिधियों ने थामा झामुमो का दामन

# जनता को धोखा दिया, अब करीबी भी हो रहे दूर : मिथिलेश

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के दो दर्जन से अधिक प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया. पार्टी में शामिल होने


माला पहनाकर पार्टी में शामिल करते मंत्री.

वालों में मुख्य रूप से तेनार मुखिया प्रतिनिधि राजू सिंह, पूर्व मुखिया रामचंद्र गुप्ता, शहर के चिनियां रोड निवासी बबलू उपाध्याय, पोटमा निवासी नंदकिशोर तिवारी, करुआ कला निवासी सुरेश तिवारी, बेलचंपा निवासी राजीव कुमार सिंह, सुमेर पासवान सहित दो दर्जन से अधिक लोगों का नाम शामिल है. मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से पूरे राज्य की जनता प्रभावित है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोगों का इसी तरह से प्यार एवं आशीर्वाद मिलता रहा तो गढ़वा को और भी बेहतर बनने से कोई रोक नहीं सकता है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के पूर्व की गढ़वा और आज के गढ़वा में काफी बदलाव हो चुका है. गढ़वा के प्रत्येक लोगों को उनका हक एवं अधिकार मिल रहा है. मंत्री ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों को मौका मिला तो जनता को धोखा दिया. उन्होंने क्षेत्र का जो हाल बना कर रखा था आज उनके काफी करीबी लोग भी साथ छोड़ चुके हैं. जिस कारण से वे लोग और भी बौखला कर क्षेत्र में अनर्गल बयानबाजी करते चल रहे हैं. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### मिशन वात्सल्य के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा-

# बाल संरक्षण और पुनर्वास कार्यों को धरातल पर उतारे

**संवाददाता। लोहरदगा**

मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की जिला स्तरीय बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में हुई. बैठक में बाल संरक्षण, समाज कल्याण, श्रम, डालसा, शिक्षा, मिरेकल फाउंडेशन, शा आदि की ओर जिला में बाल संरक्षण व पुनर्वास की दिशा में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया .उपायुक्त द्वारा सभी विभागों को आपसी समन्वय से बच्चों के हित में किये जाने वाले कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश दिया. पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा द्वारा पोस्को एक्ट में आ रहे मामलों व उनकी सुनवाई और सजा के प्रावधानों के बारे बताया गया. साथ ही उन्होंने कहा कि तय समय-सीमा के अंदर ही कार्रवाई की जा रही है. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रम विभाग पुलिस विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करे.उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अक्षरशः पालन किया जाय. जो भी मामले आएं उनकी मॉनिटरिंग की जाय.डालसा सचिव राजेश कुमार द्वारा जिला में पोस्को एक्ट अंतर्गत आये मामलों में की जा रही सुनवाई व प्रगति की जानकारी दी. श्रम अधीक्षक लोहरदगा द्वारा बाल श्रम अंतर्गत होटलों से अब तक रेस्क्यू किये गए बच्चों/किशोर-किशोरियों की जानकारी दी. साथ वैसे बच्चों के नियोजन,अभिभावकों को सूचना देना, होटल संचालक से वसूल किये जाने दण्ड शुल्क की जानकारी दी. जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार द्वारा मिशन वात्सल्य के रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी.आज की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर परिषद आदि विभागों के पदाधिकारी, संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे.



मिशन वात्सल्य के कार्यक्रम की समीक्षा करते डीसी व अन्य.

## होटल में आनेवाले सभी की पूरी डीटेल्स लें : डीसी

**लोहरदगा।** 21 एवं 22 सितंबर को होने वाली झारखंड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के होटल संचालकों के साथ बैठक की. बैठक में उपायुक्त ने सभी होटल संचालकों को निर्देश दिया कि दो दिन परीक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है. यह बहुत संवेदनशील परिस्थिति है. जिसमें परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलानेवालों पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है. होटल संचालक इन दो दिनों के दौरान अपने होटल व होटल परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के होने की सूचना त्वरित रूप से जिला प्रशासन को दें. आपके होटल में कौन आ रहे हैं इसकी व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए अपने पास जानकारी रखें.

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि परीक्षा को लेकर राज्य सरकार द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त हैं. आप सभी होटल संचालक अपने होटल में आने-जाने वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखें. अभ्यर्थी के अलावा कोई ऐसा व्यक्ति दिखे जो संदिग्ध जान पड़ता है उसकी सूचना अपने नजदीकी थाने को दें. अपने होटल में जरूरी नोटिस लगाएं. गड़बड़ी फैलानेवालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.आज की बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, नगर प्रशासक समेत विभिन्न होटलों के संचालक उपस्थित थे.


बैठक में शामिल डीसी ,एसपी व अन्य.

#### नवाह्न परायण महायज्ञ समिति की हुई बैठक

**लोहरदगा।** श्री रामचरित्र मानस समिति लोहरदगा की बैठक ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में अध्यक्ष राजेंद्र खत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में तीन अक्टूबर को पावरगंज स्थित प्राचीन देवी मंदिर से कलश लेते हुए एक वृहद रूप से शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो की ठाकुरबारी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में पहुंचकर कलश की स्थापना करते हुए नवरात्रि का पूजा प्रारंभ होगी. बैठक पर संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद खत्री, सचिव अजय मित्तल, कोषाध्यक्ष मुरली अग्रवाल, संतोष लकड़ा, संजय बर्मन, दीपक सर्राफ, मिथुन तमेड़ा, प्रमोद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, सुरेंद्र वर्मा, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय पंकज, उपेंद्र कुमार, लालमोहन प्रसाद, साधन कुमार, सत्यम सर्राफ आदि उपस्थित थे.

#### एचआईवी से बचाव की लोगों को दी जानकारी

**कुडू /लोहरदगा।** नुक्कड़ नाटक से दी गयी एचआईवी से बचाव की जानकारी लोगों को दी गयी है. शुक्रवार को कुडू प्रखंड में जागरूकता अभियान चलाया गया. जिसकी शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू से की गई. मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो मौजूद रहीं. डॉ श्रीमती होरो ने बताया कि मंडली द्वारा कुडू, सलगी और लावागाई में नुक्कड़ नाटक मंडली में शामिल कलाकारों ने लोकगीतों के माध्यम से लोगों को एचआईवी संक्रमण होने के कारण और उससे बचाव के बारे में जागरूक किया. वहीं नुक्कड़ नाटक और समूह गीत के माध्यम से लोगों को समाज में संक्रमण को लेकर फैली भ्रांतियों के बारे में जागरूक किया गया.मौके पर अस्पताल कर्मी सुजीत रजक, उर्सुला कुमारी, उजियाली कुमारी आदि उपस्थित रहे.

### न्यूज अपडेट

#### प्राइज मनी फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**लोहरदगा।** करमा जतरा के अवसर पर ग्राम बाघा में तीन दिवसीय प्राइज मनी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन शुक्रवार को हुआ. प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में क्षेत्र की विभिन्न फुटबॉल टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया . समापन समारोह में मुख्य अतिथि अभिनव सिद्धार्थ भगत ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और टूर्नामेंट की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "यह टूर्नामेंट वर्षों से नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है. फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें एस.टी. तुबेद लातेहार ने पाहन ब्रदर्स को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की. दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया. तृतीय पुरुष्कार रॉयल क्लब खकपरता ने और चतुर्थ एस.टी. टाइगर पीपराडीह ने प्राप्त किया.

#### परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक




**लातेहार।** परिवर्तन यात्रा की तैयारियों ले कर भाजपा ग्रामीण व नगर मंडल कमिटि की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आगामी 25 सितंबर को मनोज तिवारी और रविकिशन लातेहार आयेगें. इसकी तैयारी को विचार विमर्श किया गया. अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने किया. बैठक में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, कार्यक्रम प्रभारी उषा देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व जिला परिषद रामदेव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विष्णुदेव गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य हरिओम प्रसाद, जिला कार्यालय मंत्री प्रकाश कुमार जिला कार्यसमिति सदस्य आनंद सिंह राजकुमार प्रसाद सहित ग्रामीण एवं नगर मंडल के पदाधिकारी शक्तिकेंद्र संयोजक सह संयोजक सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थें.

#### मनिका की मोबाइल दुकान में लगी आग



**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो- पंचफेड़ी चौक पर रिंकू मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक दुकान में गुरुवार की रात्रि आग लग गई. इस अगलगी में दुकान में लाखों का सामान जल कर नष्ट हो गया. दुकान संचालक अनुराग कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वे गुरुवार 9.15 बजे रात में दुकान बंद कर अपने घर गये थे. रात्रि लगभग 12 बजे मकान मालिक द्वारा फोन पर सूचना मिली कि दुकान से धुआं निकल रहा है. परिजनों के साथ दुकान पहुंच कर खोला तो देखा कि सामान जल रहा है. पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को जानकारी दी, दमकल ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया. अनुराग कुमार ने बताया कि आगलगी से छह लाख का नुकसान हुआ है.

#### सड़क हादसों में चार घायल हुए, एक की मौत



**बरवाडीह (लातेहार)।** थाना क्षेत्र में विभिन्न मार्गों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार बाइक सवार घायल हो गये. घायलों में एक की मेदिनीनगर जाने के क्रम में मौत हो गयी. जबकि दो की हालत काफी नाजूक है. पहला हादसा बरवाडीह- कुटमू मेन सड़क पर कुल्ही नाला के समीप हुई. यहां एक बाइक पर दो लोग सवार होकर डालटनगंज की ओर जा रहे थे. बाइक की रफ्तार काफी तेज थी. बाइक अचानक अनियंत्रित हो कर दुर्घटनागस्त हो गयी. स्थानीय लोगों ने दो बाइक सवारों को एंबुलेंस बुला कर घायल इलाज के लिए बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र भेजा. घायलों में भरदुल भुइंया और लालमुनि भुइंया शामिल हैं. दोनो पलामू के छेचनी निवासी है. अस्पताल में इन दोनो घायलों का इलाज चल ही रहा था कि एक अन्य दुर्घटना में घायल दो बाइक सवारों को वहां लाया गया.कुटमू- महुआडांड़ मेन रोड अखरा के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई.

#### लाभुक ने डीलर पर लगाया राशन गबन का आरोप

**केतार।** प्रखंड के दासीपुर ग्राम के डीलर रामविलास बैठा पर लाभुक का 2 महीना का राशन गबन करने का आरोप लगाया गया है. बताते चले की आदिवासी टोला के चेरवानी टोला के ग्रामीणों ने मुख्यालय पहुंचकर डीलर रामविलास के खिलाफ नारे लगा कर डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने का गुहार लगाया. साथ ही 2 महीने का राशन का मांग कर दूसरे डीलर के पास आवंटन करने का आग्रह किया. लाभुकों ने कहा कि जब हमलोग डीलर के पास राशन लेने जाते हैं, तो डीलर और उनके नाती के द्वारा कहा जाता है कि जिनको जहां जाना है जा सकते हैं, मुझे किसी से डर नहीं है. केतार प्रखंड के सभी डीलरों के द्वारा लाभुक का राशन में 2 किलों से 5 किलों तक कटौती कर दिया जाता है. इस संबंध में प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने कहा कि डीलर द्वारा 2 महीने का राशन गमन का आरोप जो लगा है. इसकी जानकारी मुझे नहीं था. जांचोपरांत दोषी पाए जाने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी. डीलर ने कहा कि अगस्त और फरवरी माह का राशन मुझे नहीं मिला है. जो कुछ राशन मेरे पास था वो भी मुखिया एवं ग्रामीण के साथ बांट दिया गया है.

#### केंद्र व राज्य सरकार निकम्मी: विजय सिंह

**सिमडेगा।** सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में केंद्रीय नेता नील जस्टिन बेक व जिला सचिव शिवचंद मांझी की अध्यक्षता में झारखंड बचाओ रैली निकाल कर महापंचायत का आयोजन हुआ . रैली के मुख्य वक्ता पार्टी नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार निकम्मी है इसलिए अब झारखंड को लूट का चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा . सिंह ने मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार को सर्वाधिक झूठ बोलने वाली जुमलेबाज सरकार करार देते हुए भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी वाली सरकार बताया . उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सरकार केंद्र पर दबाव बना कर ननबैंकिंग में जमा पैसे जल्द भुगतान करना सुनिश्चित करे नहीं तो आंदोलन को और तेज किए जाने की बात सिंह ने कही है . महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन जल्द माफ हो और सरकार महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लूट पर रोक लगाने, महिलाओं को सुरक्षा, रोजगार महिला मंडल सहयोग संचालन समिति सिमडेगा की बैठक में कोर्ट ग्राउंड आने की अपील की . महापंचायत में प्रस्ताव भी पारित किए .

## किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में गढ़वा के 13 खिलाड़ी दिखायेंगे जौहर



चयनित खिलाड़ी

**संवाददाता। गढ़वा**

चयनित खिलाड़ीधनबाद में आगामी 21 से 22 सितंबर तक आयोजित ओपन राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के 13 किक बॉक्सर खिलाड़ी भाग लेंगे. जानकारी देते हुए किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में पुण्य प्रसून, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव, समीर कुमार, अमर कुमार, रामेश्वर विश्वकर्मा, समीर कुमार चौबे, शुक्रि कुमारी, सविता कुमारी, फिजा सिद्दकी, काजल तूफान, सुमित्रा कुमारी एवं सुप्रिया कुमारी का नाम शामिल है. राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है. शुभकामना देने वालों में गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह आदि शामिल थे.

## अभिनव के पक्ष में उतरे भंडरा के कांग्रेसी

**संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा**

भंडरा में बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई. जिसमें कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव पर विशेष चर्चा की. चुनाव लडने के इच्छुक सभी आवेदकों के प्राप्त आवेदन पर निष्पक्ष विचार विमर्श कर वोटिंग किया गया. वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव ने कहा पांच उम्मीदवारों का नाम शामिल किया गया है. जिसमें स्थानीयता को प्राथमिकता देते हुए सभी आवेदकों में से सबसे ज्यादा अभिनव सिद्धार्थ को सपोर्ट मिला है. वहीं दूसरा सुखैर भगत ,तीसरा रामेश्वर उरांव चौथा, दिलीप टोप्पो, बिनोद खेरवार के पक्ष में नाम आया है. डोमना उरांव ने कहा अभिनव सिद्धार्थ यंग और तेज तर्रार नेता हैं .हमारे विधानसभा क्षेत्र को ऐसे ही नेता की जरूरत है.

बैठक के दौरान मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव ने बताया की एक दिन पूर्व गुरुवार को भंडरा प्रखंड में कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई थी. शुक्रवार को बैठक कर सर्वसम्मति से सभी के द्वारा निर्णय लिया गया की अभिनव सिद्धार्थ को प्राथमिकता मिलनी चाहिए. वोटिंग के आधार पर पहला स्थान पर लोगों ने उन्हें पसंद किया है. वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रऊफ खान, हैदर अंसारी, मोबारक अंसारी, मोख्तार अंसारी, मुमताज अंसारी, राजू बखला, इम्तियाज अंसारी, शाहजहां अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, जुल्फान अंसारी, निरंजन उरांव, जमील अंसारी, इदरीस अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.


बैठक करते भंडरा प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता

### राजनीति

### भाजपा कुरडेग व केरसई मंडल के बासेन गुलझरिया में हुई बूथ स्तरीय बैठक

# बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही कराएंगे सत्ता परिवर्तन : रंजन

**संवाददाता। सिमडेगा**

भाजपा कुरडेग मंडल के कुटमाकच्छार एवं केरसई मंडल के बासेन गुलझरिया में बूथ स्तरीय बैठक हुई. बैठक में कुरडेग मंडल एवं केरसई मंडल के बूथ लेबल के कार्यकर्ता शामिल हुए. बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक भाजपा के पूर्व संगठन महामंत्री सह सिमडेगा विधानसभा प्रवासी रंजन पटेल एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव शामिल हुए. बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि सिमडेगा जिला के दोनों विधानसभा में परिवर्तन रथयात्रा ऐतिहासिक होगी. इसकी तैयारी के निमित्त सभी मंडलों में बैठक कर ली गयी है. कार्यकर्ता उत्साहित हैं. झारखंड में सत्ता परिवर्तन के लिए कृत संकल्प है. रंजन पटेल ने कहा कि झारखंड की जनता भ्रष्ट सरकार से तंग आ चुकी है. आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा सरकार एवं सिमडेगा में भाजपा का विधायक होगा इसके लिए आप सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर प्रत्येक हमारे वोटर तक पहुंचकर यह सुनिश्चित करना है कि वो पोलिंग बूथ तक पहुंचे और हमारा एक एक वोटर मतदान करे तभी सत्ता परिवर्तन संभव है. श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को आने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ जीत दिलाने के कई महत्वपूर्ण बातें बताई. बैठक का समापन मंडल महामंत्री रविंद्र शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए किया. बैठक में मुख्य रूप से राम चंद्र साय, कामेश्वर साय, अनुज श्रीवास्तव रामविलास राणा कैलाश मेहर सुधीर मांझी छबिन्द्र साय, बसंत गुप्ता, गणेश राम यादव, सीताराम पासी, लालू यादव, नितेश सिंह, लक्ष्मी देवी ,नंदकुमार यादव, सभी बूथ अध्यक्ष , बी एल ए एवं बहुत अधिक संख्या में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



बैठक में शामिल भाजपा नेता का स्वागत करते कार्यकर्ता.

**खास बातें**

- सत्ता परिवर्तन को लेकर कृतसंकल्प हैं कार्यकर्ता
- रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को मिला दायित्व

### विकास के नाम पर तेजी से मरीज बन रहे हैं बालूमाथवासी

# कोयले की धूल ने छीनी लोगों की मुस्कुराहट

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

खनिज सम्पदाओं से परिपूर्ण बालूमाथ प्रखंड में कई कोल परियोजनाएं संचालित हैं. जिसमें कुछ परियोजना वर्षों से संचालित हैं तो कई परियोजनाएं खुल रही है. इनमें सीसीएल, एनटीपीसी व अन्य कम्पनियां शामिल हैं. वर्षों से सीसीएल अपने कोल परियोजनाओं से प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये मुनाफा कमा रही है और अपना व्यापार भी तेजी से बढ़ा रही है. बावजूद इसके यहां निवास करने वाले लोगों के चेहरे की चमक को काले हीरे की चमक ने फीका कर दिया है. लोगों का विकास होने के बजाय उनका विनाश हो रहा है.उन्हें न तो योजनाओं का लाभ मिल रहा है और न ही कोल कंपनियां क्षेत्र का विकास कर रही हैं. एशिया की विख्यात कोल परियोजनाओं से आम लोगों को बहुत सरोकार नहीं है. कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) की राशि विस्थापित और प्रभावित गांवों के विकास में खर्च नहीं हो रही है. यही कारण है कि ग्रामीणों के हिस्से में अब तक धूलकण ही आए हैं. धूलकणों से वहां का वातावरण दूषित हो रहा है. वायुमंडल इतना प्रभावित हो गया है कि शुद्ध हवा मिलना मुश्किल है. इससे पानी की शुद्धता भी प्रभावित हो गई है. नदी और नालों का अस्तित्व मिट रहा है. लोगों को बिजली और शुद्ध पानी भी नसीब नहीं हो रहा है. हवा के प्रदूषित होने से लोग तमाम तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं. सरकारी रिपोर्ट को मानें तो कुल आबादी के करीब चार प्रतिशत लोग यक्ष्मा, सांस, कान, आंख जैसे रोगों से पीड़ित हैं.


खराब होती फसल.

## बंगाल का अतिवादी कदम

बाढ़ प्राकृतिक आपदा है. ज्यादा बारिश के कारण कभी-कभी ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं कि डैम के गेट को खोलना पड़ता है, लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित बाढ़ को ले कर जिस तरह की प्रतिक्रिया दी है और झारखंड बंगाल सीमा को सील करने का आदेश दिया है, वह बेहद दुखद है. जिस सवाल को बातचीत से सुलझाया जा सकता है, उसे संजीदा बना देना भारतीय संघात्मक ढांचे के लिए एक बड़ी चुनौती है. बेहतर होता कि ममता बनर्जी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरन से बात कर हालात को समझ लेती, लेकिन सीमाबंदी का फैसला एक अतिवादी कदम है. लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार ही हुआ है कि एक राज्य बाढ़ की आपदा के लिए किसी दूसरे राज्य को दोषी बताए. दरअसल ममता बनर्जी अपने ही राज्य में आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद बने हालात को ले कर घिरी हुई हैं. ऐसे में ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के दबाव का कदम उठाना उनकी कमजोरी का ही संकेत है. पश्चिम बंगाल में आये बाढ़ को लेकर ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराया है और झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है. इसकी वजह से बंगाल झारखड के बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस घटना को असंवैधानिक बताया है. झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच पैदा हुए विवाद का तुरंत हल निकाला जाना चाहिए और ममता बनर्जी को सीमाबंदी जैसे अतिवादी कदम को वापस लेना चाहिए. ममता बनर्जी ने बाढ़ को लेकर आरोप लगाया है कि झारखंड के मैथन और पंचेत डैम से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में बाढ़ की स्थिति पैदा हुई है. इसी विवाद के कारण पश्चिम बंगाल-झारखंड बॉर्डर को सील कर दिया गया है, जिससे कई वाहन फंस गए हैं. बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है. झारखंड में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हुई, जिसकी वजह से नदियों का जलस्तर बढ़ गया. इस वजह से डीवीसी ने मैथन और पंचेत डैम से पानी छोड़ा. इस मामले में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि जानबूझ कर डीवीसी से अधिक पानी छोड़ा गया, जिसके कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति बन गई. ममता बनर्जी ने डीवीसी और केंद्र के अधीन झारखंड सरकार को 'मानव निर्मित बाढ़' करार दिया है. यह आरोप वास्तविकता से परे हैं. अभी हाल ही में बांग्लादेश ने भी भारत पर इसी तरह का अनर्गल आरोप लगाया था. दरअसल राजनीति में अतिवादी कदम हमेशा राज्यों के अंतरसंबंधों को प्रभावित करते हैं. झारखंड और बंगाल पड़ोसी राज्य हैं और दोनों राज्यों में ही भाजपा विरोधी सरकारें हैं. जाहिर है कि झारखंड या डीवीसी ने डैमों के गेट जानबूझ कर नहीं खोला है. पश्चिन बंगाल सरकार के सीमाबंदी करने के अचानक लिए गए इस फैसले से झारखंड से माल लेकर जाने वाले कई वाहनों के चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के माल ढोने वाले चालक भी इससे भारी परेशानी में हैं.

> पश्चिम बंगाल में आये बाढ़ को लेकर ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराया है और झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है. इसकी वजह बंगाल झारखड के बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है.

### सुभाषित

सुखार्थी च त्यजेत् विद्यां विद्यार्थी च त्यजेत् सुखम्।
सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतो सुखम्॥

यदि आप सुख की इच्छा रखते है तो आपको विद्यावान बनाने का विचार त्याग देना चाहिए और विद्या की इच्छा रखते हैं तो सुख का त्याग करना चाहिए, क्योंकि जो विद्यार्थी सुख की इच्छा रखता है उसके लिए विद्या कहां है , ओर जो विद्या की इच्छा रखता है उसके लिए सुख कहां.


# राजनीति की धार, इसके रंग हजार

**झारखंड देख चुका है कि इसके ठीक पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गिद्ध, चील, कौवे जैसी उपमाओं का प्रयोग किया. राजनेता समाज के पहरुए होते हैं. उनसे अगली पीढ़ी और वर्तमान पीढ़ी प्रभावित होती है. दलगत भावना से ओतप्रोत होकर राजनेता एक-दूसरे के प्रति असम्मानजनक भाषा का प्रयोग करते हैं तो समाज में कैसी-कैसी बोली-बानी का प्रयोग होगा, यह समझा जा सकता है.**





• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड दौरे पर थे. इन्द्रदेव ने साथ न दिया. इसलिए उनको रांची से जमशेदपुर तक तकरीबन 140 किमी कार से यात्रा करनी पड़ी. वह उनकी प्रोटोकॉल वाली कार न थी. आनन-फानन में जो व्यवस्था बन सकी, उसी से उन्होंने यह यात्रा की. ऐसा पहली बार हुआ, जब किसी प्रधानमंत्री ने झारखंड में ऐसी यात्रा की हो. उन्होंने जन सुविधा की कई घोषणाएं रांची और जमशेदपुर में की और कुछ लॉन्चिंग भी की. पीएम को रिटर्न गिफ्ट में वोट चाहिए, तो उन्होंने भी योजनाओं-घोषणाओं की सौगात दी. उनका जो भाषण था, उससे स्पष्ट होता है कि वे पॉलिटिकल मिशन पर थे. राज्य चुनाव के मुहाने पर खड़ा है. प्रधानमंत्री भाजपा से ताल्लुक रखते हैं. दलीय बंधन है तो चुनाव जीतना एक मिशन ही है. सो, उन्होंने इस मिशन पर काम किया. चाहे जो भी किया, किया तो सही. कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इधर शायद चुनाव के समय झांक-झूंक कर ले. यूं, मोदी झारखंड से योग दिवस के अलावा कई महत्वपूर्ण योजनाओं की लॉन्चिंग कर चुके हैं. यानी उनके लिए यह राज्य महत्व रखता है. वे हर वोट का हिसाब रखते हैं. जमशेदपुर की जनसभा में उन्होंने बहुत मानीखेज बातें कही. उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद को झारखंड का दुश्मन करार दिया. कांग्रेस के लिए सीधे-सीधे कहा कि उसको इस राज्य से नफरत है और झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है. मोदी बेशक भाजपा परिवार के हैं, लेकिन इससे अधिक महत्वपूर्ण यह कि वे देश के प्रधानमंत्री हैं और इसी हैसियत से वे यहां पधारे थे. प्रतिद्वंद्वी दलों के लिए जो कुछ कहा, उससे प्रतिद्वंद्विता के बजाय दुश्मनागत की हद तक बू आती प्रतीत होती है. शालीन शब्द प्रधानमंत्री से अपेक्षित होते हैं. वे देश के आईकॉन हैं.


झारखंड देख चुका है कि इसके ठीक पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गिद्ध, चील, कौवे जैसी उपमाओं का प्रयोग किया. राजनेता समाज के पहरुए होते हैं. उनसे अगली पीढ़ी और वर्तमान पीढ़ी प्रभावित होती है. दलगत भावना से ओतप्रोत होकर राजनेता एक-दूसरे के प्रति असम्मानजनक भाषा का प्रयोग करते हैं तो समाज में कैसी-कैसी बोली-बानी का प्रयोग होगा, यह समझा जा सकता है. वर्तमान राजनीति समाज को कौन सी दिशा दे रही है, यह उसे खुद विचारना होगा. क्या हमारे राजनेता केवल और केवल चुनावी जीत ही ध्येय बना चुके हैं? यदि हां और बेशक हां, तो मान लीजिए कि हम उस राजशाही की ओर लौट रहे हैं, जो राजगद्दी बचाये रखने के लिए या उस पर कब्जे के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. वर्तमान राजनीति में किसी अशोक की उम्मीद नहीं जगती. इधर झारखंड की इंडिया ब्लॉक वाली सरकार ने बजट से बाहर की 25 हजार करोड़ की योजनाओं का रायता दनादन फैला दिया है. बजट में उसने 79,782 करोड़ प्लान हेड में रखा था. यानी बजट के एक तिहाई से अधिक अतिरिक्त धन वर्षा करनी है. गरीब झारखंड अचानक अमीर हो चला है. है न! 25 वर्षीय इस राज्य ने विधायकों, पूर्व विधायकों के वेतन-भत्तों पर पिछली दो जुलाई को सातवीं बार जो धन वर्षा की, उसकी बनिस्बद मईंयांओं पर हजार रूप्पली खर्चना आवश्यक लगा हो शायद. भाजपा का यही सिरदर्द है. सवाल वोट का है.

उधर अध-रजी दिल्ली के कभी एक्टिविस्ट मफलरमैन के खिताबी सीएम अरविंद केजरीवाल 177 दिनों बाद पिछले 13 सितंबर को तिहाड़ से बाहर आ गए. ईडी ने उनको शराब घोटाला मामले में अंदर किया था. बाद में पिंजरे वाले तोता यानी सीबीआई ने भी हाथ साफ कर लिया. बाहर आते ही उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा की. किसी हद तक अपनी तुलना भगत सिंह और राज गुरु से की. वे गुरु राजनेता हैं. अब वे शहीदाना अंदाज में आ गए हैं. हरियाणा में चुनाव है. उनको एक तो वहां ताल ठोंकनी है, दूसरे शीर्ष अदालत ने उनको जो कर्टेन्ड बेल दी है, उसमें वे सीएम रहकर भी क्या कर लेते! सो, वैकल्पिक राजनीति का नैरेटिव पेश करने में नहीं चूके. एक इस्तीफा से दो निशाने साधने की उन्होंने चाल चली. राजनीति का कूट कर्म यही कहता है, अपनी कमजोरियों में भी मजबूती तलाश ली जाय.

हरियाणा में भाजपा, कांग्रेस में रूठने-मनाने का दौर चला तो जम्मू-कश्मीर में गठबंधन की गांठें सुलझायी गईं और वोट का दौर चल निकला. इसके तुरंत बाद महाराष्ट्र और झारखंड की बारी है. खासकर झारखंड में निशाने पर कोल्हान की 14 और संताल परगना की 18 सीटें हैं. कोल्हान में भाजपा साफ है, तो संताल परगना में चौथाई से भी कम. पीएम का पॉलिटिकल मिशन कोल्हान से प्रारंभ हुआ. उनकी सरकार में नंबर दो के पुरुष अमित शाह 20 सितंबर को सिदो-कान्हू की धरती संताल परगना के भोगनाडीह में गरजे-बरसे. बाबूलाल मरांडी पहले ही शरणागत हो चुके थे, फिर सीता मुर्मू, चम्पाई सोरेन और लोबिन हेम्ब्रम भी आ धमके हैं. भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफिकल चेंज को ब्रह्मास्त्र बना चुकी है. काश, वह स्थानीय नेतृत्व पर भरोसा कर पाती! जिसकी झोली में पांच-पांच पूर्व मुख्यमंत्री हैं, वह दिल्ली के भरोसे राजनीति पर आमादा है. अद्भुत है उसका झारखंड प्रेम. अभी बहुत से रंग बाकी हैं. राजनीति न जाने कौन-कौन से रंग दिखाये. दोनों तरफ पेंच-ओ-खम कम नहीं हैं. फिर भी इंडिया ब्लॉक के सामने गांठें अधिक हैं. एंटी इन्कम्बेंकसी भी उसको ही झेलनी है. 2014 से ही भाजपा ने जो राह दिखायी - बनायी है, उससे सीख लेना उसी को है. चुनाव को युद्ध मानो और तैयारियां पहले से करो, चाहे रंग हजार बदलो.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## पांच कारणों का समन्वय

एक व्यक्ति ने अपने बगीचे में आम का वृक्ष उगाया, जब उस पर आम लग गये तो अपने पांच मित्रों को मीठे स्वादिष्ट फ़ल खाने के लिये आमंत्रित किया. सभी फलों का रसास्वादन करते हुए चर्चा करने लगे. वे पांचो अलग अलग मतवादी थे. चर्चा करते हुए प्रथम कालवादी ने कहा, आज जो हम इन मीठे फ़लों का आनंद ले रहे हैं वह समय के कारण ही सम्भव हुआ. जब समय हुआ पेड़ बना, काल पर ही आम लगे और पके, समय ही कारण है, हमें परिपक्व आम उपलब्ध हुए. तभी स्वभाववादी बोला, काल इसका कारण नहीं है, जो भी हुआ स्वभाव से हुआ. गुठली का गुणधर्म था आम का पेड बनना, पेड का स्वभाव था, उसपर आम लगना, स्वभाव से ही उसमें मधुर रस उत्पन्न हुआ. स्वभाव ही मात्र कारण है. नियतिवादी दोनों की बात काटते हुए बोला, न तो काल ही इसका कारण है न स्वभाव. कितना भी गुठली के उगने का स्वभाव हो और कितना भी काल व्यतीत हो जाय, अगर गुठली के प्रारब्ध में उगना नहीं होता तो वह न उगती, वह सड भी सकती थी, किस्मत न होती तो पेड अकाल खत्म भी हो सकता था. आम पकना नियति थी सो पके. प्रारब्ध ही एक मात्र कारण है. उसी समय कर्मवादी ने अपना मंतव्य रखते कहा, न काल,न स्वभाव, न नियति ही इसका कारण है, सभी कुछ कर्म-सत्ता के अधिन है. कर्मानुसार ही गुठली का उगना,पेड बनना,व फ़ल में परिवर्तित होना सम्भव हुआ. हमारे कर्म थे जिससे इन फ़लों का आहार हम कर रहे है. अब पुरुषार्थवादी की बारी थी, उद्यमवादी ने कहा, भाइयों हमारे इन बागानस्वामी ने सारी मेहनत की उसमें ये काल, स्वभाव, नियति और कर्म कहां से आ गये. इन्होंने श्रम से बोया, रखवाली की, खाद व सिंचाई की, सब इनके परिश्रम का ही फ़ल है. जो भी कार्य होता है वह पुरुषार्थ से ही होता है. पांचों ही अपनी अपनी बात खींच रहे थे, सभी के पास अपने मत को सही सिद्ध करने के लिये पर्याप्त तर्क थे. बहस अनिर्णायक हो रही थी. तभी बागानस्वामी ने कहा मित्रों आप सभी अपनी अपनी बात पकड कर गलत, मिथ्या सिद्ध हो रहे हो, यदपि आप पांचों का अलग स्वतंत्र अभिप्राय मिथ्या है तथापि आप पांचो के मंतव्य सम्मलित रूप से सही है , इन पांचों कारणो का समन्वय ही सत्य है. पांचो कारणों के समन्वय से ही कार्य निष्पन्न होता है, बिना काल, स्वभाव, नियति, कर्म और पुरुषार्थ के कोई कार्य सम्भव नहीं होता. किसी एक कारण का भी निषेध करने से कथन असत्य हो जाता है. हां यह हो सकता है कि किसी एक कारण की प्रमुखता हो और शेष कारण गौण, लेकिन सभी पांच कारणो का समन्वित अस्तित्व निश्चित ही है.

# रूस-यूक्रेन के बीच शांति पहल कामयाब नहीं

• देशांतर

डॉ. मलय मिश्रा

जैसे-जैसे रूस यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंच रहा है, कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल बढ़त का असर कम हो रहा है. रूस, यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंचते हुए कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल की गई बढ़त को चुनौती दे रहा है. वहां कुर्स्क सैनिकों ने कई रूसी गांवों पर कब्जा कर लिया है. स्थिति में लगातार बदलाव होते रहता है. रूस ने अभी एक रणनीतिक स्थान मेमरिक गांव पर कब्जा करने की घोषणा की है, जो कीव के रसद केंद्र पोक्रोव्स्क की ओर जाता है और लगभग 20 किमी दूर है. यूक्रेनी सरकार ने पहले ही पोकवोर्स्क में स्थानीय आबादी को इलाका खाली करने के आदेश दे दिए हैं जो बता रहे हैं कि दो युद्धरत देशों के बीच शांति लगातार घट हो रही है. यह भी लगता है कि शांति स्थापना के नई दिल्ली के प्रयास काम नहीं आए हैं. हालांकि पीएम मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा के दौरान शांति प्रयासों से बहुत उम्मीद नहीं की गई थी. युद्ध एक महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गया है और दोनों पक्षों की ओर से राहत के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं. अगर पीएम की यह यात्रा उनकी पिछली मॉस्को यात्रा पर नाराजगी को शांत करने के लिए थी तो प्रधानमंत्री के मध्यस्थता के इशारे ने गुस्से को शांत करने कोशिश को कम नहीं किया बल्कि उनके यूक्रेनी मेजबान ने अपनी बाद की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इस संघर्ष के बारे में भारत के दृष्टिकोण में कई विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए जो कहा है वह उनकी नाराजगी को बताता है.

जुलाई में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के तुरंत बाद पोलैंड (21-22 अगस्त) और यूक्रेन (23 अगस्त) (यूक्रेन के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर) की पीएम मोदी की योजनाबद्ध यात्रा, रूस और यूक्रेन के बीच 30 महीने के संघर्ष में मध्यस्थता का भारत का सीधा प्रयास प्रतीत होता है. भारत ने शांति के लिए एकमात्र मार्ग के रूप में 'बातचीत और कूटनीति' का आह्वान करने में एक सुसंगत रुख अपनाया है और दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत के द्विपक्षीय समाधान के प्रयास किए और दोनों राष्ट्रपतियों ज़ेलेंस्की और पुतिन दोनों के साथ बैठकें कीं. इस सिलसिले में आखिरी बार क्रमशः जून में इटली में जी-7 बैठक और इस साल जुलाई में मास्को में द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के मौके पर बातचीत हुई थी. शिखर बैठक के दौरान राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के चित्र जब छप रहे थे, उसी वक्त रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर हमला किया था, जिसमें कैंसर से पीड़ित बच्चे मारे गए थे, जिसकी वजह से यूक्रेन के राष्ट्रपति नाराज थे. इस हमले ने पश्चिमी देशों को और नाराज कर दिया तथा नाटो की 75 वीं वर्षगांठ के लिए समय में वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया. उस पृष्ठभूमि के खिलाफ और दोनों बड़े शक्ति गठबंधनों के बीच अपने संतुलन कार्य को जारी रखते हुए, भारत के प्रयासों को यूक्रेनी पक्ष पर चिंताओं को दूर करने और पश्चिम के संघर्ष में जाहिर भारतीय नीति के साथ सहज महसूस करने के लिए सोचा जा सकता है. यह एक ऐसी स्थिति है, जिसने पश्चिम खुश नहीं है, क्योंकि भारत ने रूस को हमलावर के रूप में घोषित करने से परहेज किया है एवं संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कई प्रस्तावों से परहेज किया है. इसके अलावा जी-7 की बैठक के तुरंत बाद 24 जून को स्विट्जरलैंड में यूक्रेन द्वारा आयोजित शांति सम्मेलन में भारत की ओर से जूनियर स्तर का प्रतिनिधि मंडल भेजा गया और बैठक की संयुक्त घोषणा पर भारत की ओर से हस्ताक्षर भी नहीं किए गए. इस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों ने भाग लिया था. एक निष्पक्ष शांतिदूत के रूप में भारत की स्थिति को इस संघर्ष के संदर्भ में अच्छा नहीं माना गया. इस बीच, यूक्रेन द्वारा रूस के दक्षिणी कुर्स्क क्षेत्र पर आश्चर्यजनक आक्रमण और अधिग्रहण, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से रूसी क्षेत्र पर पहला हमला था, जिसने दो युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थता के सभी प्रयासों को उलट दिया और मास्को को कतर मध्यस्थता प्रयासों को आगे नहीं बढ़ने देने में कड़ा रुख अपनाने को मजबूर कर दिया था जिसके लिए 22 अगस्त के लिए दोनों पक्षों के बीच एक आभासी बैठक होने वाली थी.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> भारत ने शांति के लिए एकमात्र मार्ग के रूप में 'बातचीत और कूटनीति' का आह्वान करने में एक सुसंगत रुख अपनाया है और दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत के द्विपक्षीय समाधान के प्रयास किए और दोनों राष्ट्रपतियों ज़ेलेंस्की और पुतिन दोनों के साथ बैठकें कीं. इस सिलसिले में आखिरी बार क्रमशः जून में इटली में जी-7 बैठक और जुलाई में मास्को में द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के मौके पर बातचीत हुई थी.

# दोस्ती और मानसिक स्वास्थ्य का रहस्य

• मनोविज्ञान

रेनू गहलोत रॉय

'बात करने से बात बनती है', लेकिन बात करें तो किससे? उसी से, जो कहे न किसी से. अपनी बातों को सिर्फ उनसे ही कहना चाहिए, जो आपकी बातों को अपने तक सीमित रखते हैं. जो आपसे भावनात्मक रूप से मजबूती से जुड़े होते हैं. यानी कि जो आपके अच्छे दोस्त होते हैं. यदि आपके जीवन में एक सच्चा दोस्त आपके साथ हमेशा खड़ा है तो आपको कभी किसी चीज की कमी नहीं होने देगा. आप हमेशा मानसिक तौर पर मजबूत बने रहेंगे. ऐसा मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जब हम अपने किसी अच्छे दोस्त से कुछ अपना दुख दर्द शेयर करते हैं तो वह खत्म हो जाता है और हम मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं. दोस्ती इतनी महत्वपूर्ण है कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने की क्षमता रखती है. किसी भी तरह के पारस्परिक संबंध, जैसे कि महत्वपूर्ण परिवार से जुड़े रिश्ते, भावनात्मक स्तर पर भी प्रभाव डालते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य की बात करें तो दोस्ती सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. आज के समय में शायद ही कोई हो, जिसकी सहेली, सखी, दोस्त, मित्र न हों. बच्चे बचपन से ही मित्रों के साथ खेलना, उनसे दोस्ती करना शुरू कर देते हैं और यह बच्चों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं. बच्चों को बच्चों के साथ खेलना अच्छा लगता है. बच्चों को बच्चों के बीच में रहना अच्छा लगता है और यही आगे बढ़कर दोस्ती का रूप ले लेता है. कल मेरे पास एक मेडिकल स्टूडेंट जिसने अभी-अभी सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया है, नींद नहीं आना, भय, असुरक्षा की भावना, चिंता, तनाव इत्यादि समस्याओं को लेकर मेरे पास आई. हमें आश्चर्य हुआ कि उसका कोई भी मित्र ही नहीं है. न कोई उसकी सहेली, दोस्त कोई भी नहीं है. उसने बताया - "मैडम, मेरे लिए मेरा भाई, मेरी बहन, मेरे मम्मी -पापा और मेरी टीचर्स हैं. बस, यही मेरी दुनिया है. मैं उनके साथ ही सब कुछ शेयर करती हूं और यही मेरी जिंदगी में महत्वपूर्ण है. वह जो पाना चाहती थी तो वह तो उसे मिल गया. उसने मेडिकल कॉलेज में दाखिला तो ले लिया. अकेलापन और सीमित रिश्तों के बीच रहने से उसमें आज असुरक्षा, कुंठा की भावना घर कर गई है. वह सफलता प्राप्त करने के बाद भी खुश नहीं थी. यहां उसके माता-पिता की अधिक अपेक्षाएं भी इसका कारक हैं. सेशन समाप्त होने पर उसने मुझे बहुत धन्यवाद दिया और बहुत अच्छा अनुभव किया. शायद उसकी समस्या बहुत हद तक समाप्त हो गई थी. दोस्ती उन लोगों से भी विकसित होती है, जिनके साथ हम अच्छी तरह से संवाद कर सकते हैं. दोस्ती एक रिश्ता है. मनुष्य में दूसरों से जुड़ने की गहरी मौलिक ज़रूरत होती है. जब अपनी किसी सहेली या दोस्त से अपनी भावनाओं को शेयर करते हैं तो यह वास्तव में हमारे शरीर में एंडोर्फिन भेजता है. एंडोर्फिन हार्मोन हैं, जो हमें अच्छा महसूस कराते हैं. इसलिए, जब हम किसी मित्र के आस-पास होते हैं तो हम सकारात्मक भावनाओं से भरे रहते हैं. हम केवल एक मित्र के आस-पास होने से तनाव, दुःख और अन्य नकारात्मक भावनाओं से राहत महसूस कर सकते हैं. बातचीत थेरेपी के माध्यम से तनाव से राहत मिलती है, जो बहुत ही अनुकूल है. दोस्त हमारे अंदर की सर्वश्रेष्ठता को सामने लाते हैं. हम लेना नहीं, बल्कि देना सीखते हैं. हम अपने दोस्त के लिए परवाह और चिंता विकसित करते हैं, जिसे हम बार-बार दिखाते हैं. अच्छे दोस्त उस परवाह और चिंता का बदला चुकाते हैं. रिश्ता विश्वास, निःस्वार्थता और प्यार से बना होता है, जब किसी मित्र को कोई समस्या होती है तो हम उसकी बात भी सुनते हैं. मित्र होने के पीछे का मनोविज्ञान भी काफी मजबूत है. हम उपयोगी महसूस करते हैं. हम सहानुभूति और अन्य भावनाओं को महसूस करते हैं, जो दोस्ती के बंधन को और भी मजबूत बनाते है. जब हम पर भरोसा किया जाता है तो हम उस विश्वास को अर्जित करने और बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होता है, वह करते हैं. अंततः, जब हम एक अच्छे मित्र होने का अभ्यास करते हैं तो हम बेहतर इंसान बन जाते हैं. दोस्त आमतौर पर वे लोग होते हैं, जिनके साथ हम हंसना और मौज-मस्ती करना पसंद करते हैं. हंसना बहुत ही सेहतमंद होता है, यह अवसाद जैसी बीमारियों को ठीक कर सकता है. हंसने से हमें लंबे समय तक जीने में भी मदद मिलती है. वे हमारे जीवन में गुणवत्ता भी जोड़ते हैं. दोस्ती न केवल हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह अनिवार्य भी है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> कल मेरे पास एक मेडिकल स्टूडेंट जिसने अभी-अभी सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया है, नींद नहीं आना, भय, असुरक्षा की भावना, चिंता, तनाव इत्यादि समस्याओं को लेकर मेरे पास आई. हमें आश्चर्य हुआ कि उसका कोई भी मित्र ही नहीं है. न कोई उसकी सहेली, दोस्त कोई भी नहीं है. उसने बताया - "मैडम, मेरे लिए मेरा भाई, मेरी बहन, मेरे मम्मी -पापा और मेरी टीचर्स हैं. बस, यही मेरी दुनिया है.

### मीडिया में अन्यत्र

## एक साथ चुनाव कराने का मामला कितना सही

**विभिन्न** राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के कई लोगों द्वारा एक साथ चुनाव कराने के विचार का विरोध किए जाने के बावजूद, केंद्र सरकार ने इस योजना को आगे बढ़ाने संबंधी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली एक उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने का फैसला किया है. समिति ने पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने और उसके बाद आम चुनाव के 100 दिनों के भीतर नगरपालिका और पंचायत चुनाव कराये जाने की परिकल्पना की है. ऐसा करने के लिए, सरकार को संसद और राज्य विधानसभाओं से संवैधानिक संशोधन पारित कराने की जरूरत होगी. इस प्रस्ताव के लिए दो प्रमुख कारण गिनाए गए हैं - पहला, इन चुनावों को एक साथ कराने पर इसकी लागत काफी कम हो जाएगी और दूसरे, एक साथ चुनाव नहीं होने से राजनीतिक दलों को लंबे समय तक चुनाव प्रचार के मोड में रहना पड़ता है, जिससे शासन और विधायी कार्य प्रभावित होते हैं. पहले कारण के समर्थन में बहुत कम या कोई अनुभवजन्य आंकड़ा उपलब्ध नहीं है. पहले ही, आम चुनावों में काफी ज्यादा लंबा समय लगता है और कुछ राज्यों में चुनाव कई चरणों में होते हैं. एक साथ चुनाव होने से यह प्रक्रिया काफी लंबी हो सकती है. समिति की सिफारिशों में से एक यह भी है कि अगर किसी राज्य की विधानसभा अपने पांच साल के कार्यकाल से पहले भंग हो जाती है, तो 'नियत तिथि' - लोकसभा और विधानसभा चुनावों के एक ही समय में होने की तारीख - के बाद नए 'मध्यावधि' चुनाव तो होंगे लेकिन नई विधानसभा का कार्यकाल पूरे पांच साल का नहीं होगा. इसका कार्यकाल 'नियत तिथि' से पांच वर्ष बाद समाप्त होगा. यह प्रावधान एक साथ चुनावों के जरिए लागत में कटौती के मूल विचार के खिलाफ है. यह एक संघीय स्वरूप का विरोधी विचार भी है. एक बहु-स्तरीय शासन प्रणाली में, लोग अपनी इस धारणा के आधार पर अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं कि कौन सबसे उपयुक्त है. सरकार के विभिन्न स्तरों के लिए सीमांकित की गई शक्ति प्रत्येक प्रतिनिधि के लिए अलग-अलग भूमिका का निर्धारण करती है और मतदाताओं को विभिन्न विकल्प सुझाती है, जो पार्टी से जुड़ाव, उम्मीदवार की ताकत, वैचारिक रूझान या निर्वाचन क्षेत्र-विशेष के सामाजिक-आर्थिक कारणों पर आधारित हो सकते हैं. **(द हिंदू)**




### शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## सुर/सूर/शूर

**प्रसिद्ध** गायक येशुदास और हेमलता की लहराती बलखाती आवाज में यह गाना बचपन से ही सुनता आ रहा हूं-तू जो मेरे सुर में सुर मिला ले, संग गा ले तो जिंदगी हो जाये सफल. रवींद्र जैन द्वारा लिखित इस गाने को जब मैंने आज अचानक सुना तो मेरा ध्यान उस शब्द पर गया, जिसपर बहुत अधिक जोर गीतकार और गायक-गायिका ने दिया है. वह शब्द है 'सुर'. इस शब्द का प्रयोग कई फिल्मी गीतों में मिलता है, लेकिन प्रायः सबों में स्वर या आवाज के अर्थ में ही. वर्धा हिंदी शब्द कोश के अनुसार सुर शब्द का अर्थ है-स्वर, आवाज, लेकिन ध्यान देने की बात यह है कि इस अर्थ में प्रयुक्त सुर तद्भव शब्द है. तद्भव का मतलब संस्कृत के किसी मूल शब्द से निकला हुआ हिंदी शब्द. इस सुर का मूल संस्कृत शब्द स्वर है. ऊपर के गीत में एक मुहावरे का प्रयोग भी है-सुर में सुर मिलाना, जिसका मतलब होता है हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना. वैसे सभी शब्दकोशों और वाक्य प्रयोगों में सुर का रूप तत्सम भी है. तब इस शब्द का अर्थ है-देवता, देवमूर्ति, सूर्य, मुनि. इस सुर शब्द के पहले अक्षर 'स' में ह्रस्व 'उ' की मात्रा न लगाकर दीर्घ 'ऊ' की मात्रा लगा दें तो इसका अर्थ बदल जाता है. तब इसका रूप हो जाता है सूर. इस शब्द का अर्थ रेख्ता शब्दकोश के अनुसार होगा-खुशी, प्रसन्नता, आनन्द, हर्ष, आक, मदार, बहुत बड़ा पंडित, आचार्य, सूर्य आदि है. इसी शब्द से बना है सूरदास, जिसका प्रयोग नेत्रहीन व्यक्ति को विशेष सम्मान देने के उद्देश्य से किया जाता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार सूरदास का अर्थ है-ब्रजभाषा के प्रसिद्ध वैष्णव कवि और महात्मा, जो दृष्टिहीन थे, नेत्रहीन व्यक्ति. इन दोनों शब्दों के पहले अक्षर की मात्रा को ध्यान में रखा जाये तो इसका सही प्रयोग संभव होगा. इनसे मिलता-जुलता शब्द है शूर. अंतर क्या है? यही कि इसका पहला अक्षर दंत्य 'स' नहीं, बल्कि तालव्य 'श' है और उसमें दीर्घ 'ऊ' कार की मात्रा लगी होती है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार इसका अर्थ है-बहादुर, वीर, सूरमा, योद्धा, युद्ध कुशल, सूर्य.

# वाह रे चुनाव, कमाल की चीज

• तीर-तुक्का

विमल किशोर


वाह रे वाह चुनाव! कमाल की चीज हो भई. जब भी आते हो गजब की बहारें लाते हो. जैसे ठिठुराती ठंड के बाद बसंत आता है तो प्रकृति गुलजार हो जाती है, जहां-तहां फूल खिल जाते हैं, नई कोपलें उग आती हैं, लोग-बाग तो क्या घोंघे भी सक्रिय हो उठते हैं, वैसे ही तुम्हारे आने की आहट से ही जनता जनार्दन हो जाती है, उनमें सुगबुगाहट शुरू हो जाती है, गांव-कस्बे, गली-कूचे सजने-संवरने लगते हैं, चहल-पहल शुरू हो जाती है, चौक -चौराहे व्यस्त हो जाते है, ये पार्टी-वो पार्टी, ये नेता- वो नेता की चर्चा में लोग रोजी-रोटी की चिंता, दुःख-दर्द सब भूल जाते हैं. वसंत के बाद एक तुम्हारा ही तो मौसम है, जब घोंघों को भी सक्रिय होने का अवसर मिलता है. तुम्हारे आते ही जहां-तहां रंगीन मंच खड़े हो जाते हैं, लाइटें लग जाती हैं, देश भक्ति के गीत झंकृत होने लगते हैं, देश-प्रेम टपकाते चेहरे नमूदार होने लगते हैं. देव-प्रतिनिधियों का मंचारोहण शुरू हो जाता है. भूले हुए शब्द जैसे गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार फिर से प्रचलन में आ जाते हैं. असंभव सी लगनेवाली वाली घोषणाएं, खोखले आश्वासन, झूठे वादे, एक झूठ, दो झूठ, दस झूठ, सफेद झूठ, झूठ ही झूठ सबके सब भोपुओं पर गुंजायमान होने लगते हैं, जिसे सुन-सुनकर जनता आश्वस्त होने लगती हैं कि अब उनका इलाका स्वर्ग बनने ही वाला है. खुशी-खुशी वे स्वर्गवासी होने की कल्पनाएं करने लगती हैं. यह अलग बात है कि कभी-कभी अतिशय झूठ का भार मंच सह नहीं पाता है और वह टूट जाता है. भाई चुनाव, तुमने इस बार भी ट्रेंड बदला है. मुख्य फोकस बहना, बहन, बहिनी, मइयां, भगिनी जैसे शब्दों के इर्द-गिर्द ही पड़ा हुआ है. यह अच्छी बात है. इतने चुनाव गुज़र जाने के बाद ही सही, पर तुमने याद तो दिला दिया कि बहन-बेटियों की खुशहाली और सुरक्षा भी कार्य क्षेत्र के मुख्य केंद्र में रखी जाने योग्य बात है. धन्यवाद चुनाव. कुछ नए ट्रेंड तो तुमने पहले भी चलाये थे, जैसे खटाखट - खटाखट, मोची से ट्रेनिंग, ऑटो ड्राईवर से ट्रेनिंग, कुलियों से ट्रेनिंग. अरे भई, जब खटाखट का परिणाम बैंक खाता सफाचट ही रहा तो जिनसे ट्रेनिंग दिलवाई थी, उनके हाथों में हज़ार दो हज़ार रखवा देते तो कम से कम मुहब्बत की दुकान के कुछ ग्राहक तो बढ़ जाते. कब तक नाटक करवाते रहोगे चुनाव जी? चलो छोड़ो इन बातों को, लोग चुनावी बातों की असलियत जानते हैं, पर यार कुछ तो ऐसा ट्रेंड चलाओ, ऐसी घोषणाएं-वादे करवाओ, जिन्हें अमली जामा पहनाया जा सके. वरना इस तड़क-भड़क, इस ताम-झाम, इस कोलाहल से क्या होगा. वैसे भी जनता इन कोरे भाषणों पर ज्यादा यकीन नही करती, क्योंकि वह जानती है कि चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात.



हस्ताक्षर

# बांग्लादेश के वर्तमान को इतिहास से जोड़ती 'चिल्ड्रेन आफ वार'





**विनोद अनुपम**
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

कुछ फिल्में वर्षों बाद स्मृतियों में वापस आती हैं, या कहें उसे वापस लाने की जरुरत महसूस होती है. ऐसी ही फिल्म है मृत्युंजय देवव्रत की 'चिल्ड्रेन आफ वार'. फिल्म का टाइटिल भले ही अंग्रेजी में हो, लेकिन फिल्म के संवाद मूलतः हिंदी में हैं, कहीं कहीं बांगला सुन सकते हैं, लेकिन उसे समझने में असुविधा नहीं होती. आज जब दिल दहलाने वाली भयावह हिंसा और अराजकता के बाद वहां के कुछ लोगों द्वारा इसे वास्तविक आजादी कहा जा रहा है, तो यह फिल्म थोड़ी अधिक ही प्रासंगिक हो जाती है. लगभग दस वर्ष पहले निर्मित इस फिल्म में भी आजादी की ही चाहत अभिव्यक्त की गई है. फिल्म के शुरुआती दृश्यों में ही कॉलेज में एक रैली का दृश्य दिखता है, जहां एक युवा रैली को संबोधित कर रहा है, "मेरा यह बांग्लादेशी खून मुझसे चीख चीख कर आजादी मांग रहा है. इसे मुकम्मल आजादी चाहिए."

दुनिया भर के फिल्म महोत्सवों में प्रदर्शित प्रशंसित यह फिल्म बांग्लादेश के नेशनल टेलीविजन पर टेलीकास्ट की गई थी. फिल्मकार मृत्युंजय देवव्रत की यह भले ही पहली फिल्म हो, लेकिन बांग्लादेश के भविष्य को देखने और परदे पर उसकी ईमानदारी से आशंका व्यक्त करने की क्षमता चकित करती है. फिल्म में एक पात्र कहता है, "बात है इंसाफ की. जिस समाज में मुजरिमों को सजा नहीं मिलती, वहां मासूमों का कत्ल होता रहेगा. कातिलों को जबतक सजा नहीं मिलेगी, इंसानियत के हर गली कूचों में कातिलों का ही राज होगा."

यह फिल्म इस मायने में हमें बांग्लादेश के इतिहास के पुनर्पाठ को तैयार करती है कि परदे पर दिख रही आजादी की मांग,आज बांग्लादेश की सड़कों पर बिखरी आजादी से बिल्कुल अलग है. आज के इस कथित आजादी के आंदोलन में जिस तरह 1971 के आजादी के संघर्ष की स्मृतियों को एक एक कर ध्वस्त किया गया. अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया गया, जिन्होंने कदम दर कदम 1971 के संघर्ष में अपनी सहभागिता दिखायी थी. स्पष्ट लगता है कि इस आंदोलन के पीछे वही शक्तियां थी, जो मुक्ति वाहिनी के संघर्ष के खिलाफ पाकिस्तानी सेना का अपने ही लोगों पर जुल्म में साथ दे रही थी.

वास्तव में बांग्लादेश अपनी आजादी के बाद से ही ऐसी शक्तियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की प्रतीक्षा कर रही है. फिल्म इस आंकड़े को रेखांकित करती है कि 9 महिनों में 30 लाख से अधिक लोग मारे गए. महिलाओं पर अत्याचार की जो घटनाएं दिखायी गयीं उसे तो अखबार के पन्नों पर लिखा भी नहीं जा सकता. बच्चे,बूढे,जानवर तक जिस तरह कत्ल किए गए, कोई भी सभ्य मस्तिष्क उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हो सकता. 2009 में आम जनता के दवाब पर ऐसी शक्तियों की पहचान और सजा के लिए 'वार क्राइम ट्रिब्यूनल' का गठन हुआ, जिसका विरोध दुनिया भर के अतिवादियों द्वारा शुरु हो गया, और ट्रिब्यूनल ठंडे बस्ते में चला गया. 2013 में वार क्राइम ट्रिब्यूनल के पक्ष में बांग्लादेश में एक बड़ा आंदोलन हुआ, लेकिन अतिवादियों के दवाब में सरकार कोई निर्णय तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकी. वर्तमान आंदोलन में जिस तरह न्याय पालिका को निशाने पर लिया गया, यह फिल्म उसकी जड़ें उस ट्रिब्यूनल में खोजने के तैयार करती है.

'चिल्ड्रेन आफ वार' दो कालखंडों में विचरण करती है. इसका मुख्य अंश तत्कालीन पूर्व पाकिस्तान में पाकिस्तानी फौज और उनके मददगारों की नृशंसता अत्याचार पर है. दूसरा खंड 2013 के बांग्लादेशी युवाओं की समझ और चेतना को अभिव्यक्त करती है, जो अपने देश की अस्मिता से खिलवाड़ करने वालों के लिए सजा की लड़ाई लड़ रहे हैं. वे जोर देकर कहते हैं, मैं पहले एक बांग्लादेशी, फिर बंगाली, फिर मुसलमान. दुखद कि 2024 का बांग्ला देश इस क्रम को पलटने के लिए उतावला दिख रहा है.

*आज का करीना कपूर का जन्मदिन है. हाल ही उनकी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स रिलीज हुई है. इस महीने बॉलीवुड में वे पच्चीसवें साल में प्रवेश कर रही हैं. जाहिर का यह वक्त उनके लिए बेहद खास है. आइए इस मौके पर करीना के बारे में कुछ जानी कुछ अनजानी बातों से हों रू-ब-रू...*

किस्सा-ए-करीना

# कुछ कहे, कुछ अनकहे



## हरफनमौला करीना

आपने अभी तक उन्हें कैमरे के सामने गाते हुए नहीं देखा होगा. वह अपनी फिल्म देव (2002) के जब नहीं आए नामक एक ट्रैक के लिए पार्श्व गायिका थीं. उन्होंने दो किताबें भी लिखी हैं (उनकी 2012 की किताब को द स्टाइल डायरी ऑफ ए बॉलीवुड दिवा कहा जाता था), सबसे हालिया किताब भावी माताओं के लिए गर्भावस्था पर है. यानी करीना अभिनेत्री होने के साथ साथ गायक और लेखक भी हैं.

## योगा क्वीन

सोशल मीडिया पर अक्सर करीना का योगा से प्यार दिखता है. वे एक बार में 50 सूर्य नमस्कार कर सकती हैं. वहीं कठीन से कठीन आसन पर भी 30 सेकेंड तक स्थिर रह सकती हैं. अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी उन्होंने खूब योगा किए और इस दौरान हबी सैफ अली खान और बेटे तैमूर भी कई बार साथ नजर आए.

## एक चम्मच घी जरूरी

जीरो फिगर के लिए पहचान बनाने वाली करीना फूडी हैं और पंजाबी फूड की खास दीवानी भी. घर के बने दाल-चावल और आलू के पराठें उन्हें खास पसंद हैं. वहीं साउथ इंडियन फूड भी उन्हें पसंद है. विश्वास करती हैं कि खाने में ऊपर से डाला गया एक चम्मच देसी घी सबकुछ बेहतर करता है.

## टशन ए इश्क

हालांकि करीना ने सैफ अली खान के साथ एलओसी : कारगिल (2003) और ओमकारा (2006) जैसी कई परियोजनाओं पर काम किया, लेकिन दो साल बाद, टशन (2008) के सेट पर जब दोनों ने साथ काम किया, तो दिल के हालात कुछ बदल गए थे. उन दिनों की चर्चा करते हुए किसी इंटरव्यू में करीना ने कहा कि वह (सैफ) बहुत आकर्षक थे; मैं उनके प्यार में पड़ गई.

## गई नहीं बचपन की यह आदत

करीना कपूर की बचपन की आदत रही नाखून चबाना. इससे शायद अब भी वे निजात नहीं पाई हैं. शायद यही कारण है कि शूटिंग और डांस सीक्वेंस के दौरान करीना को अक्सर मैनीक्योर करवाते हुए देखा जाता है.

## एक्टिंग नहीं फर्स्ट च्वॉइस

करीना क्रिमिनल लॉयर बनने की ख्वाहिश रखती थीं. मीठीबाई कॉलेज से कॉमर्स करने के बाद उन्होंने कानून की भी पढ़ाई की. बॉलीवुड की ओर रुख करने से पहले उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में माइक्रो कंप्यूटर में एक लघु पाठ्यक्रम का अध्ययन भी किया.

## बेबाक

करीना अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं. किसी भी स्टार के लिए अगर करीना को कुछ बोलना हो तो वो हिचकिचाती नहीं हैं. उनके अक्सर विवादों में फंसने का भी यही कारण है. एक इंटरव्यू में उन्होंने कह दिया था कि सोनाक्षी उन्हें हाउसवाइफ लगती हैं. इसे लेकर सोनाक्षी बुरा मान गई थी. प्रियंका चोपड़ा की अंग्रेजी की हंसी उड़ाई थी तो एक इंटरव्यू में उन्हें एक्ट्रेस मानने से ही इंकार कर दिया था. इस कारण दोनों अभिनेत्रियों के बीच लंबा कोल्ड वार चला.

## ट्रेड सेटर

करीना इंडस्ट्री की ट्रेंड सेटर भी रही हैं. जिस समय अभिनेत्रियां अपना बेबी बंप छिपाया करती थीं उस समय करीना ने बेबी बंप के साथ रैंप वॉक किया था. साथ ही लड़कियों में जीरो फीगर को भी प्रमोट करना का श्रेय करीना को ही जाता है.

## गुस्सैल

करीना काफी गुस्सैल अभिनेत्री मानी जाती हैं. अजनबी के सेट पर बिपाशा संग उनकी लड़ाई हो गई थी जिसके बाद उन्होंने बिपाशा को थप्पड़ मार दिया था. ऐसे ही कुछ और घटनाओं के साथ उनके नाम की चर्चा की जाती है.

## शाहिद से सैफ तक

करीना अपने इश्क के कारण भी चर्चा में रही हैं. करीना और शाहिद की प्रेम कहानी काफी सुर्खियों में थीं. करीना ने शाहिद के लिए ये तक कहा था कि अगर वह उनके साथ चीट करते हैं तो वो किसी की हत्या भी कर सकती हैं. जब सभी को लगता था कि करीना और शाहिद शादी कर लेंगे, तभी सैफ से उनके इश्क के चर्चे शुरू हो गए. शाहिद से उनका ब्रेकअप हो गया. फिर करीना ने सैफ अली खान से शादी कर ली. करीना अपने दोनों बच्चे तैमूर और जेह के नाम को लेकर भी काफी चर्चा में थीं.

# एमी अवार्ड 2024 में द नाइट मैनेजर को मिली एंट्री



अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर की वेब सीरीज 'द नाइट मैनेजर' को एमी अवाड्र्स 2024 के लिए नॉमिनेट किया गया है. खबर है कि इस शो को इंटरनेशनल एमी अवॉड्र्स 2024 में बेस्ट ड्रामा सीरीज कैटेगरी के लिए नॉमिनेट किया गया है. इसी के साथ 'द नाइट मैनेजर' इस साल भारत से नॉमिनेट होने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है. गौरतलब है कि डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद ये 'द नाइट मैनेजर' ब्रिटिश शो का हिंदी रूपांतरण है.

## ये सीरीज भी हुई हैं नॉमिनेट


बता दें कि एमी अवॉड्र्स 2024 के लिए बेस्ट ड्रामा सीरीज कैटेगरी में 'द नाइट मैनेजर' के अलावा फ्रांसीसी वेब सीरीज 'ड्रॉप्स ऑफ गॉड' के अलावा 'द न्यूजरीडर सीजन 2' और इओसी, एल एस्पिया एरेपेंटिडो सीजन 2 भी नॉमिनेट हुई हैं.

## उत्साहित टीम

सीरीज के एमी अवॉर्ड के नॉमिनेशन के बाद इसके एक्टर-एक्ट्रेस व अन्य टीम मेंबर बेहद उत्साहित हैं. अनिल कपूर ने 'द नाइट मैनेजर' के नॉमिनेशन के बाद अपनी प्रसन्नता को जाहिर किया है. एक्टर ने एक इंटरव्यू में कहा, 'जब मुझे इस सीरीज का ऑफर मिला तो मैं उलझन में था कि क्या मैं यह जटिल किरदार निभा पाउंगा या नहीं.'

# अब ऐश्वर्या-अराध्या के संग अलग घर में रहेंगे अभिषेक !

*तलाक की तमाम अटकलों के बीच ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के संबंध को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है. खबर है कि अभिषेक बच्चन ने 'जलसा' के पास एक नया घर खरीदा है और अब अभिषेक बच्चन अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय और बेटी अराध्या के साथ इस घर में जल्द ही शिफ्ट होंगे.*





## इन कारण से अलगाव की चर्चा

पिछले कुछ महीनों से अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के तलाक की अफवाहें लगातार सुर्खियों में हैं. लंबे समय से दोनों देश या विदेश में कहीं साथ नजर नहीं आए. बीतें दिनों ऐश्वर्या राय दुबई एयरपोर्ट पर बिना वेडिंग रिंग के नजर आई थीं. इसके बाद ऐश्वर्या और अभिषेक के तलाक की खबरें तेज हो गई हैं. अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के शादी में जब सभी सेलिब्रिटी परिवार के साथ फोटो खिंचवा रहे थे, पोज दे रहे थे, तब भी बच्चन परिवार ऐश्वर्या राय के बिना शामिल हुआ था. वहीं ऐश्वर्या बेटी आराध्या के साथ इस शादी में पहुंची थीं. ऐश्वर्या या अराध्या की एक भी तस्वीर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नहीं देखी गई. इसके बाद दोनों के अलगाव की बातें पुष्ट हुई. अब इसी बीच अभिषेक बच्चन ने जुहू में लग्जरी घर खरीदा है. ऐसे में यह बात चर्चा में है कि अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या और बेटी आराध्या के साथ अलग घर में शिफ्ट हो सकते हैं.

मीडिया रिपोट्र्स की मानें तो बच्चन परिवार के नाम मुंबई में कई प्रॉपर्टीज हैं. 'जलसा' के आसपास ही बच्चन परिवार के पांच मकान और कई फ्लैट्स हैं. अभिषेक बच्चन की व्यक्तिगत संपत्ति की बात करें तो इस नए घर से पहले उन्होंने बोरीवली में ओबेरॉय स्काई सिटी प्रोजेक्ट में 6 फ्लैट्स खरीदे थे.

# 'प्यार का पंचनामा 3' की जल्द ही होगी शूटिंग

## फिल्म से कटा कार्तिक का पत्ता




फिल्म 'प्यार का पंचनामा' का तीसरा पार्ट अगले साल रीलीज हो सकता है. खबर के अनुसार इस पार्ट में कार्तिक आर्यन नहीं नजर आएंगे. इनकी जगह कोई और लेगा या नहीं, ये अबतक तय नहीं हुआ है. लव रंजन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने अपनी अलग ही पहचान बनाई है. इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और डायलॉग्स की डिलीवरी दोनों ही उन्हें अन्य को-स्टार्स से अलग खड़ा कर देती है. इस कारण प्यार के पंचनामा को कार्तिक की ही फिल्म माना जाता है. ऐसे में इसके तीसरे पार्ट का उनकी गैर मौजूदगी में बनना लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है.

सूत्रों की मानें इस पार्ट में दिखाया जाएगा कि आज के जमाने में आधुनिक रिश्तों को कैसे निभाया जाए. फिल्म का भले यह तीसरा पार्ट है पर नए किरदार और नए कास्ट के साथ. दरअसल मेकर्स फिल्म को एक फ्रेश फ्लेवर देना चाहते हैं. इसलिए वे योजना बना रहे हैं कि इस बार फिल्म में नए एक्टर्स को काम करने का मौका दें, जिससे वो ऑडियन्स के साथ, न्यू जेनरेशन के साथ कनेक्ट कर पाएं.

लव रंजन के निर्देशन में बनी प्यार का पंचनामा का पहला पार्ट 2011 में आया था जिसमें कार्तिक आर्यन बहुत पसंद किए गए थे. फिर 2015 में आए दूसरे पार्ट में भी खासतौर पर कार्तिक डायलॉग डिलीवरी पसंद की गई थी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# संन्यास ले चुके श्रीजेश एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर के लिए नामित

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश, जिन्होंने हाल ही में संन्यास लिया है, को पेरिस ओलंपिक 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद प्रतिष्ठित एफआईएच पुरुष गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 के लिए नामित किया गया है. अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में, श्रीजेश ने असाधारण कौशल और लचीलापन दिखाया, महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान महत्वपूर्ण बचाव किए, जिसके कारण भारत ने कांस्य पदक हासिल किया और 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद से पांच दशकों में पहली बार बैक-टू-बैक ओलंपिक पदक जीतने का ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया. नामांकन पर विचार करते हुए, श्रीजेश ने अपनी खुशी और गर्व साझा करते हुए कहा, मैं एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं. यह मेरे लिए एक विशेष पहचान है, खासकर तब जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपनी यात्रा समाप्त कर रहा हूं. पेरिस ओलंपिक एक भावनात्मक और अविस्मरणीय अनुभव था, और यह नामांकन हर मैच में की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून की याद दिलाता है.

श्रीजेश का नामांकन पेरिस ओलंपिक में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद हुआ है, जहां वे गोलपोस्ट के सामने मजबूती से खड़े रहे, खासकर ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भारत के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान. अमित रोहिदास के रेड कार्ड के बाद टीम के 10 खिलाड़ियों तक सिमट जाने के बावजूद, श्रीजेश के महत्वपूर्ण बचाव और पेनल्टी शूटआउट में शांत व्यवहार ने भारत को 4-2 से जीत दिलाने और सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद की. उनके प्रदर्शन ने न केवल उनके साथियों को प्रेरित किया बल्कि दुनिया के सबसे बेहतरीन गोलकीपरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को भी मजबूत किया. श्रीजेश ने कहा, "उस टूर्नामेंट में मैंने जो भी बचाव किया, वह सिर्फ़ मेरे लिए नहीं था. यह पूरी टीम और हमारे देश के समर्थन के लिए था. इस पुरस्कार के लिए नामांकित होना हमारी सामूहिक भावना और हमारे साथ की गई अविश्वसनीय यात्रा का प्रतिबिंब है. मुझे उम्मीद है कि मेरा करियर भविष्य की पीढ़ियों को हॉकी के मैदान पर अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगा. 36 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी के लिए यह नामांकन पुरस्कारों की श्रृंखला में नवीनतम है, जिन्हें अक्सर 'भारतीय हॉकी की महान दीवार' के रूप में जाना जाता है.




**यह हमारी टीम की सामूहिक भावना का प्रतिबिंब है : श्रीजेश**

### श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक' 24 असाधारण कौशल व दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया

श्रीजेश के करियर को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें 2021 और 2022 में एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर, अर्जुन पुरस्कार, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर शामिल हैं. अपने 18 साल के करियर में उन्होंने 300 से ज्यादा मैचों और चार ओलंपिक खेलों– लंदन 2012, रियो 2016, टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है. वे वैश्विक हॉकी में भारत के पुनरुत्थान में भी एक केंद्रीय व्यक्ति रहे हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 में, श्रीजेश भारत के गोलकीपर की तरह खड़े रहे, उन्होंने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया. उनका नेतृत्व और अनुभव उच्च दबाव के क्षणों में महत्वपूर्ण था, खासकर उन मैचों में जहां हर बचाव टूर्नामेंट में भारत के भाग्य का निर्धारण कर सकता था. उनका अंतिम अभियान एक उच्च नोट पर समाप्त हुआ, क्योंकि भारत ने कांस्य पदक जीता, जिससे उनकी विरासत में दो ओलंपिक कांस्य पदक (2020 और 2024), दो एशियाई खेल स्वर्ण पदक (2014 और 2022), एक एशियाई खेल कांस्य पदक (2018), दो राष्ट्रमंडल खेल रजत पदक (2014 और 2022) और अन्य प्रमुख उपलब्धियां जुड़ गईं. अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को याद करते हुए श्रीजेश ने अपने साथियों, कोचों और प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया जो उनकी यात्रा का हिस्सा रहे हैं. यह नामांकन सिर्फ़ मेरा नहीं है. यह उन सभी लोगों के लिए है जिन्होंने वर्षों से मेरा और भारतीय हॉकी का समर्थन किया है. यह एक अविश्वसनीय सफर रहा है, और मुझे हमारी टीम की सफलता में अपनी भूमिका निभाने पर गर्व है.

---

**चेन्नई टेस्ट का दूसरा दिन : भारत ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा, 308 रन की लीड**

# बांग्लादेश की टीम 149 पर ढेर

- भारत ने फॉलोऑन ना कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया

एजेंसी। चेन्नई

भारतीय टीम ने चेन्नई टेस्ट में अपना शिकंजा कस लिया है. जसप्रीत बुमराह (50 रन पर 4 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को चायकाल के बाद पहली पारी में 149 रन पर समेट दिया. भारत को पहली पारी में 227 रन की भारी भरकम बढ़त मिली लेकिन उसने फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और दूसरे दिन स्टंप्स तक तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं. भारत के पास अब कुल 308 रन की बढ़त हो गयी है. भारत की दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा पांच, यशस्वी जायसवाल 10 और विराट कोहली 17 रन बनाकर आउट हुए. स्टंप्स पर शुभमन गिल 33 और ऋषभ पंत 12 रन बनाकर क्रीज पर थे. भारत को पहली पारी में 227 रन की बड़ी बढ़त मिली थी जिससे अब उसकी कुल बढ़त 308 रन की हो गयी है. इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में बुमराह के चार विकेट के अलावा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए. बुमराह इस दौरान 400 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले छठे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए . बांग्लादेश की तरफ से शाकिब अल हसन ने 32, मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 27 , लिटन कुमार दास ने 22 और कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने 20 रन बनाये. भारत ने पहले सत्र में तीन विकेट लेकर बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया था.

दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने पांच और बल्लेबाज गंवाए. लंच के बाद, सिराज ने गेंद को लाइन में रखा और नजमुल हुसैन शान्तो के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर सीधे थर्ड स्लिप में चली गई. अगले ओवर में, बुमराह ने गेंद को देर से मूव किया और मुशफिकुर रहीम के बल्ले का अच्छा किनारा लेकर सेकंड स्लिप में चली गई. गेंदबाजों की लगातार लाइन और लेंथ के बावजूद, लिटन दास और शाकिब अल हसन ने स्थिति संभालने की कोशिश की. दोनों ने बुमराह, सिराज और आकाश दीप की गेंदों पर शानदार ड्राइव लगाए, इससे पहले शाकिब ने रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की ढीली गेंदों पर और बाउंड्री लगाई. छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी तब समाप्त हुई जब दास ने जडेजा की ऑफ-स्टंप से बाहर की गेंद को स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक ध्रुव जुरेल के पास गई. दास ने 22 रन बनाये. जडेजा के अगले ओवर में शाकिब ने रिवर्स-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके जूते से टकरा गई और ऋषभ पंत ने आगे बढ़कर आसान कैच लपका. हसन महमूद और मेहदी हसन मिराज ने तीन चौके लगाए. बुमराह ने हसन महमूद को चाय के समय दूसरी स्लिप में कैच करा दिया. भारत ने चायकाल के बाद दो और विकेट निकाल कर मेहमानों की पारी को 149 रन पर समेट दिया. बुमराह ने तस्कीन अहमद और सिराज ने नाहिद राणा को बोल्ड कर दिया. तस्कीन और नाहिद राणा दोनों ने 11-11 रन बनाये. सुबह के सत्र में भारतीय टीम अपने कल के स्कोर में 37 रन जोड़ पाई. भारत को पहले तीन झटके तस्कीन अहमद ने दिए जबकि हसन महमूद ने जसप्रीत बुमराह के रूप में अंतिम विकेट लेकर भारतीय पारी को ऑलआउट कर दिया. महमूद ने पंजा खोलते ही सजदा किया. वह भारत में पांच विकेट हॉल लेने वाले बांग्लादेश के पहले गेंदबाज़ भी बन गए हैं. कल भारत के पहले चार विकेट भी महमूद ने ही लिए थे.महमूद को 83 रन पर पांच विकेट तथा तस्कीन अहमद को 55 रन पर तीन विकेट मिले.

बांग्लादेश ने दूसरे दिन की शुरुआत दूसरी नई गेंद लेकर की, जबकि अश्विन ने नाबाद 102 रन से आगे खेलना शुरू किया और भारत की पारी को 339/6 से आगे बढ़ाया. तस्कीन अहमद ने दिन के अपने दूसरे ओवर में ही रवींद्र जडेजा को आउट कर दिया, तस्कीन ने गेंद को बल्ले के किनारे से सीधा कीपर के हाथों में पहुंचाकर 199 रन की साझेदारी को तोड़ दिया. बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 14 रन से अपना शतक बनाने से चूक गया.




**संक्षिप्त स्कोर**

भारत 91.2 ओवर में 376 रन (रविचंद्रन अश्विन 113, रवींद्र जडेजा 86, हसन महमूद 5-83, तस्कीन अहमद 3-55) और 23 ओवर में 3-81 (शुभमन गिल 33 नाबाद, ऋषभ पंत 12 नाबाद) बांग्लादेश 47.1 ओवर में 149 रन (शाकिब अल हसन 32, जसप्रीत बुमराह 4-50, रवींद्र जडेजा 2-19, मोहम्मद सिराज 2-30, आकाश दीप 2-19.

# रीप्ले देखते ही भड़क गए रोहित शर्मा

एजेंसी। चेन्नई

चेन्नई टेस्ट में विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ दूसरी पारी में रंग में नजर आए लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना सके. पहली पारी में तो वे अपनी गलती से आउट हुए थे. बाहर जाती गेंद को छेड़ना उन्हें भारी पड़ गया था. लेकिन दूसरी पारी में वे 'नॉटआउट' रहकर भी विकेट गंवा बैठे. तभी तो जब विराट के विकेट का रीप्ले टीवी पर दिखाया गया तो कप्तान रोहित शर्मा भड़क उठे. भारत ने पहली पारी में 376 रन बनाए. इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 149 रन बनाकर आउट हो गई. इसके बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी शुरू की. भारत ने दूसरी पारी में अपने दोनों ओपनर रोहित शर्मा (5) और यशस्वी जायसवाल (10) के विकेट जल्दी गंवा दिए. यहां से शुभमन गिल (33) और विराट कोहली (17) ने टीम को संभाला. 28 रन पर दूसरा विकेट गंवाने वाली टीम इंडिया को विराट कोहली और शुभमन गिल ने 67 रन तक पहुंचाया. दोनों बैटर कंट्रोल में नजर आ रहे थे. चौके से खाता खोलने वाले कोहली ने दूसरी पारी में ज्यादा गेंदें स्पिनरों की खेलीं और बखूबी खेलीं. इस बीच 20वें ओवर में उन्होंने मेहदी हसन की एक गेंद को ऑनसाइड में खेलने की कोशिश की. विराट कोहली इस फुल लेंथ गेंद पर चूक गए. गेंद पैड से जा टकराई. अपील हुई और अंपायर ने आउट दे दिया.

विराट कोहली आउट दिए जाने के बाद डीआरएस लेना चाहते थे. इसके लिए उन्होंने नॉन स्ट्राइकर शुभमन गिल से सलाह ली. गिल को विराट शायद आउट लगे. उन्होंने विराट को डीआरएस ना लेने की सलाह दी. इस पर विराट ने डीआरएस नहीं लिया और पैवेलियन लौट आए. जब वे पैवेलियन लौट रहे थे तभी टीवी स्क्रीन पर रीप्ले दिखाया गया. इससे साफ हो गया कि गेंद पैड पर टकराने से पहले बैट से टकराई थी. यह देखते ही कप्तान रोहित शर्मा गुस्से से भर गए.

### उस समय बल्लेबाजी कैसे करनी है इस पर विचार कर रहा था : जायसवाल




**चेन्नई।** रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच नाबाद 195 रनों की साझेदारी ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन भारत को 144/6 से 339/6 तक पहुंचाया, इससे पहले, यशस्वी जायसवाल के 56 रनों ने मेजबान टीम को शुरुआती झटकों से उबारने में अहम भूमिका निभाई. चेपक की पिच शुरू में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल होने के कारण, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने कहा कि वह उस समय बल्लेबाजी कैसे करनी है, इस पर विचार कर रहे थे. जायसवाल ने दूसरे दिन के खेल से पहले प्रसारकों के साथ बातचीत में कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि यह इतना मुश्किल था. मैं बस यह सोच रहा था कि उस समय विकेट पर कैसे बल्लेबाजी करनी है. मैं विकेट पर बल्लेबाजी का आनंद लेने की कोशिश कर रहा था. जिस तरह से मैं गेंद को छोड़ रहा था, वह मेरे लिए काफी अच्छा था, और मैं वास्तव में इसका आनंद ले रहा था. पहले दिन, आमतौर पर आक्रामक रहने वाले जायसवाल ने अपनी बल्लेबाजी का एक और पहलू दिखाया – खेल को पूरी तरह से जीना. मैं बस यह सोच रहा था कि अगर मुझे मौका मिले तो मैं कहां स्कोर कर सकता हूं और मैं बस इसके लिए जा रहा था. यह सब मेरी मानसिकता पर निर्भर करता है, मैं कैसे खेलना चाहता हूं और मेरी टीम को क्या चाहिए. मैं हमेशा सोचता हूं कि मेरी टीम के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण है. मैं उस लक्ष्य के बारे में सोचता हूं और जो मैं कर सकता हूं उसे निष्पादित करने का प्रयास करता हूं. चौथे विकेट के लिए ऋषभ पंत के साथ 62 रन की साझेदारी करने वाले जायसवाल ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि पहले दिन पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी. मुझे नहीं लगता कि पिच दिन के अंत में आसान हो गई थी. यह इतना आसान नहीं था, लेकिन मैं बस प्रत्येक गेंद का सामना करने और उसे ध्यान से देखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था – यही मैं उस पल सोच रहा था.

---

## मालविका क्वार्टर फाइनल में यामागुची से हारी

**चांगझोउ।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार मालविका बंसोड़ का बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को खत्म हो गया, क्योंकि वह क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची से हार गईं. यामागुची ने बंसोड़ को केवल 35 मिनट में 21-10, 21-16 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की. हार के बावजूद, 22 वर्षीय बंसोड़ ने प्रतिष्ठित सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया. विश्व में 43वें स्थान पर काबिज, वह दिग्गज पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला बन गईं. बंसोड़ ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर पर तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली थी.

# डेविस कप : इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से

एजेंसी। लंदन

मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है. शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में मुकाबला करेंगे. विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी. सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे. अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया.

दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे, जिसमें दो एकल मैच और एक युगल निर्णायक मैच होगा जो प्रत्येक मुकाबले का परिणाम निर्धारित करेगा. इस बीच, डेविस कप इतिहास में 32 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम, संयुक्त राज्य अमेरिका, 28 खिताबों के साथ दूसरे सबसे सफल देश ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार है. ग्रुप फाइनल के दौरान दोनों टीमों के प्रमुख खिलाड़ी गायब थे, लेकिन मलागा में दांव एक मजबूत अमेरिकी लाइनअप को एक दुर्जेय ऑस्ट्रेलियाई पक्ष के साथ आमने-सामने देख सकता है. अन्य क्वार्टर फाइनल में, मेजबान देश स्पेन का सामना नीदरलैंड से होगा और कनाडा का सामना जर्मनी से होगा. स्पेन दुनिया के तीसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज पर भरोसा कर सकता है, जो उन्हें अपने घरेलू मैदान पर मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करता है. अगर स्पेन और इटली दोनों आगे बढ़ते हैं, तो सिनर और अल्काराज़ के बीच संभावित फाइनल मुकाबला हो सकता है.

**ट्रैविस हेड के सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की नाबाद पारी खेली**

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर आसान जीत दर्ज की

एजेंसी। ट्रेंट ब्रिज

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की नाबाद पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को ट्रेंट ब्रिज में वनडे सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड पर सात विकेट से आसान जीत दिलाई. एडम जम्पा के 100वें वनडे मैच में मिली जीत, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए, ने ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी दिलाई. इंग्लैंड द्वारा जीत के लिए 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए कहा गया, ऑस्ट्रेलिया ने छह ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें हेड ने 129 गेंदों पर नाबाद 154 रन बनाए - उनका छठा वनडे शतक - जिसमें 20 चौके और पांच छक्के शामिल थे - जो इंग्लैंड में किसी ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बन गया. मार्नस लाबुशेन ने 61 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 77 रन बनाए और नॉटिंघम में चौथे विकेट के लिए हेड के साथ मात्र 107 गेंदों पर 148 रनों की साझेदारी की. ऑस्ट्रेलिया की जीत मैदान पर और मैदान के बाहर कई बाधाओं के बीच आईं. मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और ग्लेन मैक्सवेल बीमारी के कारण उपलब्ध नहीं थे, जबकि डेब्यू करने वाले बेन ड्वारशुइस ने केवल चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान में पेक्टोरल मांसपेशियों में खिंचाव महसूस किया और 1-18 का आंकड़ा हासिल किया. इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने अपने शानदार स्ट्रोक्स के ज़रिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मार्नस लाबुशेन ने उन्हें 95 (91) रन पर कैच एंड बोल्ड कर दिया. लाबुशेन ने छह ओवर में 3/39 विकेट लिए , जो उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे प्रदर्शन है, क्योंकि उन्होंने पारी के अंत में स्टैंड-इन इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक (31 गेंदों पर 39 रन) और जोफ्रा आर्चर (4) को आउट किया. विल जैक्स के 62 (56) और डेब्यू करने वाले जैकब बेथेल के 35 (34) ने ऑस्ट्रेलिया को एक कठिन लक्ष्य निर्धारित करने में भूमिका निभाई. लक्ष्य का पीछा करते हुए, हेड ने स्टीव स्मिथ के साथ 76 और कैमरून ग्रीन के साथ 73 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, लाबुशेन के साथ उनकी मैच जिताऊ साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई.



**संक्षिप्त स्कोर :** इंग्लैंड 49.4 ओवर में 315 रन पर ऑल आउट (बेन डकेट 95, विल जैक्स 62,मार्नस लाबुशेन 3-39, एडम ज़म्पा 3-49) ऑस्ट्रेलिया 44 ओवर में 317/3 (ट्रैविस हेड 154 नाबाद, मार्नस लाबुशेन, 77 नाबाद जैकब बेथेल 1-20) से सात विकेट से हार गया.

---

**नियुक्ति** टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है

# राजस्थान रॉयल्स ने राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

एजेंसी। नयी दिल्ली

आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है. इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था. राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है. राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है. मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं. राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले. उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की.

आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, कई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उनकी तकनीकी विशेषज्ञता, शांत व्यवहार और भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ उन्हें रॉयल्स के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है. द्रविड़ ने कहा, साथ मिलकर, हमने एक मजबूत तालमेल बनाया है, भारत को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं, और मैं उनके साथ फिर से जुड़कर रोमांचित हूं. युवा प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने की उनकी क्षमता अमूल्य होगी क्योंकि हमारा लक्ष्य अपनी टीम को और मजबूत करना और राजस्थान रॉयल्स को एक विश्व स्तरीय टीम बनाना जारी रखना है. 2019 में भारतीय टीम में बल्लेबाजी कोच के रूप में प्रवेश करने से पहले, राठौर ने चार साल तक राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में भी काम किया. उन्होंने घरेलू क्रिकेट में पंजाब और हिमाचल प्रदेश को भी कोचिंग दी और आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ भी काम किया. हाल ही में, राठौर ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड के सहयोगी स्टाफ के सदस्य थे, जो लगातार बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद फेंके बिना समाप्त हो गया था.




**खास बातें**

- रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है
- फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं

# महिला टी20 : श्रीलंका टीम का ऐलान

- अथापथु की अगुआई वाली टीम में रानावीरा को शामिल किया

एजेंसी। कोलंबो

बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रानावीरा को 2024 महिला टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है, जिसकी कप्तानी उनकी करिश्माई ऑलराउंडर चामरी अथापथु करेंगी. इनोका को श्रीलंका के विजयी महिला एशिया कप अभियान और उसके बाद आयरलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से बाहर रखा गया था. उन्होंने आखिरी बार श्रीलंका के लिए टी20 में महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 में हिस्सा लिया था, जिसे उन्होंने यूएई में जीता था. श्रीलंका के लिए 82 टी20 मैचों में, इनोका ने 5.86 की इकॉनमी रेट से 91 विकेट लिए हैं. अब वह इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी और कविशा दिलहारी के साथ-साथ चामरी की स्पिन के दबदबे वाली गेंदबाजी लाइनअप में शामिल हो गई हैं. उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया और अमा कंचना श्रीलंका के लिए सीम-गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी. बल्लेबाजी के मोर्चे पर, चामरी और कविशा के अलावा, विशमी गुणरत्ने और हर्षिता समाविक्रमा पर भी नज़रें रहेंगी. श्रीलंका 2024 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ है. वे अपना अभियान 3 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेंगे.

**विश्व कप को 20 अगस्त को :** आईसीसी द्वारा एशियाई देश में राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा चिंताओं के कारण बांग्लादेश से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड टूर्नामेंट का मेजबान बना रहेगा.



**श्रीलंका की टीम :** चामरी अथापथु (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता माधवी, नीलाक्षी डी सिल्वा, इनोका रानावीरा, हसीनी परेरा, कविशा दिलहारी, सचिनी निसानसाला, विशमी गुणरत्ने, उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अमा कंचना. यात्रा करने वाली रिजर्व : कौशिनी नुथ्यांगना.

### ब्रीफ खबरें

## पूर्व विधायक के घर पुलिस ने की कुर्की जब्ती

**पूर्णिया ।** पूर्णिया के रुपौली के पूर्व विधायक सह राजद प्रदेश उपाध्यक्ष बीमा भारती के भिट्ठा आवास पर कुर्की करने पुलिस की टीम पहुंची है. बताया जा रहा है कि कार्रवाई गोपाल यादुका हत्याकांड में नामजद बीमा भारती के पुत्र के फरार रहने के कारण यह कार्रवाई कई थाने की पुलिस कर रही है. बता दें कि भवानीपुर में बीते दो जून को व्यवसायी गोपाल यादुका की दिनदहाड़े हत्या हुई थी. इस मामले में राजा कुमार पर आरोप है कि उन्होंने व्यवसायी की हत्या के लिए पांच लाख की सुपारी दी थी.

## मोतिहारी में नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्या

**मोतिहारी ।** मोतिहारी में बदमाशों ने गुरुवार की रात एक नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना बीजधारी ओपी थाना क्षेत्र की है. मृतक की पहचान मणी प्रकाश यादव के रूप में की गई है. वह बीजधारी ओपी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव का रहने वाला था. गांव के ही चार लोगों पर हत्या का आरोप लगा है. बताया जाता है कि दो बाइक से चार लोग मणी प्रकाश को बुलाने के लिए घर पर आए थे. फिर वे अपने साथ लेकर चले गए. इसके बाद पता चला कि गोली मारकर मणी प्रकाश की हत्या कर दी गई है. सूचना पर बीजधारी ओपी पुलिस पहुंची. चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह भी पहुंचे.

## मुकेश सहनी को मिली वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

**पटना ।** वीआईपी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान कर दी गई है. गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है. गृह विभाग के विशेष सचिव ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि पूर्व मंत्री मुकेश सहनी को वाई प्लस की सुरक्षा प्रदान की जाती है. मिली जानकारी के अनुसार मुकेश सहनी की जान के खतरे को देखते हुए गृह विभाग ने वाई प्लस की सुरक्षा देने की अनुशंसा पिछले महीने ही पुलिस मुख्यालय से की थी, लेकिन अब तक इस पर पुलिस मुख्यालय ने कोई निर्णय नहीं लिया है. इधर, इसको लेकर वीआईपी पार्टी ने चिंता जताई है.



## बाढ़ के पानी में डूब गए पटना के कई इलाके

**पटना ।** राजधानी का एक ऐसा ग्रामीण क्षेत्र जो पटना के दीघा थाना क्षेत्र का इलाका है जहां गंगा के रौद्र रूप ने ग्रामीणों को पलायन करने पर मजबूर कर दिया है. पटना के दीघा इलाके में गंगा नदी के किनारे बसे 14 वार्डों का ये पूरा गांव 25 हजार लोगों के रहने का आशियाना है. अब उनके आशियाने जल समाधि ले रहे हैं. दरअसल अचानक गंगा नदी के बढ़े जलस्तर ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है. गंगा के बढ़ते जलस्तर में ग्रामीण बिना बिजली, खाना, चिकित्सा, पढ़ाई से फिलहाल वंचित हैं वहीं सैकड़ों ग्रामीण अपने मवेशियों को लेकर शहर की ओर रवाना हो गए हैं. ग्रामीणों ने कहा कि नकटा दियारा के इस क्षेत्र में अस्पताल, सड़क, स्कूल, खाने-पीने का सामान सब पानी में डूब गया है यहां तक की मवेशियों का चारा भी नहीं बचा ऐसे में स्थिति भयावह है. पटना में मौसमी बीमारियों के साथ साथ कई अन्य तरह बीमारियों ने घर बना लिया है. ऐसे में यदि कोई बीमार पड़ जाए तो उसका कुछ नहीं हो सकता.

### सोनपुर नाव हादसा

## नदी से तीन शव निकाले गए, एक अभी भी लापता

**संवाददाता ।वैशाली**

सोनपुर में हुए नाव हादसा में लापता चार लोगों में से तीन लोगों का शव एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भेज दिया है. मृतक के परिवार वालों का कहना है कि सभी लोग राशन का सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान बिजली के हाई टेंशन तार की चपेट में आने से नाव पर सवार 16 लोगों ने नाव से कुद कर अपनी जान बचाने की कोशिश की.

इस आपाधापी में 10 लोग ही बाहर सुरक्षित निकल पाए. इस घटना में दो लोग बुरी तरीके से झुलस गए, जबकि चार लोग लापता हो गए थे. एसडीआरएफ टीम ने चार लोगों में से तीन लोगों का शव सोनपुर थाना क्षेत्र के जैतिपुर के पास से एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है. बरामद शव को सोनपुर थाने की पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है, जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया जाएगा. ग्रामीणों ने बताया कि मृतकों में सोनपुर थाना क्षेत्र के बबुरवनी गांव निवासी मृतक स्व देवशरण राय के पुत्र नागेन्द्र राय, विरेन्द्र राय के पुत्र मृत्युंजय कुमार राय और उमाशंकर राय के पुत्र भीषण कुमार राय शामिल हैं.

### शेखपुरा के धरसेनी गांव की घटना, गांव में मची हड़कंप

# अधेड़ का किया अपहरण, आंख फोड़ी और तेजाब से जला डाला

**संवाददाता ।नवादा**

शेखपुरा से हत्या का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां अपराधियों ने एक अधेड़ व्यक्ति का अपहरण कर आंख फोड़कर उसकी हत्या कर दी. उसके बाद साक्ष्य को छिपाने के लिए उसके शरीर को तेजाब से जलाने का भी प्रयास किया गया.

जानकारी के मुताबिक, यह मामला शेखपुरा जिला अंतर्गत केवटी थानाक्षेत्र के धरसेनी गांव का है. जहां शुक्रवार की सुबह मिडिल स्कूल के पीछे उक्त व्यक्ति का शव मिला. उसके बाद घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय थाने को दी. उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया. मृतक की पहचान घरसेनी गांव निवासी रामाश्रय सिंह उर्फ चमचम सिंह के छोटे बेटे सर्विस सिंह (55) के रूप में हुई है.

केवटी थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराधियों ने उसकी एक आंख को फोड़ दिया था, जबकि उसके शरीर



रोते-बिलखते परिजन

को तेजाब से जलाने का प्रयास किया गया है.

मृतक झारखंड के टाटानगर, जमशेदपुर में पिछले छह महीने से रह रहा था. वह अपनी मां की मौत के बाद श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुरुवार को घर आया था. मृतक दोपहर बाद से ही घर से लापता था. शव देखने के बाद यह लग रहा है कि कहीं दूसरी जगह उसकी हत्या कर लाश को गांव के स्कूल के पास लाकर फेंक दिया गया है. मामले की जांच की जा रही है.

## अरवल के श्रम अधिकारी की गाड़ी ने तीन को रौंदा, दो की मौत, एक की हालत नाजुक

**संवाददाता ।जहानाबाद**

जहानाबाद में श्रम विभाग की गाड़ी ने तीन लोगों को रौंद दिया जिससे एक महिला और एक युवक की मौत हो गई. वहीं, एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया. घायल की हालत गंभीर बनी हुई है. वहीं, घटना से नाराज ग्रामीणों ने चालक को बंधक बनाते हुए पेड़ में रस्सी से बांध दिया. पुलिस बड़ी मशक्कत के बाद उसे बंधन से मुक्त कराया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. दरअसल, श्रम विभाग के अधिकारी प्रवीण कुमार अपनी गाड़ी से जहानाबाद से अरवल के कुर्था जा रहे थे उसी वक्त आलमपुर गांव के पास उनके ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सवार दो युवक को धक्का मार दी. इससे विक्रम और



गिरफ्त में ड्राइवर

कर्ण नाम के दो युवक घायल हो गए जिसमें इलाज के दौरान एक की मौत हो गई. वहीं, इस दुर्घटना के बाद तेज रफ्तार में गाड़ी भगाने के क्रम में ड्राइवर ने आगे थोड़ी दूर पर चैनपुरा गांव के समीप घर के आगे खड़ी महिला को रौंद दिया. इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई.

## नीतीश-मोदी ने गुंडों को सौंप दिया बिहार : तेजस्वी

**संवाददाता ।पटना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर स्थापित लोकतांत्रिक मर्यादाओं, परंपराओं और मूल्यों का ह्रास करने का आरोप लगाते हुए तंज कसा. तेजस्वी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, बिहार में प्रतिदिन हत्याएं हो रही हैं. दलितों के घर जलाये जा रहे हैं. लूट, अपहरण और फिरौती की घटनाएं हो रही हैं. बच्चियों और महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं. कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधी बेलगाम हैं. थाना व ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है. पुलिस



शराबबंदी के नाम पर धन शोधन में व्यस्त है. लेकिन, इन सब ज्वलंत मुद्दों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौन हैं, निष्क्रिय हैं. चंद अधिकारी केवल उन्हें अर्धनिर्मित एवं निर्माणाधीन योजनाओं के निरीक्षण, उद्घाटन और शिलान्यास के लिए लेकर जाते है ताकि यह लगे की सब ठीक है. अगर सब सही है तो फिर मुख्यमंत्री मीडिया और जनता से संवाद क्यों नहीं करते?

**गवाही देकर लौट रहे तीन लोगों को गोली मार दी :** तेजस्वी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जिस क्षेत्र और जिले में जाते हैं तो वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित क्यों नहीं किया जाता? विभागीय मंत्री साथ क्यों नहीं होते? सीएम स्थापित लोकतांत्रिक मर्यादाओं, परंपराओं और मूल्यों का ह्रास कर रहे हैं. बता दें कि इसके अलावा तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक और पोस्ट किया. उन्होंने लिखा, पीएम मोदी और नीतीश कुमार ने बिहार को गुंडों को सौंप दिया है. कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे तीन लोगों को गोली मार दी, पहले भी इन्हें गोली मारी थी.

## 1929 पदों के लिए निकली वैकेंसी

**पटना ।** बिहार प्रशासनिक सेवा की परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है. बीपीएससी 70वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी हुआ है. बीपीएससी अध्यक्ष मनु रवि भाई परमार ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की है. आयोग के अध्यक्ष ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के रिजल्ट से जुड़ी जानकारी भी दी है. उन्होंने बताया कि इस बार 1929 पदों पर वैकेंसी निकाली है. पिछले साल 69वीं में मात्र 475 पदों पर वैकेंसी निकली थी.

## एनआईए ने मनोरमा देवी के घर से चार करोड़ रुपये बरामद किये

**संवाददाता ।पटना**

एनआई की टीम ने जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर चार करोड़ तीन लाख रुपये की नकदी बरामद की है. एजेंसी ने गुरुवार सुबह 6:00 बजे उनकी घर पर छापा मारा था. यह कार्रवाई लगभग 20 घंटे तक चली. एनआईए की विज्ञप्ति में कहा गया है कि घर से चार करोड़ तीन लाख रुपये बरामद हुए हैं. इसके अलावा विभिन्न बोर के 10 हथियार भी मिले हैं. विज्ञप्ति में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज बरामद होने की भी जानकारी दी गई. एनआईए ने बताया गया कि अगस्त, 2023 में औरंगाबाद जिले से दो नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई थी. उनसे मिले इनपुट के आधार पर उस समय छह लोगों की गिरफ्तारी की गई थी. तब से तहकीकात चल रही थी. इसी क्रम में मनोरमा देवी के गया स्थित तीन ठिकानों पर छापा मारा गया.

### कारोबार

## निवेश वाली रिपोर्ट का किया खंडन

**नई दिल्ली ।** क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो के सीईओ श्रीधर वेम्बू की ओर से उन रिपोर्ट्स का खंडन कर दिया गया, जिसमें दावा किया गया था कि जोहो के डायरेक्टर्स से जुड़ी कंपनी ओडिशा में सेमी कंडक्टर प्लांट के लिए 3,034 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है. हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि जोहो डायरेक्टर्स की ओर से बनाई गई कंपनी सिलेक्ट्रिक सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड, ओडिशा के खुर्दा जिले में स्थापित करने के लिए 3,034 करोड़ की निवेश करने की योजना बना रही है.

## केआरएन एक्सचेंजर का आईपीओ 25 से आएगा

**मुंबई ।** केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ 25 सितंबर को ओपन होगा. निवेशक 27 सितंबर तक इस आईपीओ के लिए बोली लगा सकेंगे. 3 अक्टूबर को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे. केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन इस इश्यू के जरिए टोटल 341.51 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है. इसके लिए कंपनी पूरे 341.51 करोड़ के 15,523,000 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी.

## अदाणी एनर्जी के शेयर में आ सकती है तेजी

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार की ओर से ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने पर जोर देने के कारण ट्रांसमिशन और स्मार्ट मीटर क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के कारोबार में आने वाले कुछ वर्षों में तेज वृद्धि देखने को मिल सकती है. ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म कैंटर फिट्जगेराल्ड की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. रिपोर्ट में बताया गया कि एईएसएल की आय वित्त वर्ष 24 से वित्त वर्ष 27 के बीच 20 प्रतिशत के चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि (सीएजीआर) से बढ़ने की उम्मीद है. एडजस्टेड ईबीआईटीडीए 28.8 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ सकता है.

### भारत में आईफोन 16 की ब्रिकी शुरू, 21 घंटे से कतार में खड़े हैं आईफोन यूजर्स

# साकेत और बीकेसी स्टोर में फोन खरीदने की मची होड़

**लगातार डेस्क ।रांची**

दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी एप्पल की आईफोन (आईफोन) 16 सीरीज की ब्रिकी शुक्रवार से भारत में शुरू हो गयी है. आईफोन खरीदने के लिए लोगों में अलग क्रेज देखने को मिल रहा है. दिल्ली के साकेत एप्पल स्टोर में सेल शुरू होने से पहले ही लोग नजर आये. मुंबई के एप्पल बीकेसी स्टोर में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला. दोनों स्टोर के बाहर और अंदर लोगों की लंबी कतारें लगी है. आईफोन यूजर्स अपनी-अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं. इसी तरह का क्रेज पिछली बार भी देखने को मिला था, जब कंपनी ने आईफोन 15 लॉन्च किया था. वहीं जब एप्पल का स्टोर पहली बार इंडिया में खुला था, उस वक्त भी लोग काफी उत्साहित थे.

**21 घंटे से कतार में खड़े हैं आईफोन यूजर्स :** बीकेसी स्टोर से एक ग्राहक ने तो एक साथ पांच मोबाइल खरीदा है. ग्राहक ने कहा कि उसने बीबी, बच्चों और खुद के लिए फोन लिया है. कहा कि यहां की सर्विस काफी अच्छी है. एक ग्राहक उज्जवल शाह ने कहा कि मैं अहमदाबाद से आया हूं. मैं पिछले 21 घंटों से कतार में खड़ा हूं. मैं कल सुबह 11 बजे से यहां हूं और शुक्रवार सुबह 8 बजे स्टोर में प्रवेश करने वाला मैं पहला व्यक्ति होऊंगा. मैं आज बहुत उत्साहित हूं पिछले साल मैं 17 घंटे तक कतार में खड़ा रहा था.

**पहली बार कंपनी ने नया सीरीज कम कीमत पर किया लॉन्च :** बता दें कि एप्पल ने 9 सितंबर को अपने



साल के सबसे बड़े इवेंट 'इट्स ग्लोटाइम' में एआई (एआई) फीचर्स के साथ आईफोन की नयी सीरीज 16 लॉन्च की थी. कंपनी ने पांच कलर वेरिएंट के साथ आईफोन 16 सीरीज में चार नये फोन्स को लॉन्च किया है. यह पहला मौका है जब कंपनी ने नये आईफोन को पुराने सीरीज की तुलना में कम कीमत पर लॉन्च किया है. इतना ही नहीं नये सीरीज में डिजाइन से लेकर फीचर्स सब कुछ नया और अलग है.

**आईफोन 16 में ए18 चिपसेट के साथ एप्पल इंटेलिजेंस फीचर :** एप्पल ने आईफोन 16 और आईफोन 16 प्रो सीरीज को एकदम नये अंदाज में लॉन्च किया गया है. इसमें एकदम नया डिजाइन, नया एक्शन बटन, अपग्रेड कैमरा और अट्रैक्टिव कलर वेरिएंट मिलते हैं.

एप्पल ने आईफोन 16 और आईफोन 16 प्लस में ए18 चिपसेट के साथ एप्पल इंटेलिजेंस फीचर दिया है. दोनों फोन में नेक्स्ट जनरेशन पोर्टेनिक विद फोकस एंड डेप्थ कंट्रोल फीचर दिया गया है. आईफोन 16 और आईफोन 16 प्लस के जरिये आप मैक्रो फोटोग्राफी भी कर सकते है. साथ ही दूर के फोटो को डेप्थ कैमरा विद ऑटोफोकस कर सकते हैं. इसमें आईफोन की पिछली सीरीज की तरह सेटेलाइट फीचर मिलेगा. कंपनी ने आईफोन 15 में जब सेटेलाइट फीचर पेश किया गया था तो इसे केवल अमेरिका में रोल आउट किया गया था. लेकिन इस बार सेटेलाइट फीचर 17 देशों में पेश किया गया है.

**आईफोन 16 में कैमरा कैप्चर बटन भी उपलब्ध :** आईफोन 16 में 6.1 इंच और आईफोन 16 प्लस में 6.7 इंच की स्क्रीन है. स्क्रीन ब्राइटनेस 2000 नाईट्स की है. इसमें आपको कैमरा कैप्चर बटन है, जिसका इस्तेमाल करके एक क्लिक में कैमरा को एक्सेस कर पायेंगे.

## भारत में बनेगा क्वांटम व 6जी टेक्नोलॉजी के लिए टीसीओई

**संवाददाता ।नयी दिल्ली**

भारत की 6जी और क्वांटम टेक्नोलॉजी में स्थिति मजबूत करने के लिए टेलीकॉम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (टीसीओई) इंडिया और कर्नाटक की विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (वीटीयू) की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित करने के लिए करार किया गया है. संचार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, वीटीयू - विश्वेश्वरैया रिसर्च और इनोवेशन फाउंडेशन (वीआरआईएफ) बेंगलुरु का उद्देश्य भारत की प्रगति को इन सेक्टरों में बढ़ाना है. सीओई को हब एंड स्पोक मॉडल आधार पर डिजाइन किया जाएगा. टीसीओई इंडिया एक सेंट्रल हब के रूप में काम करेगा.



जश्न मनातीं अभिनेत्री

मुंबईः अभिनेत्री कैटरीना कैफ मुंबई में भारत में परिचालन के 20 साल पूरे करने वाले एतिहाद एयरवेज के जश्न में शामिल हुईं.

## त्योहारों से पहले झटका : चार दिन में जरूरी वस्तुओं के दाम 12 % तक बढ़े

**मुंबई ।** त्योहारी मौसम शुरू होने से पहले ही आम आदमी को झटका लगना शुरू हो गया है. पिछले चार दिनों में जरूरी वस्तुओं खासकर खाने के तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है. 15 सितंबर से लेकर अब तक इनकी कीमतें 12 फीसदी तक बढ़ गई हैं. ऐसे में आने वाले समय में लोगों को इन पर ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है. हालांकि, बुधवार को ही खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने दावा किया कि त्योहारी सीजन में जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतें नहीं बढ़ेंगी. इनके पर्याप्त भंडार हैं और इससे लोगों को राहत मिलेगी. हालांकि, उनके बयान के एक दिन बाद ही उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़े इसे आगे आने वाले समय में झूठा साबित कर सकते हैं.

**मूंगफली तेल की कीमत में भी उछाल :** मूंगफली तेल की कीमत पिछले चार दिनों में 180 रुपये से बढ़कर 186 रुपये लीटर हो गई है. यानी तीन फीसदी की तेजी आई है. सरसो का तेल 142 रुपये से महंगा होकर 148 रुपये हो गया है यानी चार फीसदी की वृद्धि आई है. वनस्पति तेल का भाव 122 से बढ़कर 126 रुपये लीटर हो गया है. हालांकि, यह सभी वस्तुओं के सरकारी भाव हैं, पर खुदरा बाजार में कीमतें इससे भी ज्यादा हो सकती हैं.उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य तेलों के दाम 8 फीसदी तक बढ़े हैं. 15 सितंबर को सोया तेल की कीमत 118 रुपये थी जो 19 सितंबर को 8 फीसदी बढ़कर 126 रुपये लीटर हो गई.

### भारतीय बाजार | बाजार 1359 अंक चढ़कर बंद, रियल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही

# सेंसेक्स 84,694 व निफ्टी ने 25,849 अंकों पर हुआ बंद


**नयी दिल्ली ।एजेंसी**

हफ्ते का आखिरी कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है. बीएसई सेंसेक्स पहली बार 84000 के आंकड़े को पार चला गया तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी रिकॉर्ड हाई को छूने में कामयाब रहा है. बैंकिंग, ऑटो, आईटी, एफएमसीजी और एनर्जी स्टॉक्स में देसी विदेशी निवेशकों की खरीदारी के चलते बाजार में ये तेजी देखने को मिली है. मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में रौनक लौट आई. शुक्रवार का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 1359 अंकों की उछाल के साथ 84,694 और निफ्टी 375

### निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया

अंकों के उछाल के साथ 25,849 के ऑलटाइम हाई पर बंद हुआ है.

**6.50 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति :** शेयर बाजार में आई इस शानदार तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये के करीब का उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 471.97 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 465.47 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. शुक्रवार के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 6.50 लाख करोड़ रुपये



का उछाल देखने को मिला है.

शुक्रवार के ट्रेड में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 26 स्टॉक्स तेजी के साथ और 4 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 43 शेयर तेजी के साथ जबकि 7 गिरकर बंद हुए. बीएसई पर कुल 4059 शेयरों की ट्रेडिंग हुई जिसमें 2442 शेयर तेजी के साथ तो 1501 गिरकर बंद हुए. 116 स्टॉक्स के भाव में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है. तेजी वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 5.57 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 3.77 फीसदी, जेएसडब्ल्यु स्टील 3.66 फीसदी, एल एंड टी 3.07 फीसदी, भारती एयरटेल 2.84 फीसदी, नेस्ले 2.49 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 2.49 फीसदी, एचयूएल 2.09 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.99 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. जबकि गिरने वाले शेयरों में एसबीआई 1.07 फीसदी, इंडसइंड बैंक 0.33 फीसदी, टीसीएस 0.27 फीसदी और बजाज फाइनेंस 0.07 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है. शुक्रवार के कारोबार में सभी सेक्टर्स के शेयर तेजी के साथ बंद हुए. बैंकिंग, एफएमसीजी, ऑटो, आईटी, एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में भारी तेजी देखने को मिली है. आज के कारोबार में मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में भारी तेजी देखने को मिली है.

## एक्सिस बैंक बन सकता है सबसे बड़ा यूपीआई पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

यूपीआई पेमेंट सर्विस प्रोवाइड करने के मामले में एक्सिस बैंक देश के सबसे बड़े यूपीआई पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर यस बैंक को पछाड़ने की स्थिति में आ गया है. नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक सितंबर के महीने में ही एक्सिस बैंक इस मामले में यस बैंक वह पीछे छोड़ते हुए आगे निकल जाएगा. एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार यस बैंक ने अगस्त 2024 में पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बैंक के रूप में कुल 5.14 अरब ट्रांजैक्शन किया, जबकि इसी अवधि में एक्सिस बैंक ने 5.13 अरब ट्रांजैक्शन किया. हालांकि दोनों बैंकों के बीच का ट्रांजैक्शन गैप पिछले साल अगस्त के महीने में 1.50 अरब का था. यानी 1 साल की अवधि में ट्रांजैक्शन गैप में काफी कमी आ गई है.

यूपीआई पेमेंट सर्विस के लिए यस बैंक और देश के सबसे बड़े यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर फोन-पे के बीच सर्विस पार्टनरशिप है. इसी सर्विस पार्टनरशिप की वजह से यस बैंक यूपीआई पेमेंट सर्विस के मामले में अभी तक सबसे बड़ा सर्विस प्रोवाइडर बना हुआ था. लेकिन यस बैंक में पिछले दिनों संकट होने पर फोन पे के ट्रांजैक्शन में भी अड़चन आने लगी थी. ऐसी स्थिति में एनपीसीआई में सभी यूपीआई एप्स को किसी खास बैंक पर अपने निर्भरता कम करने और कस्टमर के लिए मल्टीपल वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस (एमवीपीए) बनाने का निर्देश दिया था.

## न्यूज अपडेट

### यूट्यूब से हटा सुप्रीम कोर्ट का चैनल

**नयी दिल्ली।** यूट्यूब से सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के चैनल को हटा दिया गया है. इस संबंध में नोटिस जारी कर सुप्रीम कोर्ट ने जानकारी दी है. नोटिस में लिखा है," सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल को हटा दिया गया है. सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर जल्द ही सेवाएं दोबारा शुरू की जाएंगी." खबरों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक हुआ था और इस पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा कॉन्टेंट दिखने लगा था. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के नोटिस में इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि यूट्यूब चैनल हैक हुआ था या नहीं.

### गणपति जुलूस पर पथराव से तनाव

**दावणगेरे।** गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान हुए पथराव के बाद कर्नाटक के दावणगेरे में तनाव बढ़ गया. हालांकि पुलिस ने शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है. बेतुरु रोड पर गुरुवार (19 सितंबर) देर रात हुई पथराव की घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए. पुलिस अधीक्षक (एसपी) उमा प्रशांत स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. कांग्रेस नेता और मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग पुलिस संग मिलकर लोगों से शांति बहाली की अपील कर रहे हैं.

### कांग्रेस ने आप नेतृत्व पर बोला हमला

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा जंतर-मंतर पर जनता दरबार लगाने के ऐलान पर ''आप'' पार्टी नेतृत्व पर हमला बोलते हुए कहा है कि पिछले दस साल में भी राज्य में आपकी सरकार थी, तब यह जनता दरबार क्यों नहीं लगाया गया. आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक मीटिंग है. चुनाव सामने आ रहे हैं, आम आदमी पार्टी की हालत खराब है. इसलिए यह जो बड़े-बड़े शब्द हैं, 'जनता की अदालत' जैसे, उनका प्रयोग कर रहे है.

### एनएसयूआई ने घोषित किए उम्मीदवार

**नयी दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा कर दी. अध्यक्ष पद के लिए रौनक खत्री को अपना उम्मीदवार बनाया है. उपाध्यक्ष पद पर यश नांदल एनएसयूआई के उम्मीदवार हैं. सचिव पद पर नम्रता जेफ मीना को मैदान में उतारा है. वहीं, संयुक्त सचिव के लिए लोकेश चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है. यह सभी उम्मीदवार अपना नामांकन दर्ज कर चुके हैं.

### गुटेरेस ने की आतंकी हमले की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने माली के बामाको में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है. संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया, "महासचिव ने 17 सितंबर को माली के बामाको में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है." अपने बयान में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने माली सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि इस घृणित हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए.

### सोल और वॉशिंगटन करेंगे रक्षा वार्ता

**सोल।** उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल खतरों को देखते हुए दक्षिण कोरिया और अमेरिका अगले सप्ताह नियमित रक्षा वार्ता करेंगे. इस दौरान सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा होगी. योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, 25वीं कोरिया-अमेरिका एकीकृत रक्षा वार्ता सोमवार और मंगलवार को सोल में आयोजित की जाएगी. रक्षा वार्ता में वार्षिक सुरक्षा परामर्श बैठक (एससीएम) से पहले सुरक्षा गठबंधन के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. यह बैठक हर साल शरद ऋतु में आयोजित की जाती है.

### लड़की ने रची अपहरण की साजिश

**नोएडा।** नोएडा में उस समय सनसनी मच गई जब दिनदहाड़े एक लड़की के अपहरण होने की सूचना पुलिस को मिली. उसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में कई टीमों का गठन किया और लड़की के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया, जिसके बाद पुलिस ने लड़की को सकुशल निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है. दरअसल, नोएडा के थाना-113 में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक लड़की के अपहरण करने की सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया.

### ख़ैबर पख़्तूनख़्वा में छह सैनिक मरे

**इस्लामाबाद।** ख़ैबर पख़्तूनख़्वा में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और चरमपंथियों के बीच हुई अलग-अलग मुठभेड़ में सेना के छह सैनिकों और 12 चरमपंथियों की मौत हुई है. पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, अलग-अलग मामलों में सेना की जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान 12 आतंकवादी मारे गए हैं. आतंकवादियों के ख़िलाफ़ ये ऑपरेशन गुप्त सूचना के आधार पर ख़ैबर पख़्तूनख़्वा के उत्तरी और दक्षिणी वज़ीरिस्तान में चलाया गया था.

### नवंबर से दिसंबर में 35 लाख शादियां

**मुंबई।** भारत में इस साल नवंबर से मध्य दिसंबर के बीच 35 लाख से ज्यादा शादियां होने का अनुमान है. इसमें करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. भारत में हर साल करीब एक करोड़ शादियां होती हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सेक्टर भारत में चौथी सबसे बड़ी इंडस्ट्री है. इस साल शादियों में 130 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है और करोड़ों रोजगार के अवसर पैदा होंगे. एक सर्वे के मुताबिक 2024 में 15 जनवरी से लेकर 15 जुलाई तक इंडस्ट्री में 42 लाख से ज्यादा शादियां देखने को मिली.

---

### हिज़्बुल्लाह ने इजराइल पर दागे 1,000 बैरल वाले 140 रॉकेट, जवाब में आईडीएफ ने बेरूत पर की भीषण हवाई बमबारी

# खतरनाक मोड़ पर पहुंचा इजराइल व हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष

**एजेंसी। यरूशलम/दोहा**

हालिया विस्फोटों ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच 11 महीने से चल रहे संघर्ष को एक खतरनाक मोड़ पर ला दिया है. दोनों पक्ष एक दूसरे पर बड़े हमले कर रहे हैं. इनमें इजरायली एयर स्ट्राइक और उत्तरी इजरायल पर हिजबुल्लाह के अटैक शामिल हैं. इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह की ओर से संभावित "जवाबी कार्रवाई" के कारण दर्जनों उत्तरी समुदायों के निवासियों को आश्रय स्थलों के पास रहने और गैर-जरूरी बाहरी गतिविधियों से बचने का निर्देश दिया है. 8 अक्टूबर, 2023 को हमास के इजरायल पर हमले के बाद से ही गाजा पट्टी पर कब्जे की जंग जारी है. हिजबुल्लाह ने हमास के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल के खिलाफ हमले जारी रखे. इजरायल पर रॉकेट दागे गए, जिसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिण-पूर्वी लेबनान में जवाबी कार्रवाई जारी रखी.

बता दें कि मंगलवार और बुधवार को लेबनान में हिजबुल्लाह के सदस्यों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हजारों पेजर और हैंडहेल्ड रेडियो में विस्फोट हुए. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फ़िरास अबियाद ने कहा कि विस्फोटों में कम से कम 37 लोग मारे गए और 2,931 घायल हुए. हालांकि इजरायल ने विस्फोटों की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन हिजबुल्लाह ने घटनाओं के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराते हुए जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है. लेबनानी विदेश मंत्रालय ने विस्फोटों को 'खतरनाक और जानबूझकर की गई इजरायली कार्रवाई' बताया. लेबनान के आंतरिक सुरक्षा बलों ने कहा कि देश के कई हिस्सों में वायरलेस संचार उपकरणों में विस्फोट हुए लेकिन विशेष रूप से बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में धमाके हुए. बता दें यह इलाका हिजबुल्लाह का गढ़ है. तीन सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि जिन पेजरों में विस्फोट हुआ, वे हिजबुल्लाह ने हाल के महीनों में ही मंगाए थे. हिजबुल्लाह ने इन विस्फोटों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है. वहीं इजरायल ने धमाकों की जिम्मेदारी नहीं ली है.

**इजरायल ने नागरिकों से बाहरी गतिविधियों से बचने, आश्रय स्थल के पास रहने को कहा**



#### हिज़्बुल्लाह के 120 रॉकेट लॉन्चर नष्ट

शिन्हुआ के अनुसार, इजराइली क्षेत्र ऊपरी गैलिली और कब्जे वाले गोलान हाइट्स के निवासियों से गुरुवार रात को अपनी गतिविधियां कम करने, सभाओं से बचने, समुदायों के प्रवेश द्वारों पर निगरानी रखने और आश्रय स्थलों के निकट रहने का अनुरोध किया गया है. दर्जनों इजरायली युद्धक विमानों द्वारा लेबनान में सबसे बड़े पैमाने पर हमलों में से एक को अंजाम देने के बाद होम फ्रंट कमांड द्वारा असामान्य प्रतिबंध जारी किए गए थे. दोपहर में शुरू हुए कई घंटों के सघन हमलों के बाद, आधी रात से ठीक पहले इजरायली सेना ने घोषणा की कि ऑपरेशन पूरा हो गया है. सेना ने कहा कि वायु सेना ने "लगभग 1,000 बैरल वाले 120 रॉकेट लॉन्चर" को नष्ट कर दिया है. वह हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को "नष्ट करने के लिए अभियान जारी रखेगी."

#### लेबनान ने उत्तर इजरायल में 50 रॉकेट दागे

लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में हिजबुल्लाह के गढ़ों पर लगभग 60 हवाई हमले किए, तथा जवाब में उत्तरी इजरायल में लगभग 50 कत्यूषा रॉकेट दागे गए. इसराइली सेना ने कहा है कि उसकी वायु सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर टार्गेट्ड स्ट्राइक किए हैं. इससे पहले इसराइल डिफेंस फोर्सेज़ (आईडीएफ) ने कहा है कि लेबनान की तरफ से उत्तरी इसराइल में रॉकेट दागे गए हैं. लेबनान की ओर से उत्तरी इसराइल पर 140 रॉकेट दागे गए हैं. एयर डिफेंस सिस्टम ने 120 रॉकेटों को नष्ट कर दिया है. लगभग 20 रॉकेट मिरोन और नेतुआ पर दागे गए थे जो खुली जगहों पर गिरे हैं. हिज़्बुल्लाह ने कहा है कि उसने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर उत्तरी इसराइल में रॉकेट दागे हैं. इस बीच आईडीएफ ने कहा है, उसने लेबनान में केफ़र किला क्षेत्र में हिज़्बुल्लाह के लड़ाकों को निशाना बनाया है.

---

### प्रधानमंत्री मोदी ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर भी साधा निशाना

# इस कांग्रेस को चला रहे हैं टुकड़े टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के अमरावती पहुंचे. वह वर्धा में पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा प्रहार किया. पीएम मोदी ने कहा कि ये वो कांग्रेस नहीं है, जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे. ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकडे. गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं.

मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है. आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है. आज कांग्रेस के लोगों की भाषा और बोली विदेशी धरती पर जाकर उनके देश विरोधी एजेंडे समाज को तोड़ने, देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना है. आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है, देश का कोई सबसे भ्रष्ट परिवार है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है. इस दौरान उन्होंने एक बार फिर सीजेआई डीवीआई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल होने पर कांग्रेस को जवाब दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस पार्टी में आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती. आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है.



**पीएम मोदी ने डिजिटल पेमेंट के जरिए खरीदी भगवान जगन्नाथ की कलाकृति**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय 'पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम प्रदर्शनी' के दौरान भगवान जगन्नाथ की मूर्ति खरीदी. खास बात यह है कि पीएम मोदी ने डिजिटल पेमेंट के जरिए खरीदारी की. इसका वीडियो भी सामने आया है. दरअसल, पीएम मोदी विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद ''पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम प्रदर्शनी'' में गए. जहां कारीगरों और शिल्पकारों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए. इस दौरान पीएम मोदी ने उनसे बातचीत की और एक शिल्पकार से भगवान जगन्नाथ की कलाकृति खरीदी. उन्होंने क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के जरिए कलाकृति को डिजिटल भुगतान करके खरीदी.

#### पिछली सरकारों ने विश्वकर्मा बंधुओं की चिंता नहीं की

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि हमारे पारंपरिक कौशल में सबसे ज्यादा भागीदारी एससी/एसटी और ओबीसी समाज के लोगों की रही है. अगर पिछली सरकारों ने विश्वकर्मा बंधुओं की चिंता की होती, तो इस समाज की कितनी बड़ी सेवा होती. लेकिन, कांग्रेस और उसके दोस्तों ने एससी/ एसटी/ ओबीसी को जानबूझकर आगे नहीं बढ़ने दिया. हमने सरकारी सिस्टम से कांग्रेस की इस दलित और पिछड़ा विरोधी सोच को खत्म किया है. पिछले एक साल के आंकड़े बताते हैं कि आज विश्वकर्मा योजना का सबसे ज्यादा लाभ एससी/एसटी और ओबीसी समाज उठा रहा है.

**कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ :** महाराष्ट्र की धरती गवाह है कि आजादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपित उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था. गणेश उत्सव में हर एक समाज और हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे. इसलिए कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ है. उन्होंने आगे कहा कि मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस के तुष्टिकरण का भूत जाग उठा. कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी. तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है. कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया. गणपति की जिस मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे. पुलिस वैन में कैद करवा दिया. देश गणपति जी के अपमान को देखकर आक्रोशित है. मैं हैरान हूं कि इस पर कांग्रेस के सहयोगी के मुंह पर भी ताला लग गया है. उन पर भी कांग्रेस की संगत का ऐसा रंग चढ़ा है कि उनमें गणपति के अपमान का विरोध करने की हिम्मत नहीं बची है. हमें एकजुट होकर कांग्रेस के इन पापों का जवाब देना है.

---

# पाकिस्तान से पीएम मोदी की जुगलबंदी का क्या है राज

- प्रधानमंत्री मोदी के 'कांग्रेस-एनसी का वही एजेंडा, जो पाकिस्तान का' वाले बयान पर पवन खेड़ा ने किया पलटवार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कटरा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का एजेंडा वही है, जो पाकिस्तान का एजेंडा है. पाकिस्तान ने कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस की पोल खोल दी है.



पीएम मोदी के इस बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि, पाकिस्तान से पीएम मोदी की क्या जुगलबंदी है? एक उद्योगपति के जरिए पाकिस्तान से रिश्ते बना के चल रहे हैं, ऐसा क्यों? अपने डिप्लोमेट पर, अपने नौकरशाहों पर भरोसा नहीं है? अपने अधिकारियों पर भरोसा नहीं है? ये कौन उद्योगपति है जो आपके साथ अलग से जुगलबंदी बनाकर पाकिस्तान से रिश्ते बनाकर चल रहा है. जिस दिन हमारी सरकार बनेगी, इसकी जांच की जाएगी कि प्रधानमंत्री ने और भारतीय जनता पार्टी ने क्यों पाकिस्तान से इस तरह के अलग से रिश्ते रखें हैं. सरकार से अलग हटकर रिश्ते रखने के क्या मतलब है.

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर उन्होंने कहा कि, यह विवाद ऐसे समय उत्पन्न हुआ, जब लैब टेस्ट की रिपोर्ट सार्वजनिक की गई. करोड़ों श्रद्धालु इस घटना से व्यथित है कि ऐसा कैसे संभव हो सकता है. मेरा मानना है कि इसकी जांच होनी चाहिए और जो दोषी हैं उनको सजा मिलनी चाहिए. इससे हिंदू जनमानस की भावनाएं आहत हुई है, उन्हें इंसाफ मिलना चाहिए. लैंड फॉर जॉब स्कैम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर केस चलाने की अनुमति देने पर पवन खेड़ा ने कहा कि, अगर लालू प्रसाद यादव ने अपने विचारधारा से समझौता कर लिया होता और वॉशिंग मशीन में चले गए होते, तो हो सकता है कि पीएम मोदी उनको देश का राष्ट्रपति बना दिये होते, लेकिन उन्होंने समझौता नहीं किया. इसलिए उनको प्रताड़ित किया जा रहा है और बार बार कठघरे में खड़ा किया जा रहा है.

---

### पीएम मोदी के 'तीन ख़ानदान' वाले बयान पर पीडीपी प्रमुख की प्रतिक्रिया

# शेख साहब के कारण जम्मू कश्मीर बाकी देश से जुड़ा : महबूबा मुफ्ती

**एजेंसी। श्रीनगर**

प्रधानमंत्री मोदी के 'तीन ख़ानदान' वाले बयान पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की प्रतिक्रिया सामने आई है. जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने कहा, "मोदी जी को शुक्रगुज़ार होना चाहिए. खासकर शेख़ खानदान का. शेख साहब के कारण जम्मू कश्मीर बाकी देश से जुड़ा. उमर अब्दुल्लाह जब बीजेपी में मिनिस्टर थे, तब जम्मू कश्मीर में उन्होंने पोटा लागू किया, बीजेपी का एजेंडा यहां फैलाया." उन्होंने कहा, "और जहां तक पीडीपी का, मुफ्ती खानदान का सवाल है, मोदी जी को याद होगा कि कैसे वो लोग महीनों तक हमारे दरवाज़े पर आए, हमारे साथ हर शर्त मंजूर कर सरकार बनाने की बात करते रहे." गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी श्रीनगर में एक चुनावी सभा को संबाधित कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कश्मीर के राजनीतिक ख़ानदानों पर निशाना साधते हुए कहा था कि कश्मीर की बर्बादी के लिए तीन ख़ानदान ज़िम्मेदार हैं.



---

# महिला वकील पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर शीर्ष अदालत ने लिया स्वत : संज्ञान

- हाईकोर्ट से जवाब मांगा, अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को भी मदद करने को कहा

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में एक जज की महिला वकील पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है. सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ ने दो अलग-अलग टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लिया.

इस खंडपीठ में भारत के चीफ़ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, कथित तौर पर कर्नाटक हाईकोर्ट में जस्टिस वेदव्यासाचार स्रीशानंद ने एक मामले की सुनवाई के दौरान महिला वकील पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जबकि एक दूसरे मामले में बेंगलुरू के एक इलाक़े की तुलना पाकिस्तान से की. सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब मांगा है. सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को भी इस मामले में कोर्ट की मदद करने को कहा है. 25 सितंबर को इसमें आगे की सुनवाई होनी है.

**क्या है मामला :** कर्नाटक हाईकोर्ट जस्टिस के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो हो रहे हैं. सामने आए एक वीडियो क्लिप में जज स्रीशानंद बेंगलुरू के एक मुस्लिम बहुल इलाक़े को 'पाकिस्तान' कहकर संबोधित कर रहे हैं, जबकि दूसरी वायरल क्लिप में जस्टिस स्रीशानंद एक महिला वकील को कहते हैं, 'आप विपक्षी पार्टी के बारे में काफी ज़्यादा जानती हैं.' इसके आगे वो उक्त आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं. वकील इंदिरा जयसिंह ने एक्स पर ट्वीट कर मांग की थी कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए.

---

### अमेरिका में घायल हुए युवक के परिवार से की मुलाकात, परिवार वालों को ढांढस बंधाया

# राहुल गांधी सुबह-सुबह पहुंचे करनाल

**एजेंसी। करनाल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार सुबह हरियाणा के करनाल जिले स्थित घोघड़ीपुर गांव पहुंचे. यहां उन्होंने अमेरिका में घायल हुए युवक के परिजनों से मुलाकात की.

दरअसल, घोघड़ीपुर गांव का रहने वाला अमित अमेरिका में रहता है और वहां हुए एक हादसे में वो घायल हो गया था. अपने अमेरिका दौरे के दौरान राहुल गांधी उस लड़के से मुलाकात भी की थी और वादा किया था कि वो उनके घर वालों से जरूर मिलेंगे. अमित अमेरिका में ट्रक ड्राइवर है और फिलहाल वह वहां अस्पताल में भर्ती है. मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने परिवार वालों को ढांढस बंधाया. राहुल गांधी ने अमित की मां बीरमती और पिता बीर सिंह से मुलाकात की. इस दौरान राहुल गांधी ने अमित से वीडियो कॉल कर बात भी की और उनके स्वास्थ्य का हाल चाल जाना. साथ ही अमित के परिवार के साथ राहुल गांधी ने एक घंटे से ज्यादा का वक्त गुजारा. दिलचस्प बात यह है कि अमित के परिवार ने राहुल गांधी को देसी घी और चूरमा पैक करके दिया.



**राहुल गांधी के अचानक दौरे से पुलिस प्रशासन में खलबली मची :** राहुल गांधी के अचानक दौरे से पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई. वहीं कांग्रेस के स्थानीय नेता राहुल गांधी के दौरे के लेकर बेखबर थे. जानकारी मिलने के बाद स्थानीय नेता राहुल गांधी से मुलाकात करने पंहुचे लेकिन तब तक राहुल गांधी का काफिला निकल चुका था. दरअसल हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का चुनावी अभियान बड़े पैमाने पर जारी है.


---

### इंटरव्यू क्षेत्र में बढ़ रहे नाटो के सैन्य अभ्यास से नाराज मॉस्को ने दिया बड़ा बयान

# रूस आर्कटिक हितों की रक्षा के लिए तैयार : लावरोव

**एजेंसी। मॉस्को**

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस आर्कटिक क्षेत्र में अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार है. बता दें नाटो इस क्षेत्र में अपना सैन्य अभ्यास बढ़ा रहा है. शिन्हुआ के अनुसार, लावरोव ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'सोवियत ब्रेकथ्रू' को दिए इंटरव्यू में कहा, 'हम देख रहे हैं कि कैसे नाटो आर्कटिक में संभावित संकटों से संबंधित अभ्यासों को बढ़ा रहा है. हमारा देश सैन्य, राजनीतिक और मिलिट्री-टेक्निकल मोर्चों पर अपने हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है.' अमेरिकी रक्षा विभाग ने जुलाई में अपनी आर्कटिक रणनीति का एक



अपडेटेड वर्जन जारी किया था. इसमें अमेरिकी सहयोगियों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास की योजनाओं की रूपरेखा शामिल थी. रणनीति में भागीदारों, स्थानीय उद्योगों और अलास्का की मूल जनजातियों के साथ मिलकर काम करने के इरादे पर भी प्रकाश डाला गया था ताकि क्षेत्र में 'साझा सुरक्षा बढ़ाई जा सके.'

रक्षा मंत्रालय पेंटागन की रणनीति के मुताबिक, अमेरिका और उसके सहयोगी 250 से अधिक आधुनिक मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट लाने की योजना बना रहे हैं, जिन्हें 2030 तक आर्कटिक ऑपरेशन के लिए तैनात किया जा सके. इस महीने की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी और मैरीटाइम कॉलेजियम के अध्यक्ष निकोलाई पेत्रुशेव ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी रूस की सीमाओं पर दबाव बढ़ा रहे हैं और लगातार उसकी रक्षा क्षमताओं का परीक्षण कर रहे हैं. पेत्रुशेव ने अमेरिका पर आर्कटिक में सैन्यीकरण करने का आरोप लगाया, ताकि उत्तरी क्षेत्रों में रूसी आर्थिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न की जा सके.

#### रूस के रिश्ते अमेरिका और यूरोप के साथ बेहद तनावपूर्ण

बता दें रूस यूक्रेन संघर्ष के बाद रूस के रिश्ते अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों के साथ बेहद तनावपूर्ण रहे हैं. हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों से कृषि उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया. रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रतिबंध 1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक चलेगा. यह पहली बार है जब इसे एक वर्ष से अधिक समय के लिए बढ़ाया गया है. रूस-यूक्रेन संघर्ष पर पश्चिमी प्रतिबंधों के जवाब में अगस्त 2014 में मूल रूप से लागू किया गया यह प्रतिबंध अमेरिका, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे और कनाडा के उत्पादों को प्रभावित करता है. बाद में प्रतिबंधों को यूक्रेन सहित अन्य यूरोपीय देशों तक बढ़ा दिया गया.

---

# शंघाई में 'पुलासन' की वजह से भारी बारिश

- एक लाख से अधिक लोगों को निकाला गया सुरक्षित

**एजेंसी। शंघाई**

चीन के वित्तीय केंद्र शंघाई में तूफान पुलासन के कारण रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई. शुक्रवार तक करीब 1,12,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया. शिन्हुआ के अनुसार, म्युनिसिपल फ्लड कंट्रोल ऑफिस के अनुसार, 649 जहाजों को या तो खाली करा लिया गया या वे बंदरगाह की तरफ लौट गए. 54 रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं और 26 नौकाओं का परिचालन रोक दिया गया.

शुक्रवार को सुबह 9 बजे तक शहर की औसत वर्षा 73.28 मिमी तक पहुंच गई. 614 मौसम केंद्रों में से 151 ने भारी या अत्यधिक वर्षा दर्ज की. फेंगशियान जिले में यांगजियाझाई मौसम विज्ञान केंद्र और पुडोंग जिले में निचेंग पार्क मौसम विज्ञान केंद्र ने छह घंटे के भीतर रिकॉर्ड 300 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की.



वर्ष का 14वां तूफान पुलासन, शंघाई के फेंगक्सियन में गुरुवार रात लगभग 9.45 बजे दूसरी बार आया. इससे पहले पुलासन उसी दिन शाम लगभग 6:50 बजे चीन के झेजियांग प्रांत में पहुंचा. गुरुवार को ही पुलासन ने जापान को भी अपनी चपेट में ले लिया. इसकी वजह से ओकिनावा द्वीप पर भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई. मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पूर्वी चीन से टकराने के बाद, यह तूफान दक्षिण कोरिया के दक्षिणी तट से होते हुआ जापान की ओर वापस लौट सकता है. इस बात की भी संभावना है कि यह तूफान चीन में ही खत्म हो जाए. इससे पहले सोमवार को सुबह 7.30 बजे इस वर्ष का 13वां तूफान बेबिंका सोमवार को सुबह लगभग 7:30 बजे शंघाई पहुंचा था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)